
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-31 ❒ शनिवार, 28 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

उत्तर प्रदेश में सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती ( यथासंशोधित) नियमावली 1974 प्रवर्तन में है। इस नियमावली का मूल उद्देश्य सरकारी सेवक की आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उसके परिवार पर आयी आपदा/तात्कालिक आर्थिक संकट से उबारना है।

मुख्य सचिव एसपी गोयल


बौद्ध धर्म एक जीवन पद्धति हैः किरेन रिजिजू 11

कला और परंपरा का भव्य संगमः मंडी हाउस में सजेगा 'दिल्ली कला उत्सव' 12


### अफगानों का कई पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर सैनिकों को मारने का दावा

# काबुल सहित कई जगहों पर पाकिस्तान के हवाई हमले

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दशकों से चला आ रहा सीमा विवाद शुक्रवार को बड़े सैन्य संघर्ष में बदल गया है।पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के खिलाफ खुले युद्ध की घोषणा करते हुए काबुल और कंधार पर बमबारी की है।इससे पहले अफगानिस्तान ने पलटवार करते हुए सीमा पर हमले तेज कर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। दोनों तरफ से बमबारी हो रही है। पाकिस्तान की तरफ से पिछले सप्ताह किए गए हवाई हमलों का जवाब देते हुए अफगानिस्तान ने गुरुवार देर रात जवाबी कार्रवाई कर दावा किया कि उसने डूरंड लाइन पर करीब 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और पाकिस्तान की कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के खिलाफ 'ऑपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू कर शुक्रवार तड़के काबुल, कंधार और पक्तिया में तालिबान के रक्षा ठिकानों पर बमबारी की। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान तालिबान के खिलाफ खुले युद्ध की घोषणा करते हुए कहा कि अब पाकिस्तान का धैर्य जवाब दे गया है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पोस्ट में कहा, 'कायर पाकिस्तानी सेना ने



❒ एयरस्ट्राइक के बाद अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ा, चौकियों पर कब्जे का दावा

❒ 22 फरवरी की एयरस्ट्राइक से बढ़ा विवाद, हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है

काबुल, कंधार और पक्तिया के कुछ इलाकों में हवाई हमले किए हैं लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।'

अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने पाकिस्तान के हमले की निंदा की है।उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, 'पाकिस्तानी विमानों ने एक बार फिर काबुल, कंधार और पक्तिया पर बमबारी की। अफगानिस्तानी लोग हर हाल में पूरी एकता के साथ अपनी प्यारी मातृभूमि की रक्षा करेंगे और आक्रामकता का साहस से जवाब देंगे। पाकिस्तान हिंसा और बमबारी से खुद को मुक्त नहीं कर सकता- ये समस्याएं उसने खुद पैदा की हैं लेकिन उसे अपनी नीति बदलनी होगी और अफगानिस्तान के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध, सम्मान और सभ्य संबंधों का मार्ग चुनना होगा।' अफगानिस्तान का पलटवार टोलो न्यूज ने अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के बयान के हवाले से बताया है कि सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत के आदेश पर डूरंड रेखा के पास पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर अफगान बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई गुरुवार रात 12:00 बजे समाप्त हो गई। इस अभियान में पाकिस्तानी सेना के 55 सैनिक मारे गए। अफगान बलों ने कुछ शव और सैकड़ों हल्के और भारी हथियार भी जब्त किए और कई सैनिकों को जिंदा पकड़ा।

बयान में आगे कहा गया कि अभियान के दौरान, अफगान बलों ने पाकिस्तान के 19 चेक पोस्ट पर कब्जा कर लिया। इस अभियान में 8 अफगान सैनिकों की मौत हुई और 11 अन्य घायल हुए। जबकि तोरखम में शरणार्थियों के लिए बने अस्थायी शिविर पर पाकिस्तान के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग घायल हुए। मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान पाकिस्तान द्वारा हाल ही में अफगान क्षेत्र पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में चलाया गया था। पिछले सप्ताह पाकिस्तान की एयर स्ट्राइकपिछले सप्ताह पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई इलाकों पर एयर स्ट्राइक किए जिसमें अफगानिस्तान शासन के मुताबिक महिलाओं और बच्चों समेत ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

# राष्ट्रीय बजट अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज नहीं, नीतिगत रोडमैप

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बजट का आकलन उसके प्रत्यक्ष लाभ या प्रभाव से नहीं बल्कि इसमें निहित नीतिगत प्रयासों से होना चाहिए। असल में राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज़ नहीं होता है। यह एक नीतिगत रोडमैप होता है। ऐसे में बजट की प्रभावशीलता का आंकलन ठोस पैरामीटर्स पर किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग से बजट बाद वेबिनार- विकसित भारत के



लिए टेक्नोलॉजी, सुधार और फाइनेंसङ्क को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट को ढांचागत सुविधाओं के विस्तार, धन प्रवाह, जीवन जीने में आसानी, पारदर्शिता के साथ ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी 28 फरवरी-1 मार्च तक गुजरात राजस्थान और तमिलनाडु का करेंगे दौरा

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी और 1 मार्च को देश के तीन महत्वपूर्ण राज्यों गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु तथा केन्द्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और ● शेष पेज 11 पर

### मृतक आश्रितों के सेवायोजन

# प्रकरणों का निस्तारण तीन माह करें अधिकारी : मुख्य सचिव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने विभागाध्यक्षों और प्रमुख सचिवों को निर्देशित किया है कि सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों के सेवायोजन के मामलों का निस्तारण विलंबतम तीन माह में सुनिश्चित किया जाय। । उनकी ओर से शासन के सभी अधिकारियों को इस आशय का पत्र भी भेजा गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से भेजे गये इस पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती ( यथासंशोधित) नियमावली 1974 प्रवर्तन



में है। इस नियमावली का मूल उद्देश्य सरकारी सेवक की आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उसके परिवार पर आयी आपदा/तात्कालिक आर्थिक संकट से उबारना है। ● शेष पेज 11 पर

### बसपा विधायक उमाशंकर सिंह व उनके करीबियों पर तीसरे दिन भी आयकर विभाग के छापे

बलिया । रसड़ा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों व उनके सहयोगियों के यहां बलिया में तीसरे दिन शुक्रवार को भी आईटी टीम की छापेमारी जारी रही। बलिया में लगातार तीसरे दिन आईटी की छापेमारी से कई कयासों को बल मिल रहे हैं। लोग उनके ठिकानों पर भारी मात्रा में नगदी मिलने की चर्चा कर रहे हैं। हालांकि छापा डाल रही आयकर टीम की तरफ अभी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग ने उमाशंकर सिंह के खिलाफ अब अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। आईटी ने अपनी जांच को अब केवल वित्तीय लेन-देन और उत्तर प्रदेश में ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए पुनः बढ़ा दिया गया है। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत होने के बाद अवनीश कुमार अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार नियुक्त किया गया था। कार्यकाल पूरा होने के बाद अब सरकार ने पुनः उनका एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ाया है। यह अवधि एक मार्च 2026 से लेकर 28 फरवरी 2027 तक की है। अब तक कई बार उनका कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 1987 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी 31 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे।

### उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

प्रयागराज। उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है।

### तेज भूकंप से फिर कंपा पूरा बंगाल, कोलकाता समेत कई जिलों में दहशत

कोलकाता। शुक्रवार दोपहर एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से समूचा बंगाल दहल उठा। दोपहर करीब 1:20 बजे कोलकाता और आसपास के जिलों में जोरदार झटके महसूस किए गए। अचानक आए भूकंप से दहशत फैल गई और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। लोगों का कहना है कि इस तरह का तीव्र कंपन उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं किया था।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में शुक्रवार सुबह 4.36 बजे निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे और लिवर कैंसर से पीड़ित थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया के मुताबिक पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए चेन्नई से रिंकू सिंह टीम कैंप छोड़कर घर लौट गए हैं। देवजीत सैकिया ने रिंकू सिंह के पिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड इस कठिन समय में रिंकू और उनके परिवार के साथ खड़ा है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा कि क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं रिंकू सिंह और उनके समस्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल

### खेल जगत में शोक की लहर



परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने लिखा कि यह खबर दिल तोड़ने वाली है और ऐसे समय में शब्द पर्याप्त नहीं होते, लेकिन पूरा क्रिकेट समुदाय रिंकू और उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि यह रिंकू और उनके परिवार के लिए बेहद कठिन समय है और उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व परिवार को साहस देने की प्रार्थना की। पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने अपने संदेश में कहा, ङ्करिंकू, आपके पिता के निधन की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। उन्होंने कई त्याग कर एक मजबूत और बेहतरीन बेटे का पालन-पोषण ● शेष पेज 11 पर

### केंद्र ने ग्रामीण शासन को बढ़ावा देने को झारखंड के लिए जारी किए 275 करोड़

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को झारखंड की ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत राज्य की पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए 275.1253 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अप्रतिबंधित अनुदान की दूसरी किस्त है। इससे राज्य की सभी पात्र 24 जिला पंचायतों, 253 ब्लॉक पंचायतों और 4,342 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यह अनुदान मुख्य रूप से दो श्रेणियों- अप्रतिबंधित अनुदान और बद्ध अनुदान में विभाजित होता है जिनका उपयोग विशिष्ट विकास कार्यों के लिए किया जाना अनिवार्य है। इनकी अनुशंसा पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय द्वारा की जाती है, जिसे वित्त मंत्रालय की ओर से अनुमोदित और जारी किया जाता है। केंद्र की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वशासन को बढ़ावा ● शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रपति ने जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में भरी उड़ान

### उड़ान के दौरान 'वायु शक्ति' अभ्यास क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया

एजेंसी

जैसलमेर। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार सुबह जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना में शामिल किये गए एलसीएच 'प्रचंड' से पाकिस्तान और चीन के खिलाफ भारतीय वायु सेना और मजबूत हुई है। इससे पहले राष्ट्रपति लड़ाकू विमान राफ़ेल और सुखोई में उड़ान भर चुकी हैं। मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' की जोधपुर में पहली 'धनुष' स्क्वाड्रन बनाई गई है। भारतीय सेनाओं की भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विशेष तौर पर तैयार किये गए यह हेलीकॉप्टर दुर्गम स्थानों और सघन पर्वतीय क्षेत्रों में भी कारगर हैं। इसे कई तरह के बड़े बम, बंदूकों और मिसाइलों से लैस किया जा



❒ भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया

सकता है। हवा में उड़ान भरते वक्त और दुश्मन को चकमा देते वक्त भी अपाचे हेलीकॉप्टर पहाड़ियों और घाटियों में छिपे दुश्मन पर सटीक निशाना लगा सकता है। अचूक निशाने की वजह से हेलीकॉप्टर के गोला-बारूद बर्बाद नहीं होते हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में निर्मित प्रचंड पूरी तरह भारत में बनाया गया लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) है। इसे खासतौर पर ऊंचे पहाड़ों लद्दाख, सियाचिन जैसे इलाकों के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के शक्तिशाली फायरपावर 'वायु शक्ति' अभ्यास देखने के लिए आईं थीं। इसी दौरान उन्होंने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी। यह पहली बार है जब किसी राष्ट्रपति ने एलसीएच 'प्रचंड' में उड़ान भरी है। उन्होंने उड़ान के दौरान 'वायु शक्ति' अभ्यास क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया। शाम को राष्ट्रपति पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े फायरपावर ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली की अदालत ने आबकारी घोटाले में केजरीवाल सिसोदिया समेत 21 अन्य आरोपियों को बरी किया

### दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली कोर्ट के फैसले के बाद तृणमूल का भाजपा पर हमला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत देते हुए यहां की एक अदालत ने दोनों नेताओं को कथित शराब नीति घोटाला मामले में शुक्रवार को बरी कर दिया और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इसके अलावा इस मामले में 21 अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया गया। सीबीआई आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने जांच में हुई चूक के लिए संघीय जांच एजेंसी को फटकार लगाते हुए कहा कि केजरीवाल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं थे, जबकि सिसोदिया के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं



❒ दिल्ली शराब नीति मामले में के. कविता बरी, बोलीं-'सत्यमेव जयते', सच की हुई जीत

बनता था। उन्होंने 'कुछ भ्रामक कथनों पर जोर दिया और कहा कि विस्तृत आरोपपत्र में कई कमियां हैं जिनकी पुष्टि सबूतों या गवाहों से नहीं होती है। न्यायाधीश सिंह ने कहा आरोपपत्र में आंतरिक विरोधाभास हैं, जो साजिश की थ्योरी की जड़ पर प्रहार करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सबूत के अभाव में केजरीवाल के खिलाफ लगाए गए आरोप टिक नहीं सकते और पूर्व मुख्यमंत्री को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि यह कानून के शासन के प्रतिकूल था। सिसोदिया के संबंध में न्यायाधीश ने कहा कि रिकॉर्ड में ● शेष पेज 11 पर

### ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करके फर्जी शराब घोटाला बनाया गया : केजरीवाल

नई दिल्ली । दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से आबकारी नीति मामले में बरी होने के बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई का गलत इस्तेमाल करके एक फर्जी शराब घोटाला बनाया गया। आज कोर्ट को यह फैसला करना था कि इस मामले में मुकदमा चलाया जाए या नहीं। कोर्ट ने अपने फैसले में कह दिया है कि यह इतना फर्जी है कि ● शेष पेज 11 पर

### सबूतों के अभाव में बरी हुए केजरीवाल : भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले के सीबीआई से संबंधित मामले में बरी किए जाने पर कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह एक तकनीकी मामला है और इसमें सैकड़ों मोबाइल फोन और सिम कार्ड नष्ट किए गए। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सबूतों के अभाव में अदालत से बरी हुए हैं। सभी लोग जानते हैं कि सबूतों को नष्ट करने के लिए 173 मोबाइलों को नष्ट किया गया। ● शेष पेज 11 पर

### पुखराज हत्याकांड : उम्र कैद की सजा सुनते ही हत्यारोपितों ने भरी

# अदालत में दी जज को जान से मारने की धमकी

एजेंसी

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में कार से कुचलकर पुखराज सिंह की हत्या करने के दोषियों को जज द्वारा उम्रकैद की सजा सुनाई गई। इसके बाद आरोपित जयदीप और पिंटू चौहान ने सजा सुनाने वाले जज को भरी अदालत में ही जान से मारने की धमकी दे डाली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। न्यायालय द्वारा जिस मामले में आरोपितों को सजा सुनाई गई और बिजनौर जिले का चर्चित प्रकरण रहा है। दरअसल यह मामला 19 मई 2024 का है। मृतक की बेटी रेनू द्वारा धामपुर थाने में दर्द कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि उसके पिता पुखराज सिंह पुत्र भोपाल सिंह निवासी गांव मथुरा दुर्गा थाना धामपुर अपने खेत में काम करते हुए जयदेव चौहान निवासी शिवाला कंला तथा गांव शेरगढ़ निवासी पिंटू चौहान द्वारा कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी ॰ इस



मामले में मृतक पुखराज की बड़ी बेटी अंजलि की आरोपित जयदीप के बड़े भाई प्रदीप के साथ 2013 में शादी हुई थी जिसे ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे इसी के चलते उसने अपनी ससुराल वालों के खिलाफ 17 मुकदमे दर्ज कर रखे थे इसमें पति व ससुर को भी कोर्ट से सजा हुई थी इन मुकदमों की पैरवी पिता पुखराज करते थे, जिसके कारण उसके पिता पुखराज की हत्या कर दी गई ॰ इसी हत्या प्रकरण की सुनवाई करते हुए एडीजे निजेंद्र कुमार ने आरोपित जयदीप ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय में हिंदी कार्यशाला आयोजित

❒ कार्यशाला में राजभाषा हिंदी से जुड़े विभिन्न तकनीकी टूल्स और एप के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान कार्यालय में राजभाषा के उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार हेतु कर्मचारियों को दक्ष बनाने के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सरकार की राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के प्रारूप, संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली तथा आवधिक राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भरते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही राजभाषा हिंदी से जुड़े विभिन्न तकनीकी टूल्स और एप के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी जे.सी.एस. बोरा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी कार्यशालाएं न केवल राजभाषा नीति और निर्देशों की जानकारी देती हैं, बल्कि उनके प्रभावी अनुपालन के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण भी सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी में कार्य निष्पादन संवैधानिक एवं कानूनी दायित्व है। 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के कर्मचारियों को हिंदी में प्रवीणता रखते हुए लक्ष्यपूर्ति के लिए सदैव सजग रहना चाहिए।श्री बोरा ने संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली तथा गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रगति रिपोर्टों को सही एवं तर्कसंगत ढंग से भरने पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज, पत्राचार और नोटिंग आदि में नियमानुसार हिंदी अथवा हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप का प्रयोग किया जाए। कंप्यूटर पर कार्य करते समय यूनिकोड फॉन्ट के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया।कार्यशाला में सहायक निदेशक (राजभाषा), आयकर विभाग, प्रयागराज मकरध्वज मौर्य, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रकाश चंद्र मिश्र तथा वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यशाला में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के कर्मचारी, मंडलों एवं कारखानों के अनुवादकों ने सहभागिता की। संचालन श्री यथार्थ पाण्डेय ने किया।

# कोरांव तहसील में अनिश्चितकालीन धरना पांचवे दिन जारी

❒ सैकड़ों की संख्या में धरना में शामिल है महिला पुरुष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। कोरांव तहसील में धरना प्रदर्शन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। धरने पर बैठे लोगों का आरोप है कि एसडीएम वार्ता करने नहीं आए और न ही तहसील में दिखे। इंस्पेक्टर कोरांव राकेश कुमार वर्मा और तहसीलदार ने वार्ता की, लेकिन धरना समाप्त नहीं हुआ।

धरने पर बैठे लोगों की मांग है कि भूदान की कुर्क शुदा भूमि पर गैर कानूनी ढंग से बुआई की गई फसल को नष्ट किया जाए या जब्त किया जाए। उनका आरोप है कि रोक के बावजूद भी फसल की सिंचाई और कीटनाशक दवाई की जा रही है। धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि पहले दिन तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल आए अगले दिन मौके पर जाने को कहे लेकिन मौके पर गए नहीं फिर दूसरे दिन इंस्पेक्टर कोरांव राकेश कुमार वर्मा तहसीलदार नायब तहसीलदार राम मूरत पहुंचे वार्ता करके विवादित भूदान की भूमि बरनपुर गांव इंस्पेक्टर व नायब तहसीलदार पहुंचे वापस जब लौटकर आए तो पुनः वार्ता किए कहे कि आश्वासन दिए कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी धरना समाप्त करे लेकिन त्वरित कार्यवाही की माग पर अड़े रहे धरना पांचवा दिन भी जारी है धरने में शामिल लोगों में राहुल सिंह, कृष्ण सिंह, मोहम्मद बरसात खान, भगौती प्रसाद, मधु आदिवासी, निर्मला आदिवासी, रेखा आदिवासी, दूध नाथ, लाल जी, झुन्नी लाल, माधो प्रसाद और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं। बिल्कुल, उच्च अधिकारियों को हस्तक्षेप करना चाहिए। इस मामले में डीएम या एसडीएम को खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए और धरने पर बैठे लोगों से बात करनी चाहिए। जिससे धरना समाप्त हो सके और धरने पर बैठे महिला पुरुष अपने घर वापस लौटे।

## 8 मार्च को महिला विशेष वृहद रोजगार मेला, 3000 पदों पर होगा चयन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज परिसर में 8 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से मिशन शक्ति के अंतर्गत केवल महिलाओं के लिए वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां करीब 3000 रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया संचालित करेंगी।हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा व बीटेक उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की अभ्यर्थी इस मेले में भाग ले सकेंगी। इच्छुक उम्मीदवारों को रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। प्रतिभागियों को अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र, अंकपत्र एवं जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति साथ लानी होगी।रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी रोजगार संगम पोर्टल पर उपलब्ध है। मेले में प्रतिभाग करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।यह जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन प्रयागराज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

## होली रमजान त्यौहार को लेकर चौकी में पीस कमेटी की बैठक

**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव थाना अंतर्गत बडोखर चौकी इंचार्ज प्रहलाद कुमार पाल और उपनिरीक्षक अरविंद कुमार ने रमजान, होली और होलिका दहन के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पिस कमेटी की बैठक की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान और सम्मानित लोगों से फीडबैक लिया गया और शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी जुटाई गई।प्रभारी निरीक्षक कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने भी बडोखर क्षेत्र का भ्रमण कर शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। दोनों समुदाय के लोग बैठक में मौजूद थे। इस तरह की बैठकें शांति व्यवस्था बनाए रखने में मददगार होती है।

## मनकामेश्वर मंदिर घटना पर निष्पक्ष जांच की मांग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के मनकामेश्वर मंदिर परिसर में हुई मारपीट की घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक स्थल आस्था, शांति और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक होते हैं, ऐसे स्थानों पर किसी भी प्रकार की हिंसक घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह किसी भी वर्ग या पेशे से जुड़ा हो। प्रशासन से मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की गई है।

## युवक के अपहरण व मारपीट का आरोप, जांच जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर क्षेत्र के थरवई इलाके में एक युवक के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र निवासी फैजान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। शिकायत के अनुसार, उनके रिश्तेदार को कार सवार युवकों ने रास्ते में रोककर जबरन वाहन में बैठाया और एक स्थान पर ले जाकर मारपीट की तथा लूटपाट का आरोप लगाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। दोनों पक्षों को शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नैनी में विवाहिता की आत्महत्या, कारणों की जांच

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नैनी थाना क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ले में 27 वर्षीय विवाहिता ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र कमरे में मौजूद था। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन ऊपर पहुंचे और घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है और पारिवारिक व अन्य संभावित कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## विद्यालय में फायरिंग, युवक की मौत; जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घूरपुर थाना क्षेत्र स्थित एक विद्यालय परिसर में फायरिंग की घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक का शव एक कमरे में मिला, उसके सिर में गोली लगी थी और पास में पिस्टल बरामद हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक तौर पर हत्या और आत्महत्या दोनों संभावनाओं पर जांच की जा रही है। परिजनों और विद्यालय से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फोरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## करछना में युवक की आत्महत्या, परिजनों ने लगाए आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना थाना क्षेत्र के लहबरा गांव में 28 वर्षीय युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, वह हाल में हुई छिनैती की घटना से मानसिक रूप से परेशान था और इस संबंध में थाने में शिकायत भी की थी। उनका आरोप है कि कार्रवाई न होने से वह आहत था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की हर पहलू से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

## करेली में अपहरण की अफवाह, पुलिस ने किया खंडन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करेली थाना क्षेत्र के 16 मार्केट इलाके में कार सवार लोगों पर अपहरण का शोर मचने से अफरा-तफरी फैल गई। स्थानीय लोगों ने वाहन रोक लिया और तोड़फोड़ की सूचना है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो मामला सड़क दुर्घटना और आपसी विवाद का निकला। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपहरण जैसी कोई घटना नहीं हुई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बिना पुष्टि के अफवाहों पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## होली से पहले अवैध शराब के खिलाफ अभियान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व के मद्देनजर घूरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस, आबकारी विभाग और जल पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। विभिन्न गांवों में छापेमारी कर लगभग 70 क्विंटल लहन और महुआ नष्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# कोरांव के संसारपुर में मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

❒ डाबर इंडिया एवं संजीवनी ट्रस्ट के तत्वाधान में संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव , प्रयागराज। शुक्रवार को क्षेत्र के जगदेव प्रसाद स्मारक महाविद्यालय संसारपुर में डाबर इंडिया लिमिटेड एवं संजीवनी ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से सैकड़ो किसान महिलाओ एवं युवाओं को मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ हिमांशु ढपोला उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण कुमार मिश्र प्रख्यात मौन पालन प्रशिक्षक रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल पटेल अवकाश प्राप्त प्रशिक्षक उद्यान विभाग प्रयागराज ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर हिमांशु ढपोला कहां की मौन पालन से किसानों की आय में वृद्धि होगी महिलाओं एवं युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन बहुत अच्छा व्यवसाय है अरुण कुमार मिश्र ने मौन पालन में तकनीकी एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया हीरालाल पटेल ने सभी महिला किसानों को एवं युवाओं को मधुमक्खी पालन हेतु विस्तार रूप से जानकारी दी संजीवनी ट्रस्ट के सचिव उदित नारायण शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं एवं युवाओं को घर बैठे बहुत अच्छा व्यवसाय है और सभी को व्यवसाय करने को प्रेरित किया। संजीवनी ट्रस्ट के संयोजक सुरेश तिवारी ने बताया कि डाबर इंडिया एवं संजीवनी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 200 किसान महिलाएं एवं युवाओं को मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण कराया जाएगा कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ पांडेय ने किया कार्यक्रम के अन्त में अरुण द्विवेदी ने आए हुए सभी अतिथियों एवं किसान महिलाओ एवं युवाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज कुमारी कंचन निर्मला शिवा सिंह खुशी द्विवेदी समेत सैकड़ो की संख्या में किसान महिलाएं एवं युवाओं की मौजूदगी रही।

# सीडीओ की अध्यक्षता में गवर्निंग बॉडी की बैठक सम्पन्न

❒ बैठक में जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने समिति के सदस्यों को योजना के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता की अध्यक्षता मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत (राज्य सेक्टर), एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्राप मोर क्राप (माइक्रोइरीगेशन) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की गवर्निंग बॉडी की बैठक में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने समिति के सदस्यों को योजना के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए वर्ष 2025-26 में प्राप्त कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया कि जनपद में औद्यानिक फसलों के क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम हेतु फल, पुष्प, मसाला, शाक भाजी, औषधीय, जैविक, फ़ेन्सिंग, मौन पालन आदि हेतु मुख्यमंत्री औद्यानिक विकास योजना एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अन्तर्गत कुल भौतिक लक्ष्य 1026 हे0, उक्त के साथ ही कृषकों के प्रक्षेत्र पर ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई संयंत्र स्थापित कराये जाने हेतु पर ड्राप मोर क्रॉप-माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत 1850 हे0 एवं नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाई/पूर्व में स्थापित इकाईयों के उच्चीकरण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना 1421 इकाई के प्राप्त लक्ष्यों पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। विगत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा कराये गये कार्यों की पुष्टि करते हुए अवगत कराया गया कि वर्ष 2024-25 में कुल 3145 कृषकों को लाभान्वित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने जन चौपाल आदि के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को उद्योग स्थापित कराकर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, सहित सम्बन्धित अधिकारी, प्रगतिशील कृषक एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहें।

# घोसी चीनी मिल को आधुनिक बनाने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखेगें नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने मऊ जनपद की घोसी चीनी मिल को आधुनिक बनाते हुए उसके नवीनीकरण एवं समग्र विकास के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विस्तृत पत्र लिखकर महत्वपूर्ण पहल की है।

मंत्री श्री शर्मा ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि घोसी चीनी मिल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और हजारों गन्ना किसानों की आजीविका इससे जुड़ी है, इसलिए मिल को कमजोर करने या बंद करने का कोई भी प्रयास जनहित के विरुद्ध होगा। मंत्री श्री शर्मा इसके इसके पूर्व गन्ना विकास मंत्री को भी इस संबंध में पत्र लिख चुके हैं। अनेक जनप्रतिनिधियों/बुद्धजीवियों द्वारा यह बताया गया है कि चलती हुई घोसी चीनी मिल को डिस्टर्ब करने का षड्यंत विपक्षी पार्टी के एक नेता द्वारा रचा गया। इस कथित षड्यंत्र में कुछ अन्य पार्टियों के नेता भी शामिल रहे। ये लोग मिलकर किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर कर अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करना चाहते थे।आरोप यह भी लगाए गए हैं कि एक राजनीतिक व्यक्ति के रिश्तेदार कर्मचारी की मिलीभगत से मिल के जीएम ने भी पैसे लेकर मिल की कार्यप्रणाली को प्रभावित करने का प्रयास किया, जिससे मिल की स्थिति कमजोर हो। जनप्रतिनिधियों ने यह मांग की है कि यदि किसी अधिकारी या व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों के हितों से कोई खिलवाड़ न कर सके। मंत्री श्री ए के शर्मा ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि आगामी पेराई सत्र से पहले मिल की मशीनों, उपकरणों एवं तकनीकी ढांचे का व्यापक नवीनीकरण कराया जाए। आधुनिक मशीनरी, पारदर्शी प्रबंधन प्रणाली और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से मिल को सक्षम एवं लाभकारी बनाया जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि मिल में जिम्मेदार और ईमानदार अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए तथा गन्ना विकास विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएं।

# प्रयागराज में होली से पहले खाद्य पदार्थों पर सख्त कार्रवाई

❒ 15 हजार किलो से अधिक राइस ब्रान ऑयल सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। होली पर्व के मद्देनज़र मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद में विशेष अभियान चलाया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के निर्देश पर 19 से 28 फरवरी तक चल रहे अभियान के तहत शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जांच की गई।संयुक्त आयुक्त (खाद्य) के आदेश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-ꔀ सुशील कुमार सिंह के निर्देशन में टीम ने विभिन्न टोल नाकों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य पदार्थों से लदे टैंकरों और ट्रकों की जांच की गई तथा राइस ब्रान ऑयल का नमूना संग्रह कर विश्लेषण हेतु भेजा गया। करीब 15,068 किलोग्राम राइस ब्रान ऑयल (अनुमानित मूल्य ?18,11,927) को मौके पर ही नियमानुसार सीज किया गया।इसके अलावा 20 किलोग्राम खोया (अनुमानित मूल्य ?4,400) प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए असुरक्षित पाए जाने पर नष्ट कराया गया। पेड़ा और छेना की मिठाइयों के नमूने भी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद क्ष्ध्रधद ट्टथ्द्धड्ढ़्‌भ थद्ध्रद ट्टथ्द्ध्रदथन्दप इदए, 2006 के अंतर्गत संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घटना स्थल निरीक्षण में फोरेंसिक एक्सपर्ट की अनिवार्यता को गम्भीरता से लेना होगा: बी डी पाल्सन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज ब्यूरो आफ पुलिस एण्ड रिसर्च डेवलपमेन्ट के सौजन्य से आयोजित वर्टिकल इन्टरेक्शन कोर्स का आज समापन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बी डी पाल्सन एडीजी प्रशिक्षण थे । जिन्हें यूपीएसआईएफएस के आईजी राजीव मल्होत्रा ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया।

इस कोर्स में उ0प्र0, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड सहित आरपीएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी तथा एसएसबी के कुल 14 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया था ꔀ उल्लेखनीय है कि इस साप्ताहिक कोर्स में विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर एवं फोरेंसिक विषयों का गहन अध्ययन कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी श्री बी डी पाल्सन ने सभागार में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियापथ को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन न्याय संहिता के अनुरूप हमें से नियमों के पालन में गंभीरता लाना होगा । उन्होंने कहा कि सात साल से अधिक सजा के आपराधिक प्रकरण में घटना स्थल के निरीक्षण में फोरेंसिक एक्सपर्ट की अनिवार्यता को भी गम्भीरता से लेना होगा कि किसी भी केस में साक्ष्य ही अपराधी को सजा तक पहुंचाता है। उन्होंने चेन आफ कस्टडी पर भी प्रकाश डाला तथा अपने सेवा काल के अनुभवों को शेयर किया। इस अवसर पर श्री राजीव मल्होत्रा ने कहा कि यह संस्थान वर्तमान में साइबर सुरक्षा तथा फोरेंसिक विषय में विभिन्न संस्थानों को तकनीकी दक्षता आज निपुण कर रहा है ꔀ साइबर अपराधों के दृष्टिगत अपने अधिनस्थ पुलिस कर्मियों को दिशा देने की जिम्मेदारी हमारे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की है कि हम अपने निचले स्तर पर कर्मियों की गुणवत्ता को कैसे विकसित करें। कार्यक्रम के अंत में उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का अभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी , अतुल यादव , फ़ेकल्टी डॉ0 मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ पलक, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आगामी होली त्यौहार पर कोरांव में भारी मात्रा में आ सकता है खोवा का खेप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। होली त्यौहार के मद्देनजर कोरांव और आसपास जैसे खीरी , लेडियारी, बडोखर, महुली, खजुरी, देवघाट संसारपुर के क्षेत्रों में खोवा की मांग बढ़ गई है। व्यापारी इसका फायदा उठाकर मिलावटखोरी कर रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। कोरांव में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी पर्याप्त निगरानी नहीं कर रहे हैं, मुख्यालय पर न रुककर जिले या घर पर रहकर नौकरी कर रहे है जिससे मिलावटखोरी बढ़ रही है। जिम्मेदार अधिकारियों का भी आदेश निर्देश नहीं माना जा रहा है। आधी अधूरी जांच से मिलावटखोरों का मनोबल बढ़ रहा है। जरूरी है कि जिम्मेदार अधिकारी सख्त कार्रवाई करें और लोगों के स्वास्थ्य को बचाएं। नहीं तो जैसे गोरखपुर, बलरामपुर, लखनऊ , कौशाम्बी समेत आदि जिले में भारी मात्रा में मिलावट खोरी खोवा पकड़ा गया था उसी तरह कोरांव में भी खपाने की फिराक में व्यवसाई लगे है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी तहसील मुख्यालय पर नहीं रुकते जिससे कोरांव तहसील क्षेत्र में मिलावट खोरी व एक्सपायरी सामग्री की खपत पहले के अपेक्षा कुछ ज्यादा हो गई है क्षेत्र के लोग जानते भी नहीं किसकी तैनाती है सामाजिक कार्यकर्ता ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तहसील कोरांव में इसे तैनात किए गए।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, चारबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56265146 | Traction Motor type IM 3302AZ complete with pinion as per BHEL Drg No 04450009051. Make: BHEL or equivalent | 04 Nos | 26.03.2026 |

**निविदा शर्तें** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. ईपीएस/56/2026 672/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# आपदा से सुरक्षा तक: विद्यार्थियों ने सीखी जीवनरक्षक तकनीकें

❐ राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस लखनऊ के अधिकारी मनोज वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आपदा से बचाव के उपाय बताए।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल अयोध्या रोड में आपदा प्रबंधन पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के अधिकारी मनोज वर्मा, ऋषि कुमार तथा उपनिरीक्षक भूप सिंह ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस लखनऊ के अधिकारी मनोज वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आपदा से बचाव के उपाय बताए। भूकंप की स्थिति में क्या करना चाहिए, इसकी मॉक ड्रिल भी कराई गई। साथ ही इमरजेंसी में स्ट्रेचर न होने पर अस्थायी स्ट्रेचर बनाने का तरीका भी सिखाया गया।सिविल डिफेंस अधिकारी ऋषि कुमार ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय और अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अग्निशमन यंत्र चलाने का अभ्यास भी किया। इस दौरान 101, 108 और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी गई।उपनिरीक्षक भूप सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने, निर्धारित गति सीमा, सही दिशा से ओवरटेक करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व पर सरल भाषा में समझाया। साथ ही नारी सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 की जानकारी भी दी।कार्यशाला में विद्यार्थियों और शिक्षकों को व्यवहारिक व उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन रामशंकर वर्मा, प्राचार्या डॉ. विभा आहूजा, निदेशिका सौम्या चौधरी, निदेशक निकेत वर्मा तथा सिविल डिफेंस की वार्डेन रीता पटेल मौजूद रहीं।

# पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

❐ पीड़ित राम सिंह निषाद ने आरोप लगाया की उन्हें आमिर हसन और उनके साथियों का विरोध करने मामले में सुनियोजित तरीके से फर्जी मुकदमों में फसाया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । दुबग्गा के बेगरिया गांव में शत्रु संपत्ति की जमीन दस बीघे से अधिक बेखौफ आरोपी आमिर हसन अपने साथियों संग मिलकर बेच डाली ,पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत कर आमिर हसन समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है।

वही पीड़ित राम सिंह निषाद ने आरोप लगाया की उन्हें आमिर हसन और उनके साथियों का विरोध करने मामले में सुनियोजित तरीके से फर्जी मुकदमों में फसाया गया है। जिसकी शिकायत उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रविंद्र मणि निषाद को कर न्याय की गुहार लगाई है। राम सिंह ने बताया आरिफ ने जमीन को लेकर उन पर आरोप लगाए हैं, उसी जमीन को वह पहले ही बेच चुका था और उस समय जमीन उसी के कब्जे में भी है। इसके बावजूद उनके खिलाफ साजिश के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। नूरजहां पत्नी रफीक अहमद ने खसरा संख्या 36 की जमीन खरीदने के बाद करीब 1500 वर्ग फीट जमीन बेची गई। पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उनका नाम नहीं था, लेकिन बाद में पुलिस ने दूसरी रिपोर्ट में उनका नाम जोड़ दिया गया। इससे उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से परेशान किया जा रहा है।जिन जमीनों को लेकर विवाद खड़ा किया गया है, वे अनुसूचित जाति से संबंधित बताई जा रही हैं और उनके क्रय-विक्रय के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति आवश्यक होती है, जो कथित रूप से नहीं ली गई। साथ ही खसरा संख्या 36 लल्लू रावत के नाम दर्ज होने और उसके नाबालिग होने के दौरान जमीन बेचे जाने का भी आरोप लगाया गया है। राम सिंह निषाद ने बताया कि खसरा संख्या 20 व 24 की जमीन भी विवादित रही है, जिसे शत्रु संपत्ति में दर्ज होना बताया है।दावा है कि उन्होंने पहले भी धरना देकर गरीब, हरिजन और विकलांग लोगों की जमीनों को कब्जे से मुक्त कराने की कोशिश की थी, जिसके बाद से ही उनके खिलाफ फर्जी झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है।

## ताला तोड़कर चोरो ने उड़ाया नकदी और जेवर

लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में सईदाता रोड के निवासी निलेश सिंह के मकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया।पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार शिकायत कर्ता अपने परिवार के लोगों के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देवरिया गया हुआ था। वह जब 26 फरवरी 2026 को वापस लौटा तो देखा कि उसके घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। रखे हुए लॉकर और अलमारी भी क्षति ग्रस्त स्थिति में पड़े हुए थे। रखे गए सोने चांदी के आभूषण और नकदी गायब थी। निलेश के मुताबिक वह जाते समय घर की देखभाल के लिए ड्राइवर राजेंद्र शर्मा को छोड़ गए थे। जब लौटे तो वह घर पर मौजूद नही था।शिकायत ने घर की स्थिति देखकर 112 नम्बर डायल किया।पीआरवी टीम ने पहुंचकर पर मौके का निरीक्षण किया।शिकायत कर्ता की ओर से मिले शिकायती पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# एसकेडी में दो दिवसीय प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इंडियन जूलॉजिकल वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा श्री कृष्ण दत्त एकेडमी के सहयोग से 27 एवं 28 फरवरी को वृंदावन योजना स्थित परिसर में पशु एवं संबद्ध विज्ञानों में नवीन प्रवृत्तियाँ विषय पर प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य देशभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, वन्यजीव विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों, पर्यावरणविदों, तंत्रिका एवं संज्ञानात्मक वैज्ञानिकों तथा छात्र छात्राओं को एक मंच पर एकत्र कर पशु कल्याण एवं संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान, नवाचारों तथा उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एम. एल. बी. भट्ट, निदेशक, कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान रहे। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने ऐसे शैक्षणिक मंचों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण जागरूकता तथा अंतःविषयक अध्ययन को बढ़ावा देते हैं।

# सीडीआरआई में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । सीएसआईआर सीडीआरआई, लखनऊ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 बड़े उत्साह और युवा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के दृढ़ संकल्प के साथ मनाया गया। विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत की उत्प्रेरक इस वर्ष की थीम रही। इस अवसर पर संस्थान ने जवाहर नवोदय विद्यालय, लखनऊ की लगभग 50 छात्राओं एवं दो शिक्षिकाओं का प्रेरणादायी एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। जिज्ञासा समन्वयक डॉ संजीव यादव ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया की सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ एन कलइसेल्वी एवं संस्थान की निदेशक डॉ राधा रंगराजन दोनों ही महिला हैं एवं दोनों ही विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करती हैं।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 237 लोगों ने कराई जांच



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मड़ियाँव स्थित नौबस्ता पुलिया में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बाली योगेश्वर सेवा संस्थान की सीआरपी बबली सिंह कैंप संयोजक की भूमिका में उपस्थित रहीं। शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गई। साथ ही साथ नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए 77 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। शिविर में 237 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

## डीपीएस गोमती नगर विस्तार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्सव




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की गोमती नगर विस्तार स्थित शाखा के प्री-प्राइमरी विंग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और वैज्ञानिक भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर नन्हे वैज्ञानिकों की जिज्ञासा और उमंग से सराबोर रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न रोचक प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के अद्भुत सिद्धांतों को समझा और प्रस्तुत किया। पीजी 1 के विद्यार्थियों ने डूबना और तैरना की अवधारणा को सरल प्रयोगों के जरिए जाना। आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, अवलोकन क्षमता और तार्किक सोच को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। विज्ञान को रोचक और आनंददायक बनाते हुए इस दिवस ने सीखने की प्रक्रिया को और भी अर्थपूर्ण बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा हमारे नन्हे शिक्षार्थियों को इतनी उत्सुकता और आत्मविश्वास के साथ विज्ञान का अन्वेषण करते देखना अत्यंत प्रसन्नता की बात है।

## आज होगा तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 का समापन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 के दूसरे छात्रों ने तकनीकी, सांस्कृतिक, खेल, साहित्य, होटल मैंनेजमेंट, ललित कला एवं मिस्टर एडं मिस उत्कर्ष-2026 में उत्साह पूर्वक सहभागिता प्रस्तुत की। तकनीकी प्रतियोगिताओं में आईकेएस-इंडियन नॉलेज सिस्टम, ट्रेडिशनल टू टेक ऐप डेवलपमेंट, रोबो मैराथन, रोबोकॉन, लाइन फॉलोअर में अंधेरे में रोबोट रास्ता बनाता है जिसके ऊपर रोबोट चलते है। पिक एंड प्लेस में रोबोट द्वारा किसी भी प्रकार की वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा सांइलेंट ईकोज-माईम में रामायण एवं घरेलू हिंसा पर आधारित प्रस्तुति दी गई। लघु नाटिका ड्रामा जंक्शन के माध्यम से विरासत से विकास तक थीम पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। एनएसएस के छात्रों द्वारा विरासत से विकास तक की थीम पर पुराने समय के कच्चे घरों एवं कॉमर्शियल बिल्डिंगस से लेकर आधुनिक तकनीक के मॉर्डन हाउसेस एवं बिल्डिंगस जिनकी छतों पर सोलर पैनल से लेकर हैलीपैड तक दिखाये गये है। उत्कर्ष का समापन 28 फरवरी को होगा।

# फाल्गुन एकादशी पर रहा श्री श्याम भक्तों का जमावड़ा

❐ 4 मार्च को मंदिर प्रांगण में होगा भव्य होली उत्सव, श्याम भक्तों के लिए होगी 10 कुंतल गुलाल एवं 5 कुंतल फूल की व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन एकादशी के अवसर पर मंदिर के कपाट सुबह खुलते ही दर्शन करने वाले भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया जो मध्य रात्रि तक लगा रहा। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने कहा कि फाल्गुन एकादशी पर लखनऊ महानगर के हर क्षेत्र से श्री श्याम भक्त दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचकर श्री श्याम निशान चढ़ाया, पुष्प गुलाब भेट दिया।

भजन गायक धनंजय एवं नितेश ने भजन हारा हु बाबा तब तुम पर भरोसा हैं, भजन गायक पवन मिश्रा एवं शुभम गुप्ता ने भजन जगन्नाथ चकानन निला चलवा रे तू ना संभले तो हमें कौन संभाले प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल बताया कि 4 मार्च को होली को उत्सव बड़ी धूमधाम से मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्री श्याम परिवार द्वारा श्याम भक्तों के लिए 10 कुंतल गुलाल एवं पांच कुंतल फूल व्यवस्था की गई है तो वही प्रसाद में गुझिया एवं ठंडाई का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि चंद्र ग्रहण लगने के कारण मंदिर के कपाट सुबह 8 बजे सायं 8 बजे तक बंद रहेंगे वहीं सायं 8 बजे बाद दर्शन के लिए खुलेंगे।

# फर्जी डीएम बनकर किसान से 9 लाख की ठगी, आरोपी हिरासत में

❐ जमीन का लालच देकर धमकाता रहा, पत्नी के जेवर और जमीन बेचकर दिए रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के दिनकरपुर झलौवा गांव निवासी किसान मोती लाल से खुद को जिलाधिकारी और दरोगा बताकर करीब नौ लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बीकेटी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मोती लाल ने पुलिस को बताया कि वह अनपढ़ किसान हैं। करीब दो माह पहले उनकी मुलाकात चंदाकोडर गांव निवासी राजेश कुमार रावत से हुई थी। आरोप है कि इसके बाद राजेश उनका पीछा करने लगा और किसी तरह उनका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। फिर फोन कर खुद को जिलाधिकारी बताकर डराने-धमकाने लगा और अलग-अलग बहानों से रुपये ऐंठता रहा।पीड़ित के अनुसार, आरोपी कहता था कि उनके नाम कागजों में 400 बीघा जमीन दर्ज है, जिसमें कुछ त्रुटियां हैं। यदि वह रुपये दे दें तो कागजी कार्रवाई पूरी कर जमीन उनके नाम करा दी जाएगी। वह यह भी कहता था कि चंदाकोडर गांव के राकेश कुमार रावत उनसे मिलेंगे और रुपये लेकर जिलाधिकारी तक पहुंचा देंगे। झांसे में आकर मोती लाल ने दो बार पत्नी के सोने-चांदी के जेवर बेच दिए और बाद में जमीन बेचकर भी रुपये दिए। 23 फरवरी को आरोपी ने फिर फोन कर खुद को दरोगा बताते हुए पैसों की मांग की। इस बार मोती लाल ने इंकार कर दिया तो उसने धमकी देकर फोन काट दिया। घटना की जानकारी परिवार को होने पर मोबाइल में कॉल रिकॉर्डिंग चालू कर दी गई, जिससे आरोपी की बातचीत रिकॉर्ड हो गई। जब मोती लाल ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी धमकाने लगा।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## त्योहारों पर शांति व्यवस्था को लेकर ठाकुरगंज थाने पर पीस कमेटी की बैठक

लखनऊ । ठाकुरगंज मे आगामी त्योहारों को देखते हुए में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे थाना ठाकुरगंज पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी से अपील की आपको बता दे कि बैठक में एसीपी चौक,इंस्पेक्टर ठाकुरगंज, इंस्पेक्टर चौक,जोनल अधिकारी, नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे जिनके साथ बैठक में आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी व अन्य सामाजिक और क्षेत्रीय नागरिक भी शामिल रहे अधिकारियों ने सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। एसीपी चौक ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी बैठक मे एसपीओ भी शामिल रहे अनिल कुमार गुप्ता मोहम्मद हशीब खान सूरज दमोह सब्बू शिवम राजा नजम जमील, पार्षद मनीष रस्तोगी एसीपी चौक राजकुमार थाना ठाकुरगंज कोतवाल ओमवीर सिंह व समस्त थाना ठाकुरगंज के चौकी इंचार्ज के साथ समस्त स्टाफ भी मौजूद था।

## परवरिश स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया होली उत्सव



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । निराला नगर स्थित परवरिश स्कूल में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी ने जमकर फूलों की होली खेली। इस मौके पर स्वामी कौशिक चैतन्य, प्रमुख चिन्मय मिशन एवं स्कूल की संचालिका एवं डायरेक्टर डा. कुसुम कमल प्रमुख रूप से मौजूद रही। वहीं। इस मौके पर स्कूल की संचालिका डा. कुसुम कमल ने बताया कि इस रंग बिरंगे पर्व पर सभी के स्वास्थ का ध्यान रखते हुए बाजार में उपलब्ध किसी भी प्रकार के रंग का इस्तेमाल ना करते हुए स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। जिसमें उनके खेलने के लिए लगभग 01 कुंतल फूल मंगवाया गया था। इस मौके पर उन्होंने सभी बच्चों की गुझिया, पापड़ खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं इस मौके पर मौजूद स्वामी कौशिक चैतन्य ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए सभी से अपील किया कि इस पर्व पर बाजार में बिक रहे केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि यह स्वास्थ के लिए हानिकारक है। इस अवसर पर स्कूल का स्टॉफ व बच्चों के अभिभावक समेत अन्य मौजूद रहे।

# सन राइज हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

❐ जांच कमेटी बनी, लेकिन जिम्मेदारों पर शिकंजा नहीं, स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । सैरपुर थाना क्षेत्र स्थित सन राइज हॉस्पिटल में प्रसव ऑपरेशन के दौरान हुई प्रसूता की मौत के मामले में कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

12 फरवरी को रामपुर बेहड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय अनुष्का पत्नी शोभित की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार अनुष्का का इलाज पहले राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा था, लेकिन गांव की आशा कार्यकर्ता द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई। आरोप है कि शनिवार शाम अस्पताल में भर्ती कराने के बाद रविवार दोपहर करीब तीन बजे ऑपरेशन किया गया, जिसमें एक स्वस्थ बेटे का जन्म हुआ। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के कुछ ही देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं बुलाए गए और न ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। लगभग 50 हजार रुपये जमा कराने के बावजूद समुचित इलाज न मिलने का आरोप लगाया गया है।मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन किया, जिससे कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर सैरपुर व बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह जाम खुलवाया। पुलिस ने तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने की बात कही थी और अस्पताल से इलाज संबंधी दस्तावेज तलब किए गए थे। हालांकि, अब तक न तो अस्पताल प्रबंधन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई हुई है और न ही किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।क्षेत्र में चर्चा है कि जांच रिपोर्ट आने में देरी क्यों हो रही है और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी। परिजन न्याय की मांग पर अड़े हैं, जबकि विभाग की ओर से फिलहाल केवल जांच का आश्वासन दिया जा रहा है।यह घटना क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों की व्यवस्थाओं, संसाधनों और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। नवजात शिशु सुरक्षित है, लेकिन एक परिवार की खुशियां मातम में बदल चुकी हैं। अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## प्रणामी मंदिर में चल रहा है 214वां वार्षिक महोत्सव

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी के के मुंशीगंज वार्ड में सिद्ध पीठ श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में इन दिनों भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल बना हुआ है। यहां 214वां वार्षिक महोत्सव पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत 22 फरवरी 2026 से हुई थी। समापन 28 फरवरी को होगा। श्री तारतम सागर के पंच पारायण के साथ यह पावन आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बना हुआ है।महोत्सव की कलश यात्रा और शोभायात्रा ने सभी का मन मोह लिया। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु माथे पर कलश रखकर मंदिर की परिक्रमा करते हुए नजर आए। शोभायात्रा में श्री राधा-कृष्ण की झांकियां, देखने को मिली। ढोल नगाड़ों की थाप पर कीर्तन हो रहे थे। फूलों की वर्षा ने जुलूस के वातावरण को दिव्य बना दिया। पूरा मंदिर परिसर रंग-बिरंगी सजावट, फूलों की मालाओं, दीपको की रोशनी से जगमगा रहा था। भक्त गण श्री तारतम सागर के पंच पारायण में सामूहिक रूप से पवित्र वाणी का पाठ करते हुए दिखाई दिए। दूर-दूर से आए भक्तों ने सिद्ध पीठ की महिमा से लाभान्वित हुए। महोत्सव में मंदिर के महंत कीर्तन दास महाराज,जगपाल यादव उदयभान सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्ति का महासागर

❐ छठे दिन श्रीकृष्ण लीलाओं से भाव-विभोर श्रद्धालु, आज भव्य रुद्राभिषेक व प्राण-प्रतिष्ठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा अपने आध्यात्मिक उत्कर्ष पर पहुंच चुकी है। कथा के छठे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण हरि-नाम संकीर्तन व भक्ति-रस में सराबोर दिखाई दिया।

कथा व्यास त्रिलोकी नाथ तिवारी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूतना वध प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि किस प्रकार नन्हे कान्हा ने अधर्म का अंत कर धर्म और भक्तों की रक्षा का संदेश दिया। इसके पश्चात गोवर्धन लीला का उल्लेख करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जब इंद्र के अहंकार से ब्रज में संकट उत्पन्न हुआ, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका पर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग अहंकार-भंजन और सच्चे भक्तों के संरक्षण का प्रतीक है। गोपियों के चीर-हरण प्रसंग की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए उन्होंने इसे पूर्ण आत्मसमर्पण, निष्काम भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश बताया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए।

### सातवें दिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान

कथा के सातवें एवं अंतिम दिन प्रातःकाल भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिवलिंग, शिव परिवार की मूर्तियों, राधा-कृष्ण की प्रतिमा एवं द्वारपालों की मूर्तियों की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी।

आयोजन के मुख्य यजमान मोहित शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# मिश्रिख पंचकोसीय परिक्रमा मेला में सेवा भारती का स्वास्थ्य शिविर, एसडीएम ने किया उद्घाटन

❐ शिविर का उद्घाटन मिश्रिख के उपजिलाधिकारी अभिनव यादव ने फीता काटकर किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मिश्रिख , सीतापुर। शुक्रवार को मिश्रिख में चल रही पंच कोसीय परिक्रमा मेला के दौरान सेवा भारती सीतापुर द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन मिश्रिख के उपजिलाधिकारी अभिनव यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सेवा भारती के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समाज के वंचित, वनवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विकास और



आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है।सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि संस्था चाहती है कि सेवा एक अभियान और जनआंदोलन बने तथा प्रत्येक परिवार सेवा का केंद्र बने। इसी उद्देश्य से परिक्रमा में आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिक्रमा मार्ग स्थित राजेश्वरी कन्या बाल विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है, जो 3 मार्च 2026 मंगलवार तक संचालित रहेगा। शिविर में श्रद्धालु किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर निःशुल्क दवा प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम में डॉ. संदीप सराफ द्वारा मरीजों का बीपी, शुगर, पल्स ,ऑक्सीजन आदि स्वास्थ परीक्षण कर उचित दवा वितरण कर सेवा दी गई । शिविर में सहनगर कार्यवाह अविजित, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड/नगर प्रचारक पवन प्रभाकर, डालमिया शुगर के विकास वर्मा ,शैलेन्द्र वर्मा, प्रीती और धर्मेंद्र सहित कई लोगों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान नगर और आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अंदूपुर देव में कवियों की शानदार प्रस्तुति तालियों से गूंजा गणेश बाबा मंदिर परिसर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां, सीतापुर। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में अंदूपुर देव का कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार राधेलाल यादव ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।

भगवान गणेश बाबा मंदिर परिसर में आयोजित पारंपरिक भंडारे के अवसर पर संपन्न इस कवि सम्मेलन का संचालन कृष्ण कुमार मौर्य सरल ने किया। अध्यक्षता कर रहे कमलेश मौर्य मृदु ने अपने छंद और मुक्त व लोकगीत सुनाकर सबको सम्मोहित कर दिया मिलाकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता है।पटखनी पर पटखनी दे जो इससे घात करता है।बुलेट ए के सैंतालीस की कभी आयात करता था, वो भारत विश्व में ब्रह्मोस का निर्यात करता है।।श्री मृदु के श्रृंगार के मुक्तक भी खूब सराहे गये तेरी खातिर प्यार का नया स्टाइल बन जाऊंगा।अगर प्यार से छूओगी तो टच मोबाइल बन




जाऊंगा।गर हमास सी कातिल नज़र ने क़त्ल किया मेरे दिल का,तो छोड़ूंगा नहीं तुझे मैं इजरायल बन जाऊंगा। युवा कवयित्री श्रीमती शिखा सिंह प्रज्ञा ने नारी अस्मिता को रेखांकित करते हुए कहा मैं सारी श्रृष्टि बदल कर रख दूं , नारी प्रतिभाशाली हूँ,अस्मिता अगर खतरे मे हो मैं ही रनचंडी काली हूँ।दृढता निर्भयता और शौर्यता की व्योमिका कहानी हूँ,ऑपरेशन सिंदूर चलाने वाली', मैं लडकी हिन्दुस्तानी हूँ।कासगंज से पधारीं कु. डा. दीप्ति दीप ने बेटियों को समर्पित रचना पढ़कर सबको सोचने पर विवश कर दिया कभी अप्सरा बने सेज की कभी मार खाए दहेज़ की कभी विवश हो चढ़े सुलियां कभी बेड़िया बनें रूढ़िया जीती सदमे में गूंगी हो जाती है बेटी ही क्यों छोड़ के घर को जाती है..संयोजक सतीश पाखंडी का लोकगीत ''अबकी सीमा पर सजनवा लै कै जाएउ कुल्हड़ी'' , बहुत सराहा गया । इसके अतिरिक्त मयंक मिश्रा, कवि प्रभाकर, संतोष दीक्षित आदि कवियों ने काव्य पाठ कर कवि सम्मेलन को ऊंचाइयां प्रदान कीं। समाजसेवी अमित सिंह ने सभी का स्वागत किया व संयोजक सतीश पाखंडी ने आभार प्रकट किया।

# विधायक ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण अध्यापक न मिलने पर निलंबित

❐ विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस आज प्राथमिक विद्यालय बोझी विकास खण्ड कलान का निरीक्षण करने पहुंचे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। कटरा विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस आज प्राथमिक विद्यालय बोझी विकास खण्ड कलान का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां विद्यालय के इंचार्ज प्रधानध्यापक उन्हें अनुपस्थित मिले। जिस पर प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

दरअसल, विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस आज प्राथमिक विद्यालय बोझी विकास खण्ड कलान का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्हें कोई भी अध्यापक नहीं मिला। उन्होंने विद्यालय के इंचार्ज प्रधानध्यापक मो. अनस को फोन किया, लेकिन अध्यापक ने उनका फोन रिसीव नहीं किया। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की, तो ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक रोजाना देर से आते हैं और



अधिकतर विद्याालय में आते नहीं है। जिस कारण बच्चे इधर-उधर घूमते है और इससे बच्चों की सुरक्षा एवं बाल अधिकारों का हनन हो रहा है। जिस पर विद्यायक ने उच्चाधिकारियों से वार्ता की। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से प्राथमिक विद्यालय बोझी के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो. अनस को निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि निलंबन अवधि में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो. अनस को ब्लाक संसाधन केन्द्र मिर्ज़ापुर से सम्बद्ध किया गया है। इसके अलावा बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण पीएमश्री विद्यालय खुटार नंबर वन की शिक्षामित्र तरन्नुम शाहीन को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है।

## रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग ने खेली होली, गाए गीत, किया नृत्य

शाहजहांपुर। रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग ने धूमधाम से होली का पर्व मनाया। इस दौरान महिला विंग की टीम ने एक-दूसरे के रंग लगाया और होली के गीत गाकर नृत्य भी किया। साथ ही एक-दूसरे को गुजिया खिलाकर होली की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग की संस्थापक डा. नमिता सिंह के आवास पर हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिखा जैन और डॉ. निवेदिता मलिक पहुंची। टीम संरक्षक मीरा सेठ, शोभा सेठ, नीता भदोरिया, नीतू कुमरा, नैना आनंद व सरोज सिंह ने मुख्य अतिथि के के बैच लगाकर व चुनरी पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक साक्षी सिंह, सपना सिंह, सुनीता सिंह, मीरा सक्सेना, तृप्ति सक्सेना, रचना अवस्थी, काजल ने कार्यक्रम को बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न कराया। जबकि विमी सैनी, रितु, कुमुद, तानिया गुप्ता, अलका वर्मा, ममता वर्मा आदि महिलाओं ने होली के गीत गाए और सभी ने खूब नृत्य किया। साथ ही कई गेम्स खेलकर आनंद लिया। इस दौरान टीम अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, सचिव सुनीता सिंह, सोनी गौड़, मीनू गुप्ता, इंदू सिंह, उर्मिला शर्मा, संगीता यादव मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग का छापेमारी अभियान जारी एक कुंतल खराब खोया को किया नष्ट

❐ पकडे गये एक कुन्तल खोये की कीमत करीब 25 हजार बताई जा रही है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-।।/अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने आज केरूगंज स्थित खोया मण्डी में नरीक्षण किया और प्राप्त सूचना के आधार पर नगरिया मोड़ के पास से खोया से भरी एक पिकअप को पकड़ा। टीम ने उसमें भरे खोये के तीन नमूने संग्रहीत किए। साथ ही लगभग एक कुन्तल खराब खोया नष्ट कराया। जिसकी कीमत करीब 25 हजार रूपए बताई जा रही है। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गोविन्दगंज स्थित आनलाइन प्लेटफार्म ब्लिनकिट के स्टोर से पनीर, कॉफी पाउडर



और घी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरूवार को महिला थाने के पास स्थित दुर्गेश डेयरी से एक खोया का नमूना, एक पनीर का नमूना और एक घी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। साथ ही अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थो के निर्माण एवं भण्डारण पर सुधार नोटिस जारी की गई। इसके अलावा महिला थाना के पास स्थित प्रज्जवल यादव के मिठाई निर्माण स्थल से गंदगी मे निर्मित लगभग 60 किलोग्राम की बर्फी, छेना, गुलाब जामुन और रसगुल्ला को नष्ट किया तथा सैनिक कालोनी, श्यामतगंज, गौटिया स्थित धनपाल पनीर वाले से एक मिश्रित दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि खाद्य विभाग की कार्रवाई होली पर्व तक जारी रहेगी।

# पुराने विवाद में फायरिंग करने वाले दो पक्षों के पांच आरोपी अवैध तमंचों सहित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शारदानगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के प्रयास से जुड़े दो अलग-अलग मुकदमों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच अभियुक्तों को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक खीरी डा0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना शारदानगर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार 26 फरवरी 2026 को थाना शारदानगर क्षेत्र के ग्राम टिप्पनपुरवा में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला हिंसक हो गया था। दोनों पक्षों द्वारा




एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मु0अ0सं0 52/2026 से संबंधित अभियुक्त इन्द्रजीत यादव पुत्र सोहनलाल एवं अनिल यादव पुत्र इन्द्रजीत यादव निवासी ग्राम टिप्पनपुरवा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त अनिल यादव के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।वहीं मु0अ0सं0 53/2026 के तहत पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन अभियुक्त संदीप यादव पुत्र रामप्रकाश यादव, सोबरन यादव पुत्र मातादीन तथा रामप्रकाश यादव पुत्र मातादीन निवासी ग्राम टिप्पनपुरवा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त संदीप यादव के पास से भी एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस एवं एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने कुल दो अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक कमरूद्दीन खां, उपनिरीक्षक ऋषिराज पाण्डेय सिंह, उपनिरीक्षक राजीव यादव, कांस्टेबल अरुण कुमार, शैलेन्द्र सिंह एवं बृजेश तिवारी की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# चाइनीज मंझे की चपेट में आए व्यक्ति का गला कटा, शहर में फिर हुआ दर्दनाक हादसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मंझे का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर चाइनीज मंझे की वजह से गंभीर हादसा हो गया, जिसमें सुरेंद्र श्रीवास्तव नामक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार सुरेंद्र श्रीवास्तव किसी कार्य से शहर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह पलिया बस स्टैंड से पहले पहुंचे, सड़क के ऊपर फैला हुआ चाइनीज मंझा अचानक उनके गले में उलझ गया। तेज धार वाले मंझे की वजह से उनका गला गंभीर रूप से कट गया और वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े।घटना को देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को संभाला और खून बहता देख बिना देर किए उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल



पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि समय रहते अस्पताल पहुंचाने से बड़ा हादसा टल गया।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम चाइनीज मंझे की बिक्री और इस्तेमाल जारी है, जिसके चलते आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। इससे पहले भी बाइक सवार, राहगीर और यहां तक कि पशु-पक्षी तक इस जानलेवा मंझे की चपेट में आ चुके हैं।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज मंझे की बिक्री और उपयोग पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा अभियान चलाकर दुकानों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## मिरचौड़ी में मनरेगा पर गंभीर सवाल, फर्जी हाजिरी से धन बंदरबांट के आरोप

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मिरचौड़ी में मनरेगा योजना को लेकर गंभीर फर्जीवाड़े के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां योजना ॑रोजगार॑ से ज्यादा ॑कागजी खेल॑ बनकर रह गई है। आरोप है कि नाम मात्र मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है जबकि जमकर फर्जी हाजरी लगाई जा रही है।गांव में चर्चा है कि मनरेगा के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जिन स्थानों पर कार्य दिखाए गए हैं, वहां गुणवत्ता बेहद खराब है और कई जगह सिर्फ खानापूर्ति की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष और मौके पर जांच हो जाए तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है। गांव के लोगों में इस पूरे मामले को लेकर खासा रोष है और उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बिसवां में मनरेगा कर्मियों का ज्ञापन, 9 माह से मानदेय न मिलने पर नाराज़गी

**बिसवां, सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड बिसवां में मनरेगा कर्मियों के द्वारा अपनी समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री महोदय को खंड विकास अधिकारी बिसवां के द्वारा दिया गया ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को रखते हुए बताया की विगत 9 माह से हम लोगों को मानदेय नहीं मिल रहा है जो की बहुत ही अल्प मानदेय मिलता है दीपावली पर भी पूर्व में निकल गया उसे पर भी नहीं मिला और अब चार दिन बाद होली जैसे महा पर भी मनरेगा करनी के परिवार वाले कैसे होली मनाएंगे कैसे त्यौहार मनाएंगे यह शासन एवं विभाग विचार करें मनरेगा कर्मी रोजगार सेवक विगत 9 माह से बिना मंडे के मनरेगा के अतिरिक्त बिलों एस ए आर जैसे कार्य को भी निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं लेकिन अब उनकी कार्य दक्षता प्रभावित हो रही है किसी संबंध में तो कार्य बहिष्कार कर दिया जाएगा इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अमरेंद्र वर्मा आपो नितिन गुप्ता जी लेखा सहायक मनरेगा यशपाल सिंह आशुतोष मिश्रा जितेंद्र वर्मा राकेश वर्मा श्रवण कुमार संजय कुमार नितिन मिश्रा सरोजनी देवी अंजलि कश्यप आज बड़ी संख्या में मनरेगा गर्मी उपस्थित रहे।



## सरकारी सर्जिकल दवाइयों के गबन का वांछित आरोपी फार्मासिस्ट गिरफ्तार

**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोतवाली पुलिस ने सरकारी सर्जिकल दवाईयों के गबन मामले के वांछित आरोपी फार्मासिस्ट को गिरफ्तार किया है।दरअसल, जून 2024 को राजकीय मेडिकल कालेज के गेट पर सरकारी दवाओं से भरी एक पिकअप पकड़ी गई थी। सुरक्षा गार्डों के रोके जाने पर चालक पिकअप छोड़कर भाग गया था। यह सरकारी दवाईयां मरीजों के लिए थीं, लेकिन स्टोर रूम से योजनाबद्ध तरीके से रात के अंधेरे में किसी नर्सिंग होम आदि पर बेची जा रही थीं। इस मामले में टीम गठित की गई थी और मेडिकल कालेज के स्टोर रूम इंचार्ज फार्मासिस्ट जेडी बंसल, फार्मासिस्ट मो. जुबैर अली, नन्दकिशोर और अज्ञात चालक पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आज फार्मासिस्ट मो. जुबैर अली को निगोही क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में है।बता दें कि इस मामले के आरोपी अभी भी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री के समक्ष पत्रकार ने यह मुद्दा उठाया था। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के 100 करोड़ के घोटाले में पूर्व सीएमओ डॉ. आरपी गौतम पर भी संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है और वो अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर हैं।



# धौरहरा में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कलुआपुर के ग्राम मैला में 45 वर्षीय मदनलाल राजपूत (पुत्र श्यामलाल) का शव गन्ने के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई और परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

परिजनों के मुताबिक मदनलाल गुरुवार रात से घर से लापता थे। देर रात तक परिजन और ग्रामीण आसपास के खेतों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह करीब 8:00 बजे कुछ ग्रामीण जब खेतों की ओर गए तो गन्ने के बीच एक शव पड़ा दिखाई दिया। पास जाकर पहचान करने पर शव मदनलाल का निकला।मृतक के पुत्र नीरज ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक युवक ने उनके पिता को नशे की अधिक खुराक दी, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले



की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।घटना की सूचना मिलते ही धौरहरा कोतवाल रवीन्द्र सोनकर और ईसानगर कोतवाल निर्मल तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की।कोतवाल रवीन्द्र सोनकर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

# संपूर्णता अभियान में खीरी का राष्ट्रीय स्तर पर परचम, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी ने विकास के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिले के बांकेगंज और धौरहरा विकास खंडों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में मिसाल पेश की है।

बेहतर कार्यप्रणाली और निर्धारित इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन हासिल करने पर नीति आयोग द्वारा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।संपूर्णता अभियान के तहत बांकेगंज विकास खंड ने 'हेल्थ एंड न्यूट्रिशन', 'एग्रीकल्चर एंड अलाइड सर्विसेज़' तथा 'एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम के सोशल डेवलपमेंट' थीम में तीन प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड स्तर पर अधिकारियों की सक्रियता और विभागीय समन्वय के चलते निर्धारित समय सीमा में सभी लक्ष्य पूरे किए



गए।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, पोषण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों ने बांकेगंज ब्लॉक को प्रदेश के अग्रणी ब्लॉकों में शामिल कर दिया।धौरहरा विकास खंड ने प्रदर्शन के मामले में और भी बेहतर परिणाम देते हुए छह इंडिकेटर्स पर सैचुरेशन हासिल किया। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, कुपोषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति, कृषि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना तथा जनभागीदारी आधारित कार्यशैली इस सफलता की प्रमुख वजह रही।प्रशासनिक स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकों, जमीनी निरीक्षण और समयबद्ध कार्ययोजना ने अभियान को गति प्रदान की, जिसका परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के रूप में सामने आया।शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में बांकेगंज के खंड विकास अधिकारी ऋषिकांत अहिरवार तथा धौरहरा के तत्कालीन बीडीओ सुमित कुमार सिंह (वर्तमान बीडीओ फूलबेहड़) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक अधिकारी की नहीं बल्कि पूरी टीम की मेहनत, समर्पण और सकारात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान ने यह सिद्ध किया है कि यदि योजनाओं की सटीक प्लानिंग, सतत मॉनिटरिंग और विभागों के बीच बेहतर समन्वय हो तो विकास के लक्ष्य समय से पहले भी हासिल किए जा सकते हैं।जिले की इस उपलब्धि को प्रशासनिक दक्षता और प्रभावी सुशासन की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। नीति आयोग द्वारा मिली सराहना से न केवल अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि जिले में विकास योजनाओं को और अधिक गति मिलने की उम्मीद भी जताई जा रही है।संपूर्णता अभियान में मिली यह दोहरी सफलता अब लखीमपुर खीरी को आकांक्षी ब्लॉकों के विकास मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है।

## जल्द होगा दंपत्ति हत्याकांड का खुलासा : डीआईजी

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद के कायमगंज के मोहल्ला कूंचा दरवाजा निवासी वृद्ध पुरषोत्तम कौशल एवं उनकी पत्नी पुष्पा की हत्या की जांच जारी है और जल्द खुलासा किया जाएगा। पुलिस की जांच में कई अहम सुराग मिले हैं।यह कहना है कि कानपुर रेंज के डीआईजी हरिश्चन्द्र का। वे आज दोपहर कायमगंज में दंपत्ति हत्याकांड के बारे में जानकारी लेने के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे।



राजू रस्तोगी
प्रधान प्रतिनिधि
महाराजनगर विकास खण्ड सकरन जनपद सीतापुर

# होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सचल दलों ने की प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। डा सीआर प्रजापति, सहायक आयुक्त खाद्य-2 के मुताबिक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जनपद में होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु जनपद में मंडलीय खाद्य सचल दल एवं जनपदीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा 26 फरवरी को जनपद में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गयी जिसमे से खाद्य प्रतिष्ठान बबलू खोया भंडार, खोया मंडी एवं गोदाम कोतवाली के सामने से खोया व बूंदी का एक एक नमूना लिया गया। जिसमे 249 किलो ग्राम मूल्य 19920 रूपये की बूंदी जब्त की गयी। एसएसडी कोल्ड डिपो गुरु नानक नगर से रसगुल्ला का एक नमूना लिया गया जिसमे 204 किलो ग्राम मूल्य 15200/-रसगुल्ला को जब्त किया गया है, जय अंबे गायत्री नगर ऊंचाहार से नमकीन का नमूना लिया गया। जिसमे 9 किलो ग्राम नमकीन मूल्य 1530 जब्त किया गया है।

उदयराज सिंह मदारीगंज ऊंचाहार से सरसों तेल का 1 नमूना लिया गया। जिसमे 58.5 किलो ग्राम मूल्य 11115/- जब्त किया गया , खुशी किराना स्टोर मदारीगंज ऊंचाहार से रंगीन कचरी का 1 नमूना लिया गया। 158 किलो ग्राम मूल्य 9480 जब्त किया गया, गुप्ता किराना स्टोर पाहो लालगंज से रंगीन कचरी एवं खोया का 1-01 नमूना लिया गया। 38 किलो ग्राम कचरी मूल्य 1520 जब्त किया गया तथा 50 किलो ग्राम खोया नष्ट कराया गया, बालाजी डेरी व शुभम यादव डेरी खीरों लालगंज से पनीर का एक एक नमूना लिया गया और लक्ष्मी फूड्स एंड स्टोरेज लालगंज से एसएम पी अमूल का एक नमूना लिया गया एवं एसएमपी अमूल 499 किलो ग्राम मूल्य 140059 रूपये जब्त किया गया। अभियान मे मंडलीय सहायक आयुक्त (खाद्य) लखनऊ मण्डल मण्डल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, हेमंत पटेल जनपदीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरेन्द्र, सत्येन्द्र यादव, संजय कुमार त्रिपाठी, महेंद्र यादव, सुश्री कंचन लता तिवारी, शेफाली रस्तोगी, उदय राज मौर्य एवं सौरभ उत्तम सम्मिलित रहें।

खाद्य कारोबारकर्ताओं को हिदायत दी जा रही है कि किसी भी दशा में अधोमानक व असुरक्षित तथा दूषित खाद्य पदार्थ का क्रय-विक्रय न करें तथा आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराये तथा यह भी निर्देश दिये जा रहे है कि बिना खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण के खाद्य कारोबार संचालित न करें। अन्यथा की दशा में कड़ी विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों के द्वारा 26 फरवरी की रात्री मे गैर जनपद के सभी मार्गो के नाकों पर अपमिश्रित खाद्य पदार्थ के द्रष्टिगत आने वाले वाहनों की जांच किए जाने का अभियान चलाया गया। भ्रमण के दौरान लालगंज बाज़ार के पास सड़क के किनारे लावारिस अवस्था मे लगभग 50 किलो खोया बरामद किया गया।

# उद्यान मंत्री ने वृहद रोजगार मेले का किया शुभारंभ



## ❒ वृहद रोजगार मेले में 1272 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि वितरण, कृषि विदेश व्यापार एवं किसी निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने वृहद रोजगार मेला का फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी व महाविद्यालय प्रबन्धन के रूप में डॉ. सविता शुक्ला उपस्थित रहीं। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली द्वारा कर्मयोगी डिग्री कालेज, मुलिहामऊ रायबरेली के परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।जिसमें 67 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रागंण में लगभग 4996 छात्र/छात्रा उपस्थित हुए,जिसमें से प्राथमिक चयन 1272 अभ्यर्थियों का किया गया शेष कुछ कम्पनियों के परिणाम लम्बित है।

कार्यक्रम में उद्यान मंत्री ने महाविद्यालय परिवार व जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन व प्रागंण में उपस्थित सभी कम्पनियों के कार्यों की सराहना की व चयनित सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। मेले में लगभग 67 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों की योग्यतानुसार उनका चयन किया जिसमें मुख्य कम्पनियाँ ल्यूमैक्स मन्नोह, ऐलेन ऑटो इण्डस्ट्रीज प्रा.लि., मारुति सुजुकी, स्विगी लि0, फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, पॉलिसी बाजार आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता की अध्यक्षता में जिला सेवायोजन कार्यालय कौशल विकास मिशन एवं कर्मयोगी डिग्री कॉलेज के सहयोग से सम्पूर्ण किया गया।

# गोवा आध्यात्मिक महोत्सव 2026 में आमंत्रित किए गए शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के स्थानापति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। बछरावां विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत श्रीकंजेश्वर धाम के पीठाधीश्वर एवं श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा उज्जैन के स्थानापति पूज्यपाद विचित्रानंद जी को गोवा आध्यात्मिक महोत्सव 2026 में गोवा के मुख्यमंत्री द्वारा आमंत्रित किया गया।यह क्षेत्र का ही नहीं अपितु रायबरेली जनपद का गौरव है जो संत समाज,सांस्कृतिक चेतना में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एवं हिंदुत्व की अलख जगाने वाले अपने प्रदेश में ही नहीं अपितु अन्य प्रांतों में भी जाने जाते हैं। गोवा का यह आध्यात्मिक महोत्सव भक्ति परंपरा और एकता का जश्न मनाने के उद्देश्य से किया गया है। इस कार्यक्रम की आध्यात्मिकता की अहम भूमिका निभा रहे लंदन के परम पूज्य राजराजेश्वर महाराज के द्वारा किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आयोजन के दौरान सामूहिक योग, ध्यान सत्र,धार्मिक अनुष्ठान,शांति एकता और आंतरिक कल्याण पर बल देने वाली भक्ति की सभाएं आयोजित की गई। इस आयोजन में केंद्रीय मंत्रिमंडल भी शामिल रहा जिससे इस आयोजन को राजनीतिक एवं राष्ट्रीय महत्व प्राप्त हुआ। अंततः गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सामूहिक सम्मान के उपरांत भी स्वामी जी को एक विशेष सम्मान हेतु अपने आवास ले जाकर अपने परिजनों से भी मुलाकात कराई एवं सम्मानित कराने का काम किया।

## नशे में धुत बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में गिरा,घायल

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में एक बाइक सवार रोड हादसे का उस समय शिकार हो गया, जब वह भयंकर नशे में धुत अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। बताते हैं कि उसकी बाइक नशे में अनियंत्रित होकर नैय्या के ढलान से गहरी खाई में जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख- पुकार सुनकर स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अनिल भारद्वाज ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना आज दिन शुक्रवार लगभग 4 की है। कसेहटी गांव का रहने वाला मनोज कुमार (40) पुत्र सूर्य बली नशे में धुत होकर अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक नैय्या के उस पर पहुंची वैसे ही वह नियंत्रण खो बैठा और उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई, और नशेड़ी बाइक समेत गहरी खाई में जा गिरा तथा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# 1352 को मिला रोजगार का अवसर , नियुक्ति पत्र पाकर खिले युवाओं के चेहरे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन बदायूँ के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान सलारपुर बदायूँ परिसर में हुआ।

रोजगार मेले के मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चन्द गुप्ता व विशिष्टि अतिथि वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया गया। 1352 का युवाओं का चयन किया गया। मेले में कुल 24 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 2742 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। जिसके सापेक्ष 1352 का युवाओं का चयन किया गया। मुख्य अतिथि ने मेले में चयनित 40 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया व लाभार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि जो जिस व्यक्ति का दायित्व वह उसे पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएगा, तो भारत एक दिन विश्वगुरु बनेगा। अच्छा सोचो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि सभी युवा बेरोजगार इस मेले का लाभ लेकर अपना भविष्य सुंदर बनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ सभी वर्गो को प्रदान किया जा रहा है। रोजगार मेले में नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई एस के वार्ष्णेय, जिला सेवायोजन अधिकारी एसके यादव, जिला कौशल प्रबंधक मो0 एहतिशाम व ओमकार नाथ तिवारी, प्रभारी आईटीआई बदायूँ व समस्त सेवायोजन स्टाफ अन्य समस्त स्टाफ एव प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे।

## दो सप्ताह के भीतर एन्युटी भुगतान हेतु विवरण दें धार्मिक संस्थायें

बदायूँ। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए कि एन्युटी भुगतान हेतु पात्र जनपद की समस्त धार्मिक संस्थायें, जो जनपद के एन्युटी रजिस्टर में दर्ज हों और राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्युटी प्राप्त करना चाहती हैं वे अगले दो सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण (इच्छा पत्र, बैंक खाता विवरण-कैंसिल चैक / पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति, संस्था विवरण) जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि संबंधित धार्मिक संस्था एन्युटी लेने की इच्छुक नहीं है, और उसकी सूचना शून्य मानी जायेगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) का विशेष शिविर सम्पन्न

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एस.एम.कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) का सातवां सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में अति उत्साह के साथ किया गया दीप प्रज्वलन के पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना पर नृत्य किया सरस्वती वंदना में गौरी,सलोनी, तलबिया, मीनू,कनक रही उसके बाद घूमर नृत्य पर आकांक्षा,अंशिका उपाध्याय ,वंशिका,लता,शोभा,शिवानी ने मनमोहन नृत्य प्रस्तुत कियाउसके बाद एक नाटक के माध्यम से (साइबर ठगी )पर जिज्ञासा, खुशी यादव,परी मिश्रा,ने सबको जागरूक कियापायल गुप्ता ने मन मेरा मंदिर भजन पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी प्रियांशी यादव ने कुमार विश्वास की शायरी सुनाईसोमल गौतम,मुदिता शर्मा, ने चिंगा गपोरी,पर अत्यंत सुंदर नृत्य किया सलोनी ने यहां हर कदम कदम पर नृत्य प्रस्तुत किया तलबिया ने स्पीच दीशिवानी दीक्षित ने राम आएंगे पर गायन प्रस्तुति दीजिज्ञासा ने नारी शक्ति पर कविता की प्रस्तुति दी कोमल एवं प्रियांशी पाटिल ने (मरदानी एंथम) पर नृत्य प्रस्तुत कियालक्ष्मी मीणा ने जुल्म कर डालो पर नृत्य प्रस्तुत किया शोभा ने मेलोडी पर नृत्य कियापायल गुप्ता एवं रीनू ने स्पीच दी कार्यक्रम में डॉक्टर स्तुति वशिष्ठ,मीनाक्षी सागर,डॉ सुरभि यादव,डॉक्टर नेहा,डॉक्टर गीता शर्मा, श्रीमती अंजू चौहान,श्रीमती प्रीति रानी,श्रीमती दीपमाला,डॉक्टर कंचन कुमार,डॉक्टर नरेंद्र, डॉक्टर दीपक श्रोतिय उपस्थित रहेगजेन्द्र एवं अशोक कुमार भी उपस्थित रहे ।

## बिसौली-सहसवान मार्ग पर हादसा, 10वीं की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करीब 12:15 बजे ग्राम बाला किशनपुर के निकट मेन रोड बिसौली-सहसवान मार्ग पर दो स्कूली छात्र मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। दोनों छात्र ग्राम ईखखेड़ा इंटर कॉलेज से कक्षा दसवीं की परीक्षा देकर वापस आ रहे थे। बदायूं जनपद के उघैती थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में हाईस्कूल की परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 12:15 बजे ग्राम बाला किशनपुर के निकट मेन रोड बिसौली-सहसवान मार्ग पर दो स्कूली छात्र मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। दोनों छात्र ग्राम ईखखेड़ा इंटर कॉलेज से कक्षा दसवीं की परीक्षा देकर वापस आ रहे थे। मृतक की पहचान सुरजीत 16 वर्ष पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम दीनापुर, थाना मुजरिया, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। वहीं घायल छात्र रविंद्र पुत्र छंगे निवासी ग्राम दीनापुर, थाना मुजरिया, बदायूं बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस 108 की सहायता से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। घायल रविंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं सुरजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक उघैती ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अरुण कुमार बने सीएमओ आफिस के प्रशासनिक अधिकारी

**बदायूं ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अलीगढ़ से स्थानांतरित होकर आए अरुण कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, बदायूं में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग ले ली है। अगस्त 2022 में उन्हें बदायूं से अलीगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसे उन्होंने शासनादेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद चिकित्सा विभाग ने उन्हें वापस बदायूं में पदस्थ किया और आदेश की प्रति हाईकोर्ट को भी भेजी। चिकित्सा विभाग अनुभाग-4 के उप सचिव ने 22 फरवरी को उन्हें प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्त किया। अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि उनका कहना है कि उनका बदायूं में प्रधान सहायक रहते नियम विरुद्ध अलीगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया था। हाईकोर्ट के फैसले से उन्हें राहत मिली। यह स्वास्थ्य विभाग में इस तरह का पहला मामला है।

## एसएसपी ने सहसवान कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण, दिए-दिशा निर्देश

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को सहसवान कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, मालखाने में रखे शस्त्रों, बंदीगृह की स्थिति तथा परिसर की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लिया। आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए उन्होंने अभिलेखों व रजिस्टरों के उचित रखरखाव पर जोर दिया। एसएसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूर्ण करने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। आगामी त्योहार होली व रमज़ान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संभ्रांत लोगों के साथ शांति बैठक आयोजित करने को कहा गया। साथ ही कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की कड़ी चेतावनी भी जारी की गई।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण,वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की बैठक संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिलाधिकारी ने जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा करते हुए समस्त विभागों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षाकाल में किए जाने वाले वृक्षारोपण हेतु शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन कर कार्य योजना कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानकी प्रभाग़ बदायूं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए व वन विभाग द्वारा 2-3 आदर्श स्थलों का चयन कर सुनियोजित तरीके से वृहद वृक्षारोपण कार्य कराने की रणनीति तैयार करें।

इसके अतिरिक्त समस्त विभागों द्वारा वर्ष 2020-21 22 एवं 22 23 में कराए गए वृक्षारोपण की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट के अंतर्गत स्थलों की सूचना कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बदायूं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं जिन विभागों द्वारा अंतर विभागीय जांच का कार्य प्रस्तावित है, जांच पूर्ण कर रिपोर्ट कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बदायूं को उपलब्ध कराएं। जिला गंगा समिति की समीक्षा के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा सोत एवं अरिल नदी के पुनरोद्धार के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नदी पुनरोद्धार की कार्ययोजना तत्काल तैयार कर सचिव जिला गंगा समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

## डीएम ने एसआई परीक्षा के लिए बनाए गए केन्द्रों का किया निरीक्षण

बदायूँ। उप निरीक्षक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की 14 एवं 15 मार्च 2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने उप निरीक्षक (एसआई) परीक्षा के लिए बनाए गए महात्मा गांधी इंटर कालेज उझानी व राजकीय पॉलिटेक्निक आदि परीक्षा केन्द्रों में की गई सीसीटीवी, प्रकाश, पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल परीक्षा कक्ष, प्रवेश द्वार आदि में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों व परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण व सकुशल रूप से सम्पन्न कराने तथा परीक्षा के लिए समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओ को दिया गया आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 27-2-2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल व पूर्व प्राथमिक विद्यालय पतरौआ की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा ने सभी बालिकाओं को वन हैंड सेल्फ डिफेंस, टू हैंड सेल्फ डिफेंस, एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। सतह ही विद्यालय के शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच रेखा ने बताया कि हर बालिका हो कम उम्र से ही मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी चाहिए।ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की कहा कि अब हमारे गांव की बालिकाएं भी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो गई हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सहयोग संस्था ने बच्चों के साथ मनाई होली, बांटे रंग, पिचकारी व गिफ्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। सहयोग संस्था ने महानगर के मोहल्ला किला स्थित कस्तूरबा विद्यालय के बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया और उन्हें रंग, पिचकारी, मिठाई और गिफ्ट देकर उनके साथ रंग खेला। मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम वित्त राजस्व अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। एडीएम अरविंद कुमार ने कहा कि सहयोग संस्था बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। त्योहारों को एक- दूसरे के साथ मनाने पर आनंद बढ़ जाता है। कहा कि शाहजहांपुर की होली का जिक्र पूरे देश में होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसको जो पीता है वह शेर की तरह दहाड़ता है, इसलिए सभी बच्चों पढ़ाई पर अपना पूरा ध्यान दो। इस दौरान संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान और शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि उनकी संस्था जनहित के सभी कार्यों को सदैव करती रहेगी। संस्था अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना व कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने बताया कि अब उनका अगला कार्यक्रम राजकीय बाल गृह एवं एक छोटे से गांव सुंदरनगर में संपन्न होगा। जिसमें उनकी संस्था होली पर्व की खुशियां सभी बच्चों के साथ बिखेरने का एक छोटा सा प्रयास करेगी। कार्यक्रम में संस्था की स्तुति गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, ममता यादव सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना विश्नोई, सुचिता सिंह, ममता आर्य, ज्योति सक्सेना, मेनिका राठौर, सुधा वर्मा, आराधना श्रीवास्तव, आरती गौतम आदि उपस्थित रहीं।

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## ❒ सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना, जनपद में स्थित विभिन्न चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम व सरल बनाना, सड़कों पर विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाना, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी जानकारी ली। जनपद में सुरक्षा के दृष्टिगत बिना फिटनेस के चलने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मानक विहीन व पुराने हो चुके वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की जाए तथा रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे पर एंबुलेंस पेट्रोलिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। ड्रिंकिंग डाईव व ओवर स्पीड एवं बगैर नम्बरों की गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। हिट एंड रन मामलों में परिवहन विभाग को कराधान अधिनियम/नियमावली के अंतर्गत प्रतिकार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश चंद कटियार, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, एसीएमओ डॉ0 अरविंद कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक अमित सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय, (पुरुष) बदायूं

पत्रांक- मु0चि0अधी0/ नीलामी/2025-26/ दिनाँक 26.02.2026

**विज्ञप्ति-01**

जिला चिकित्सालय पुरुष बदायूं में निष्प्रोज्य घोषित हो चुके उपकरण एवं अन्य सामग्री की नीलामी दिनांक 07.03.2025 दिन शनिवार को सायं 3:00 बजे निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जानी है, इच्छुक व्यक्ति/ बोलीकर्ता उक्त नीलामी में निम्नलिखित धनराशि जमा कर भाग ले सकते हैं। जिला चिकित्सालय, (पुरुष) बदायूं की नीलामी समिति का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।

**शर्तें-**

1. धरोहर राशि 5000=00 ( रु0 पाँच हजार मात्र ) का डिमांड ड्राफ्ट (बैंक डी0डी0) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बदायूं के नाम दिनांक 07.3.2026 की दोपहर 12:00 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. नीलामी की प्रथम बोली 21000=00 से शुरू होगी।
3. बोलीकर्ता का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति, तथा एक फोटो।
4. बोलीकर्ता द्वारा बोली गई अंतिम बोली की धनराशि के एक सप्ताह के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा बोलीकर्ता की धरोहर राशि जप्त कर ली जायेगी।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,**
**जिला चिकित्सालय, बदायूं।**

# अयोध्या रियासत की जमीन भू- माफिओ के निशाने पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । नदीम पुत्र मोहम्मद जलील निवासी बशीर नगर,थाना कोतवाली नगर, गोण्डा का निवासी है,जो कि रियासत अयोध्या का पैरोकार है।नदी म ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कि है। आरोप लगया है कि रियासत अयोध्या की भूमि ग्राम गिर्द गोण्डा नॉन जेड.ए. गाटा संख्या-सात दस, बारह में तहसील दिवस सात फरवरी को

एक शिकायती पत्र दिया गया था और बताया गया था कि गाटा संख्या,सात,दस,और बारह क़े बगल के गाटा संख्या-6 के 42 डि.विमला देवी पत्नी सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी रानी बाजा र बड़गांव, जनपद-गोण्डा जबरदस्ती अपने गाटे में मिलाकर कब्जा कर बेंचने का प्रयास कर रहे थे,जिसकी शिकायत प्रार्थी ने तहसील दिवस में भी में भी 16 फरवरी को दिया था। जहां से ह ल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की टीम ने

मौके पर पहुंच कर जांच किया और विपक्षी की जमीन को चिन्हित किया और प्रार्थी की जमीन को अलग कर दिया था। लेकिन कुछ दिन बीत जाने क़े बाद दबंगों ने रियासत की भूमि गाटा संख्या-6 में ज्यादा रकबा बताकर जबरदस्ती कब्जा कर रहे है।जिसकी शिकायत 27 फरव री को प्रार्थी ने जिला अधिकारी से की, बताया है कि हमारी जमीन पर विपक्षी डब्बू अग्रवाल पुत्र सुरेश अग्रवाल व उनके भाई व विमला देवी व सुरेश अग्रवाल भू-माफिया टाइप के लोग हैं, जो कि मुझे ही फर्जी बता रहे हैं और अयोध्या

रियासत की भूमि को जबरदस्ती कब्जा कर बें चने का प्रयास कर रहे हैं।वही सवाल या उठता है कि जब अयोध्या स्टेट की जमीन ही कब्जा होने से नहीं बचा पाएंगे तो लोगों की जमीन कै से बचेगी। उन्होंने कहा कि कीमती जमीन है, जिस पर भूमाफिया किस्म के लोग अवैध क ब्जा कर रहे हैं।इसकी शिकायत उच्चाधिकारि यों से भी की गई,लेकिन कुछ हुआ नहीं।कब्जे दार आराम से कब्जा कर रहे हैं और जान माल की धमकी दे रहे हैं।

# तीन दिन से गायब युवक का शव, सांसद क़े आवास के बाहर तालाब में मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह के विश्नोहरपुर गांव स्थित आवास के सामने एक तालाब में 40 व र्षीय झगरू का शव मिला है।शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नवाबगंज पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पंचनामा कि या और परिजनों को सूचित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पहचान रजवन पुर वा निवासी झगरू (40) पुत्र दरबारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, झगरू 24 तारीख की शाम को गांव में एक निमंत्रण में गया था।जिसके बाद वह घर नहीं लौटा शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के तालाब में उतराता हुआ मि ला।ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सीओ यूपी सिंह और थानाध्यक्ष अभय सिंह मौके पर पहुंचे।उन्होंने घटना स्थल की जांच-पड़ताल की और ग्रामीणों से भी पूछताछ की। नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव लगभग तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।मृतक की बहन सावित्री ने बताया कि वह गुरुवार को ससुराल से मायके आई थीं, लेकिन भाई झगरू से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई थी।उन्हें शुक्रवार सुबह उसकी मौत की खबर मिली।झगरू के पिता दरबारी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नशे का आदी था, लेकिन वह हमेशा घर लौट आता था और अप ना भोजन स्वयं बनाता था।नशे की आदत के कारण पिता-पुत्र के बीच अक्सर अनबन रहती थी।झगरू अविवाहित था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था।उसके पिता दर बारी भी मजदूरी करते हैं।उसकी माता रमपता का निधन पहले ही हो चुका था।झगरू का छो टा भाई मंगरू विवाहित है और बिहार के गया में रहता है,जबकि उसकी छोटी बहन सावित्री भी विवाहित है।

# सांसद बहराइच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अषोक जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित निकायों के अध्यक्ष, प्रमुखगण, समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना गारण्टी की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दे। इसी प्रकार उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देष दिया कि स्वयं सहायता समूहों की संख्यात्मक सूची एवं लखपति दीदियों की सूची भी उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देष दिये गये। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार का अधिक से अधिक कृषक लाभ प्राप्त कर सके। इसके लिए मण्डी सचिव को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बाहरी मण्डी में उपज की बिक्री हेतु किसानों को सहयोग प्रदान करने के निर्देष दिये गये। उप निदेषक कृषि को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भुगतान की गयी धनराषि व कृषको की सूची मा. जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करने के निर्देष दिये गये।

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा निर्देष दिया गया कि समस्त चिन्हित स्थानों पर षीघ्र से षीघ्र जन औषधि केंद्रों को संचालित कर आमजन को सभी अनुमन्य औषधियां उपलब्ध करायी जाय। उन्होनें जन औषधि केन्द्रों पर वेण्डर नामित किये जाने के निर्देष दिये गये। बैठक के दौरान जिला दिव्यांगजन सषक्तिकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 व 25 दिसम्बर 2025 को विकास भवन व महराज सिंह इण्टर कालेज में दिव्यांगजनों को जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण कराया गया है। इस सम्बंध में सभी पात्र दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाय।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. गोंड द्वारा सुझाव दिया गया कि जो मार्ग अतिआवश्यक है उनके प्रस्ताव की प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाय। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत चयनित कलस्टरों के अवशेष कार्य को पूर्ण करने के लिए सांसद द्वारा समय सीमा तय किये जाने का निर्देश दिया गया। आर-सेटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निदेशक द्वारा बताया गया कि अब तक 797 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। सांसद ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ऋण दिलाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जाय तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय।

बैठक के दौरान अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स, राष्ट्रीय पशु रोग नियमंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान, एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 1.0, समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, ई-श्रम पोर्टल, अटल पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया कि सदन में प्राप्त हुए निर्देशों तथा सुझावों का आगामी बैठक से पूर्व अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इससे पूर्व डीएम व मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र द्वारा बैठक में आये हुए जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी ने किया। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच सुंदरेषा व कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित, सीएमओ डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# 21.3 किलोग्राम गांजा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश पुलिस (थाना मोतीपुर) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21.3 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

यह कार्रवाई 59वीं वाहिनी की खुफिया शाखा से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिली थी कि भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 665 से लगभग 13 किलोमीटर दूर ग्राम गोपिया (थाना मोतीपुर, जिला बहराइच) निवासी चंद्र प्रकाश (पिता ऽ ओंकार नाथ) ने बिक्री के उद्देश्य से अपने घर में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसबी सीमा चौकी बलाईगांव के जवानों, स्वान दस्ते के प्रशिक्षित डॉग 'रॉक', एनसीबी लखनऊ के तीन अधिकारियों तथा थाना मोतीपुर के तीन पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीम ने दोपहर लगभग 3:15 बजे संदिग्ध स्थान पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान मुख्य आरोपी चंद्र प्रकाश मौके से फरार हो गया, जबकि उसके पिता ओंकार नाथ घर पर मौजूद मिले। टीम ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत निर्धारित सभी कानूनी तलाशी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्निफर डॉग 'रॉक' ने एक कमरे में रखे पीले रंग के बोरे की ओर संकेत किया। एनसीबी अधिकारियों एवं गवाहों की उपस्थिति में बोरा खोले जाने पर उसमें भूरे रंग के कवर में लिपटे छह प्लास्टिक पैकेट बरामद हुए। जांच में इन पैकेटों से गांजे की गंध पाई गई। वजन करने पर कुल 21.3 किलोग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 के अंतर्गत मादक पदार्थों का अवैध भंडारण दंडनीय अपराध है। मामले में आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बरामद गांजा समस्त आवश्यक कागजी औपचारिकताओं के उपरांत आगे की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया है।

# होली पर्व पर साफ-सफाई व जलापूर्ति के रहेंगे बेहतर प्रबन्धः ई.ओ. प्रमिता सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अधि.अभि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह ने बताया कि होली त्योहार के अवसर पर 03 व 04 मार्च को पूर्व वर्षों की भांति नगर क्षेत्र सभी नलकूपों से अनवरत जलापूर्ति व्यवस्था के प्रभावी पर्यवेक्षण, समय से बाधित जलापूर्ति को चालू कराने, नगर क्षेत्र की समुचित साफ-सफाई व नालियों की सफाई, मलबा एवं कूड़ा उठान तथा चूनाकारी की व्यवस्था के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के नगर पालिका कार्मिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ई.ओ. ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में जनरेटर के माध्यम से लोवर हेड टेंकों को लोड किया जायेगा तथा आवश्यक्तानुसार नलकूपों को भी जनरेटर से संचालित कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि सफाई नायकों को होलिका दहन स्थलों के आस-पास समुचित सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं चूनाकारी के लिए निर्देशित किया गया है। अधि.अधि. श्रीमती सिंह ने बताया कि जच्चा बच्चा केन्द्र, डीएम चौराहा, एसपी आफिस, कचेहारी रोड खत्रीपुरा, पानी टंकी सिविल लाइन (प्लानिंग कालोनी), बड़ीहाट, छोटी बाज़ार, सिद्यारनी मन्दिर, घसियारीपुरा, गुलाअलहपुरा, फुटहा कालोनी, दरगाह शरीफ, गल्ला मण्डी, सलारगंज, गुल्लाबीर, किला, काज़ीपुरा, बशीरगंज, घण्टाघर व वज़ीरबाग इत्यादि क्षेत्रों में स्थापित नलकूपों के लिए निकाय कार्मिकों को सतत पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# थानों में नहीं सुनी जाती पीड़ितो की फरियाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । जिले में इन दिनों थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों पर आम लोगों का भरोसा कम हुआ है,थाने में आने वाले फरियादियों की गुहार सुनने वाला कोई नहीं है।यही वजह है कि फरि यादियों की भीड़ एसपी कार्यालय की ओर बढ़ी रही है,सत्यमेव जयते स्लोगन उत्तर प्रदेश पुलि स का है लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है,वैसे तो बड़े अधिकारियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिलना चाहिए।इसके बावजूद इंसाफ देना तो दूर,थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है।ऐसी परिस्थिति में आला अफ सरों के यहां फरियादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।सोमवार से लेकर शनिवार तक गोण्डा

डीआईजी कार्यालय हो या फिर कचहरी स्थित एसपी कार्यालय अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रहती है सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उन की बात नहीं सुनी जा रही है,इसलिए एसपी ऑफिस पर आए है।

### आला अधिकारियों के पास उमड़ती है भीड़

पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक के जिम्मे कई महत्वपूर्ण काम है,देवीपाटन मण्डल होने के नाते आईजी को कई अहम जिम्मेदारियां दिन भर निभाना होता है लेकिन आपको जान कर हैरानी होगी कि आईजी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है। वही एसपी ऑफिस में ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन 50 से अधिक लोग एसपी के पास अपनी फरियाद लेकर नहीं पहुंचते हैं। सूत्रों के मुताबिक अगर आंकड़ों की बात करें तो एक महीने में लगभग एक हजार से ज्यादा लोग एसपी के कार्यालय पहुंचकर यह शिकाय त करते नजर आते हैं कि उक्त थानेदार ने उन की बात नहीं सुनी है,यह आंकड़ा तो सिर्फ एस पी ऑफिस का है अगर पूरे जिले की बात करें तो ग्रामीण एएसपी ,(पूर्वी) एएसपी (पश्चिमी ) सीओ नगर,सीओ सिटी,सीओ मनकापुर, सीओ तरबगंज,सीओ करनैलगंज के कार्यालय पहुंच कर हर दिन दर्जनों लोग अपनी फरियाद सुनाते हैं।

### क्या कहते हैं आंकड़े

एसपी के कचहरी स्थित कार्यालय में हर रोज 50 लोग से ज्यादा आते हैं,एएसपी पूर्वी और के यहां भी औसतन 40 लोग हर रोज आते हैं।सीओ सिटी के यहां भी औसतन दस लोग हर दिन पहुंचते हैं।जबकि सदर सीओ, मनकापुर सीओ,तरबगंज सीओ,मनकापुर सीओ,के दफ्त रों में भी औसतन हर रोज दस से ज्यादा लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं।

### क्या कहते हैं फरियादी

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इसलिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि कहीं थाना स्तर से मामला बिगड़ ना जाए।गोंड़ा एसपी के कार्यालय में मौखिक रूप से एक व्यक्ति ने बताया कि वह एसपी से मिलने आया है।उनका कहना था कि थाना में उनकी फरियाद नहीं सुनी जाती है,दरअसल, उनके साथ मारपीट करते हैं लेकिन जब वह थाना गई तो वहां उनकी बात नहीं सुनी गई है। जिसके बाद मजबूरी बस उन्हें एसपी के यहां अपनी फरियाद लेकर आना पड़ा है उसी व्यक्ति की तरह कई ऐसे लोग हैं जिनकी फरियाद था नों में अनसुनी कर दी जाती है.इसलिए वे गोंडा जिले के पुलिस कप्तान के पास अपनी फरिया द लेकर पहुंचते हैं।

### क्या फ़ेल हो रहा निचला तंत्र..?

किसी भी जिले में लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने तक पहुंचते हैं अगर वहां उनकी बा त नहीं सुनी जाती है तब वे एसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारियों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में उत्तर प्रदेशपुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हो चुका है..? गोंड़ा एसपी विनीत जायसवाल के अनुसा र दिन के पहले हाफ में वे आमलोगों से मिलते हैं अपने जूनियर पर अधिकारियों का बचाव क रते हुए एसपी बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हों चूका है वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर भी लोग उ न तक पहुंचते हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले भी हो ते हैं जिनमें थाना स्तर से लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पाता है या फिर थाने पर उन्हें उचित माध्यम समझा नहीं पाते है ऐसे में लोग उनके पास पहुंचते हैं,लेकिन यह कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हों चुका है।

### सीयूजी नम्बर चौबीस घण्टे खुला रहता

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय में भी फरियादियों की संख्या कम नहीं होती है पुलिस मुख्यालय में भी औसतन हर महीने पांच सौ से ज्यादा आ वेदन अलग-अलग जिलों से आते हैं.मुख्यालय में आवेदन पर कार्रवाई के लिए बकायदा एक टीम काम करती है जो डीजीपी के आदेश पर जिलों के पुलिस अधीक्षकों को उस संबंध में अवगत करवाकर कार्रवाई करने का निर्देश देती है।उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी के अनुसार पुलिस का प्रमुख उद्दे श्य लोगों की सेवा करना है और अगर उनकी बात कोई नहीं सुन रहा है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं या फिर उनको अगर कोई परेशानी भी है तब भी वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# डीपीआरओ पर लगाया गंभीर आरोप,जांच रिपोर्ट के बावजूद नहीं कर रहे कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### ढ़ोढ़ियापारा में एक व्यक्ति को दो बार आवास आवंटन,जांच में पुष्टी पर

गोंडा । एक ओर जहां आज हर पंचायत में जरूर तमंद को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं एक ही व्यक्ति को ही दो दो बार आवास योजना का लाभ मिल जा रहा है,वजीर गंज ब्लॉक कर्मियों के कारस्तानी का यह नया मामला नहीं है यदि निष्पक्ष रूप से जांच हो तो कई पंचायतों में इस तरह के कई सनसनीखेज मामले सामने आ सकते हैं,एक तरफ जहाँ जरू रतमंदों को आवास के लिये अपनी एक चप्पलें घिसने के बाद भी आवास नहीं मिलता,वहीं ए क व्यक्ति पर अपने रसूख और प्रधान समेत ब्लाक कर्मियों व अधिकारियों की मिलीभगत से दो आवास लेने का गंभीर आरोप लगा है।जिसमें पहले की जांच रिपोर्ट में दोषी होने के बावजूद अब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई।प्रकरण जिले के वजीरगंज विकास खंड का है,जहाँ ग्राम ढ़ोढ़ियापारा निवासी अशो क कुमार सिंह पुत्र इन्द्रदेव सिंह ने डीएम प्रियं का निरंजन को दिये अपने शिकायती पत्र में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये बताया कि, गांव के रहने वाले जगन्नाथ पुत्र नीबर को सरकारी कर्मचारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत व अनुचित लाभ लेकर उसे दो बार आवास देने की पुष्टि भिन्न-भिन्न अधिकारी द्वारा जांच रिपो र्ट में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें स्पष्ट लिखा है कि एक ही व्यक्ति को दो बार आवास का लाभ दिया गया है लेकिन जिला पंचायत राज अधि कारी द्वारा ग्राम प्रधान व सचिव से केवल धन की उगाही करते हैं, इस कारण कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा प्र स्तुत जांच रिपोर्ट का अवलोकन करके सम्ब न्धित दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग की है।वही विशे षज्ञ बताते हैं कि आवास योजना का उद्देश्य है कि सभी जरूरतमंद को पक्का मकान मिले। आवास के लिए पहली शर्त यह है कि आवास योजना का लाभ उसे ही मिलेगा जिसके पास पहले से कोई पक्का मकान नहीं हो।इस योज ना की दूसरी शर्त है कि परिवार के किसी सद स्य को भारत सरकार की किसी योजना के तह त आवास योजना का लाभ ना मिला हो।यदि परिवार में के किसी सदस्य को सरकारी योज ना के तहत आवास का लाभ मिला है,तो उस परिवार के किसी अन्य सदस्य को आवास योज ना का लाभ नहीं मिल सकता है।वही इस प्रकर ण की जानकारी जब डीपीआरओ लाल जी दुबे से ली गई तो उन्होंने बताया क्या शिकायत कर्ता ने क्या आपको कोई प्रमाण पत्र दिया है ऐ से में हम कुछ नहीं कह सकते हैं फाइल देखना पड़ेगा क्या हुआ क्या नहीं हुआ है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

## नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को अपनी ओर किया आकर्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने और जन समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशन सिंह ने किया उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन की शिक्षा बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की नींव होती है। निपुण भारत मिशन का उद्देश्य बच्चों को पढ़ने, लिखने और गणित की बुनियादी समझ प्रारंभिक स्तर पर ही सुदृढ़ करना है। ताकि आगे की शिक्षा सरल और प्रभावी हो सके। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच हैं। ॖहमारा आंगन, हमारे बच्चेॗ जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व से जोड़ते हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कविताएं, बाल गीत और छोटी-छोटी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित अभिभावक भावविभोर हो उठे। बच्चों की आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि सही मार्गदर्शन और वातावरण मिलने पर वे बड़ी आसानी से सीख सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक जायसवाल, राकेश पटेल, जितेंद्र कुमार ,नीरज शुक्ला, सय्यदा, डॉक्टर सुगंध अग्रवाल, शबाना, अवंती गंगवार ,अंजलि गंगवार, डोली सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही हैं।

# टीवी मुक्त भारत अभियान का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश अनुसार चिन्हित टीवी मुक्त पंचायत के भ्रमण के लिए डॉ उमा खान सहायक प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज पीलीभीत के टीम द्वारा चिन्हित पंचायत का भ्रमण किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टीवी यूनिट,आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया जगतपुर एवं नारायणपुर ता घुघचाई के कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर एवं आशा के साथ ही गांव वाशियो के साथ संबंधित प्रधान से बात की गई।जिसमें यह पाया गया कि संबंधित पंचायत में कोई भी टीवी का मरीज नहीं है।जिसके उपरांत उपरोक्त पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर मनीष राज शर्मा,गोविंदर,आशीष यादव, अब्दुल खालिद, अजीत कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

## ग्राम पंचायत अमरगंज में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की ली गई शपथ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार महिला कल्याण विभाग के माध्यम से विकास खण्ड ललौरीखेड़ा की ग्राम पंचायत अमरगंज में बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए एवं बाल विवाह के मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ली गई। विभाग ने जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उ0प्र0 कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है।इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक,ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे है।

## पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को स्मैक के साथ धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मंगल उर्फ शिवमंगल पुत्र रामभवन निवासी ग्राम पिण्डारा महराज थाना मुसाफिरखान जनपद अमेठी उम्र करीब छब्बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार मंगल उर्फ शिवमंगल एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद बाराबंकी व अमेठी में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट आदि की विभिन्न धाराओं में कुल नौ अभियोग पंजीकृत हैं।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ शातिर अपराधी को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राम अचल यादव पुत्र उदयराज यादव निवासी ग्राम कनकापुर मजरे भीमी थाना अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी के विभिन्न थानो में डकैती का प्रयास, आर्म्स एक्ट, मारपीट आदि की विभिन्न धाराओं में कुल सात अभियोग पंजीकृत हैं।

## क्षेत्र पंचायत तिलोई की आज होगी बैठक

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड तिलोई स्थित राजा बहादुर मोहन सिंह सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आगामी अठाइस फ़रवरी को होगी। क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगे और बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह करेंगी। खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र पंचायत तिलोई की बैठक आगामी अठाइस फ़रवरी को पूर्वान्ह ग्यारह बजे से विकास खण्ड सभागार में आयोजित की जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र पंचायत की बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि,कृषि एवं सहकारिता विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं पशुपालन कार्यक्रम,पेयजल, विद्युत तथा सिचाई तथा स्वच्छता कार्यक्रम पर विचार होगा। खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने बताया कि मनरेगा,चतुर्थ / पंचम राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त के साथ ही राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के साथ ही ग्राम पंचायतो में संचालित गौशालाओ के संचालन और गौवंश सरक्षण पर बिचार होगा। इसके अलावा अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति से विचार होगा।

## सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट कर लौटे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने बढाई जनपद मे सक्रियता सपा नेताओं से की मुलाकात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव एवं सछास के पूर्व प्रदेश सचिव/पूर्व जिलाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट कर लौटे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा के पूरनपुर आगमन पर आत्मीय भेंट की।ज्ञातव्य है कि पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शिष्टाचार मुलाकात की थी। जिसके बाद भेंट कर लौटे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने जनपद मे सक्रियता बढ़ा दी इसी क्रम मे उन्होंने पूरनपुर के सपा नेताओं से मुलाकात का सिलसिला शुरू किया उनके जनपद आगमन पर यह सपा नेताओं की प्रथम सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई, जिसमें राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा की गई।बैठक के दौरान जनपद की वर्तमान परिस्थितियों,संगठन की मजबूती तथा आगामी समय की रणनीति पर विस्तार से विचार–विमर्श हुआ। सभी नेताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर आपसी विश्वास, समन्वय और समर्पण की भावना को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने और आम जनता की आवाज़ बुलंद करने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

## आगामी मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन 2026 का आयोजन बैंतीकला में

सुलतानपुर। निषाद भवन, विनोवापुरी में मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन 2026 व मोस्ट कार्य–कार्यक्रम विस्तार हेतु मीटिंग की गई। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगला मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन जून माह में विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा के बैंतीकला में किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक रज्जन प्रसाद प्रदेश निर्णायक कमेटी मोस्ट, संचालन राम उजागिर यादव जनरल सेक्रेटरी मोस्ट, अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद करेंगे। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि यदि संविधान को मानने वाले राजनीतिक दलों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट दिया जाता है तो मोस्ट पदाधिकारियों को चुनाव लड़ाया जाए। मीटिंग में सर्वसम्मति से निशा बौद्ध को महासचिव महिला विंग व मौसम बौद्ध को जिला सह संयोजक चयनित किया गया। मीटिंग में मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ॖगुरूजीॗ, प्रदेश कमेटी बाबू रज्जन प्रसाद, प्रदेश कमेटी इ. मनोरम वर्मा, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, प्रदेश कमेटी मोस्ट पूर्व विधायक सफ़दर रजा खां, जिला प्रमुख डा. गोविन्द भगत, जिला प्रमुख महिला विंग नंदनी बौद्ध, जिला संयोजक राकेश निषाद, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र निषाद, प्रमुख धनपतगंज रमाकांत यादव, संयोजक जयसिंहपुर विवेक निषाद, डा. राहुल निषाद, मोस्ट रक्षक दल रोहित निषाद, लालजी बौद्ध, ब्लॉक संयोजक रवि निषाद, राधा निषाद, राकेश यादव प्रदेश कमेटी मोस्ट सहित दर्जनों मोस्ट पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिकायत पर सौदेबाज़ी का खेल, विनियमित क्षेत्र के जेई पर गंभीर आरोप

सुल्तानपुर । विनियमित क्षेत्र कार्यालय में दर्ज होने वाली शिकायतों को लेकर चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि यहां तैनात अवर अभियंता उमेश चंद्र यादव शिकायतकर्ताओं के बजाय आरोपित पक्ष को पहले सूचना देकर मैनेज करने का मौका देते हैं।सूत्रों के अनुसार जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज होती है उन्हें कथित रूप से यह बता दिया जाता है कि फलां व्यक्ति ने आपके खिलाफ शिकायत की है जाकर मामला निपटा लो। इससे शिकायतों की निष्पक्ष जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मामला उस समय और गंभीर हो गया जब जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी सदर ने दिनांक 01–12–2025 को विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता से तीन शिकायती पत्रों पर आख्या मांगी। ये शिकायतें विभागीय रजिस्टर क्रमांक 27, 28 और 29 में दर्ज होकर जेई को सौंपी गई थीं।आरोप है कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के स्पष्ट आदेश के बावजूद संबंधित जेई ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और कथित रूप से संबंधित पक्षों से सौदेबाज़ी कर मामला दबाने का प्रयास किया। वही दूसरी शिकायत पर उपजिलाधिकारी सदर ने दिनांक 2 फ़रवरी को विभागीय रजिस्टर क्रमांक स 106 पर दर्ज कर जेई से स्पष्ट आख्या मांगी गई थी ।

# कृषि ट्रेड डील के विरोध में भाकियू ने किया विरोध प्रदर्शन अरमान अधूरा पुलिस ने छीना पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कृषि ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया इस दौरान भाकियू ने पूरनपुर तहसील के सिरसा चौराहा पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंकने की चेतावनी दी थी किसान सुबह 11 बजे सिरसा चौराहा पर एकत्रित हुए किसानों ने तहसील भवन से रोष मार्च निकालते हुए सिरसा चौराहा पर पहुंचे इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू चढ़ूनी की जिला अध्यक्ष ने किया जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसान अपनी जीविका चलाने के लिए खेती करते हैं जबकि अमेरिका के देशों में खेती व्यापार के तरीके से की जाती है अमेरिका में सैकड़ों एकड़ के किसान हैं, जबकि भारत में मात्र दो-तीन एकड़ का किसान है भारत का किसान अमेरिका के किसान का मुकाबला नहीं कर सकता है जिस के तहत डेरी फार्म, कपास, मक्का, सोयाबीन इत्यादि फसलों का आयात अमेरिका से होगा तो देश के किसान बर्बाद हो जाएंगे किसानों ने कहा कि यदि सरकार ने यह डील रद्द नहीं की तो 23 मार्च की रैली में किसान सरकार से आर पार की लड़ाई की घोषणा करेंगे उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से सरकार ने देश की कृषि व किसानों की बोली लगा दी है इससे देश, कृषि, किसान और अर्थ व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो जाएगी अमेरिका से जीरो प्रतिशत टैक्स पर सामान आयत होगा और जो सामान हमारे देश से अमेरिका जाएगा उस पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा भारत-अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते का विरोध करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के दबाव में आकर भारतीय बाजारों को खोल दिया है और अमेरिकी उत्पादों पर 0 प्रतिशत आयात शुल्क की अनुमति दी है यह समझौता दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह समझौता भारत को रियायती रूसी तेल खरीदने से रोकेगा और अमेरिका से अधिक तेल खरीदने के लिए मजबूर करेगा किसानों को पुतला दहन से रोकने के लिए पूरनपुर कोतवाली के साथ-साथ सेहरामऊ, माधोटांडा और घुंघचिहाई थानों की पुलिस फोर्स नगर में तैनात की गई सिरसा चौराहा, घुंघचिहाई चौराहा, मंडी समिति गेट और तहसील परिसर सहित कई स्थानों पर पुलिस मुस्तैद रही उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया भी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थेपुलिस वालो को और तहसील कर्मचारियों को भी सिविल ड्रेस मे एहतियातन विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया तहसील परिसर में भी किसान संगठन और प्रशासन के बीच पुतला दहन को लेकर हल्की फुल्की नोक झोंक हुई पुलिस क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक ने किसानो को काफी समझाने का प्रयास किया इसके बावजूद किसान नहीं माने और तहसील से पैदल मार्च करते हुए आगे बढ़ गए और सिरसा चौराहा पर एक गाड़ी मे पुतला भी पहुंचा दिया गया जैसे ही किसानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला फूंकने की कोशिश की वहां पहले से मुस्तैद पुलिस ने पुतला छीन लिया इस मौके पर भूपेंद्र सिंह तराई प्रदेश अध्यक्ष, गुरविंदर सिंह प्रदेश सचिव, गुरजिंदर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, मनदीप सिंह तहसील प्रभारी कलीनगर, गुरप्रीत सिंह तहसील

## क्षेत्र में स्मैक कारोबार पर नहीं लग रहा अंकुश, युवाओं का भविष्य दांव पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र बल्दीराय में स्मैक का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बहुरावां, हैहनाखुर्द, बल्दीराय, भवानीगढ़, देवरा और बचनगंज समेत कई गांवों में खुलेआम स्मैक की बिक्री किए जाने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नशे का यह काला कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है और जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग और पुलिस की मिलीभगत से यह अवैध धंधा फल-फूल रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि बहुरावां गांव की एक महिला ने स्मैक बिक्री की लिखित शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारण युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है। कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से टूट चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्मैक की लत के चलते सैकड़ों घर बिखर चुके हैं और कई परिवार बेघर होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। जनपद में नए पुलिस अधीक्षक के आगमन के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि अवैध कारोबार पर लगाम लगेगी, लेकिन हालात में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। प्रशासन की निष्क्रियता से क्षेत्रवासियों में निराशा व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्मैक के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही पुलिस और जिम्मेदार विभाग की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाए, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## विश्व हिन्दू परिषद ने गौशाला में भ्रष्टाचार का लगायाआरोप एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग

पूरनपुर।विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष और उनकी टीम ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को पत्र सौंपकर कर गौशाला मे फैले भ्रष्टाचार की जॉच कर करवाही की मांग की पूरनपुर तहसील के गढ़ा कला स्थित गौशाला में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए विश्व हिन्दू परिषद ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा विहिप का आरोप है कि गौशाला में गौ–माता के रक्षण, संरक्षण और पालन की सरकारी योजनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है मृत गौवंश को तय मानकों के विपरीत दो फीट से भी कम गहरे गड्ढों में दफनाया गया है,जिससे उनके अवशेष मिट्टी से बाहर निकल आए गौशाला के संचालन और रख–रखाव के लिए सरकार द्वारा दी गई अनुदान राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है इसके अतिरिक्त, घायल तथा सड़कों पर घूम रहे गौवंशीय पशुओं को गौशाला में शरण न दिए जाने की भी शिकायत की गई है जब उन्होंने स्थानीय लोगों को समझाने का प्रयास किया,तो ग्राम प्रधान के पुत्र आकाश ने शासन–प्रशासन के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी, जिससे कार्यकर्ताओं में रोष बढ़ गया विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष पूरनपुर प्रदीप शर्मा और प्रखण्ड मंत्री अभिषेक मिश्रा ने मांग की है कि गौशाला की संचालन व्यवस्था की किसी सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए उन्होंने दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अनुदान राशि के उपयोग की भी जांच की मांग की है।

## ओटीएस 2025–26 का अंतिम अवसर आज हरिपुर उपकेंद्र पर विशेष कैंप आयोजन

पूरनपुर।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित ओटीएस 2025–26 योजना का तीसरा एवं अंतिम चरण 28 फरवरी 2026 को समाप्त हो रहा है।विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह बकाया बिजली बिल से जूझ रहे घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अंतिम और महत्वपूर्ण अवसर है हरिपुर उपकेंद्र पर आयोजित विशेष कैंप में उपभोक्ता मौके पर ही पंजीकरण एवं भुगतान कर सकते हैं।

# दो बच्चों की माँ से दुष्कर्म एवं गर्भपात कराने का आरोपी सिपाही भेजा गया जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



डायल–112 का सिपाही आमिर फिरदौस खान खुद को कुंवारा बताकर कई महीनों से महिला का करता रहा यौन शोषण

सुल्तानपुर। पति से अनबन होने के बाद दो बच्चों के साथ अलग रह रही महिला को प्रेम जाल में फंसाकर कई महीनो से दुष्कर्म करने एवं गर्भपात कराने समेत अन्य गम्भीर आरोपो से जुड़े मामले में बल्दीराय थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 के सिपाही आमिर फिरदौस खान उर्फ एएफ खान को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने मामले में आरोपी सिपाही की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे 10 मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। बल्दीराय थाने की एक गांव की रहने वाली महिला ने बल्दीराय थाना क्षेत्र में डायल 112 में तैनात सिपाही आमिर फिरदौस खान के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला के आरोप के मुताबिक उनके पति ने दूसरा विवाह कर लिया है और वह अपने दो बच्चों के साथ रहती है। आरोप के मुताबिक आरोपी सिपाही उनसे अक्सर मिलने आता था और उसने खुद को गैर शादीशुदा बताते हुए पीड़िता को शादी का झांसा देकर उनसे गत अक्टूबर महीने से दुष्कर्म करता रहा। आरोप के मुताबिक यौन शोषण की शिकार हुई महिला गर्भवती भी हो गई,जिसकी जानकारी मिलने पर आरोपी सिपाही ने उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया और मारा-पीटा एवं धमकी भी दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर बुधवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने तत्काल प्रभाव से आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मामले में चंदौली जिले के साहबगंज थाने के भोड़सर गांव के रहने वाले आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया। जिसकी न्यायिक रिमांड स्वीकार करते हुए अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

## नगर पंचायत बरखेड़ा में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक का हुआ आयोजन

पीलीभीत।जिलाधिकारी महोदय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार नगर पंचायत बरखेड़ा में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला कल्याण विभाग से काउंसलर अभिषेक शुक्ला द्वारा समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बताया गया कि समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभ प्राप्त करना है। इसी क्रम में मनोज कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, यूपी कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए एवं उपस्थित सभासदों को हेल्पलाइन नम्बरों इत्यादि की जानकारी दी गई । ततपश्चात बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ली गई।बैठक में चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, सभासद एवं महिला कल्याण विभाग से काउंसलर अभिषेक शुक्ला एवं मनोज कुमार उपस्थित रहे हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर चारू निगम के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयो पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं/बालिकाओं व स्कूली छात्राओ को पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

## सम्पादकीय

# बहुत शांत

कक्षाएं शांत होती जा रही हैं। विचार के साथ आने वाली चिंतनशील शांति में नहीं, बल्कि एक गहरी, स्थायी स्थिरता में जो भारतीय विश्वविद्यालयों में परिचित हो गई है। शैक्षणिक जीवन के एक करीबी पर्यवेक्षक के रूप में, मैंने देखा है कि यह शांति हमारे विश्वविद्यालयों में लगातार फैल रही है, तथा सीखने की प्रक्रिया को बदल रही है। उपस्थिति पैटर्न परिवर्तन का केवल एक हिस्सा ही प्रकट करता है। इससे भी अधिक आश्चर्यजनक बात यह है कि अब छात्रों का शिक्षाविदों के साथ रिश्ता बदल गया है। कक्षा, जो कभी बौद्धिक जीवन का निर्विवाद केंद्र हुआ करती थी, धीरे-धीरे अपना आकर्षण खो रही है। छात्र कम बार आते हैं, कम समय तक रुकते हैं, तथा दूर से सीखने में तेजी से संलग्न होते हैं। विश्वविद्यालय को एक साझा स्थान के रूप में प्रस्तुत करने का विचार, जिसमें उपस्थिति और भागीदारी की आवश्यकता होती है, कमजोर होता जा रहा है। सबसे अधिक दिखाई देने वाले बदलावों में से एक है पढ़ने की आदत। पुस्तकें, जो कभी विचारों के धीमी गति से निर्माण में सहायक होती थीं, अब स्क्रीन और पोर्टल की ओर झुक गई हैं। अब ज्ञान का सामना ऑनलाइन संसाधनों, सारांशों और खोज योग्य पाठों के माध्यम से किया जाता है। हालांकि इससे पहुंच बढ़ गई है, लेकिन ध्यान भी कम हो गया है। पढ़ना इमर्सिव के बजाय कुशल हो गया है, तथा निरंतर पढ़ने के बजाय चयनात्मक हो गया है। किसी कठिन तर्क के साथ बैठने, पुनः पढ़ने, चिंतन करने तथा किसी पाठ से चुपचाप असहमत होने के लिए आवश्यक धैर्य कम होता जा रहा है। सबसे अधिक परेशान करने वाली क्षति द्वंद्वात्मक सहभागिता में गिरावट है। कक्षा का उद्देश्य कभी भी मौन रहना नहीं था। इसमें ऐसे प्रश्न शामिल थे जो व्याख्यान में बाधा डालते थे, बहसें जो निष्कर्षों को अनिर्णीत कर देती थीं, तथा बातचीत जो पाठ्यक्रम से परे होती थी। आज, कई छात्र बोलने में संकोच करते हैं, चुनौती देते हैं, या गलत होने का जोखिम उठाते हैं। इस प्रकार मौन असहमति का स्थान ले लेता है। शिक्षण में एकतरफा प्रदर्शन और सीखने का निष्क्रिय स्वागत कार्य होने का जोखिम है। महामारी के बाद की स्थिति में विश्वविद्यालय में कई स्थानों पर कक्षाएं अप्रत्याशित रूप से खाली हो गई हैं। उपस्थिति को अब शिक्षा का अभिन्न अंग नहीं माना जाता, बल्कि इसे वैकल्पिक माना जाता है। इससे शैक्षणिक जीवन की लय बदल गई है। जब छात्र शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, तो चर्चा को बनाए रखने वाली साझा ऊर्जा कमजोर हो जाती है। विचार उस तात्कालिकता को खो देते हैं जो वास्तविक समय में, उन साथियों की संगति में परीक्षण किए जाने से आती है जो प्रश्न पूछते हैं, प्रतिस्पर्धा करते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं। यहां जो दांव पर लगा है वह अनुशासन या अनुपालन नहीं, बल्कि मूल्य है। विश्वविद्यालय लंबे समय से एक ऐसा स्थान रहा है जहां प्रश्नों का उतना ही महत्व था जितना कि उत्तरों का। इसने छात्रों को जोर से सोचने, ध्यानपूर्वक सुनने और असहमति के माध्यम से अपनी स्थिति को परिष्कृत करने का प्रशिक्षण दिया। ऐसी आदतें बार-बार मिलने, साझा ध्यान देने और उपस्थित होने के अनुशासन के माध्यम से विकसित होती हैं। शांत कक्षाएं इस बात को लेकर बड़ी चिंता पैदा करती हैं कि अब शिक्षा का अनुभव किस प्रकार किया जा रहा है। सीखना तेजी से एक निजी गतिविधि की तरह होता जा रहा है, जो व्यक्तिगत रूप से और अक्सर दूर से पूरा किया जाता है। फिर भी बौद्धिक विकास हमेशा सामूहिक आदान-प्रदान पर निर्भर रहा है। विचार तब गहरा होता है जब उसे दूसरों की उपस्थिति में बोला जाता है, विवादित किया जाता है और संशोधित किया जाता है। एकांतवास दक्षता को बढ़ा सकता है, लेकिन यह शायद ही कभी बुद्धि का पोषण करता है। यह प्रतिबिंब प्रौद्योगिकी या परिवर्तन के विरुद्ध कोई तर्क नहीं है। डिजिटल संसाधनों ने छात्रवृत्ति को निर्विवाद रूप से समृद्ध बनाया है और जांच के नए रास्ते खोले हैं। लेकिन वे मानवीय मुलाकात की जगह नहीं ले सकते जो शिक्षण और सीखने के मूल में है।

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है?




एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें। यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में ‘संस्थागत अध्ययन’ का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना। **-ललित गर्ग**

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीअई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीअई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं।

## सेहत मंत्र

# रोजाना आधी बीयर पीने से बढ़ सकती है आपकी उम्र, अध्ययन में हुआ खुलासा


आप अगर किसी से सवाल करेंगे कि अल्कोहल का सेवन करना सही है या गलत, तो वो आपको सीधा जवाब इसका यही देगा कि शराब का सेवन करना हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है और इससे हमारे शरीर में कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं शराब आपके जीवन को बढ़ा भी सकती है। हाल में एक अध्ययन ने इस बात को पूरी तरह से सही नहीं ठहराया है। अगर आप बहुत ज्यादा बीयर लवर हैं तो ये आपके लिए ये खबर खुशखबरी की हो सकती है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खोजा है कि रोजाना अगर आप थोड़ी-थोड़ी बीयर पीते हैं तो इससे आपकी उम्र बढ़ सकती है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग आधी-आधी बीयर रोजाना पीते हैं, वो उन लोगों की तुलना में जो लोग बीयर नहीं पीते- करीब 81 प्रतिशत तक अपनी उम्र को बढ़ाने का काम करते हैं। हालांकि, महिला के मामले में ये एक उम्र तक पहुंचने की संभावना एक तिहाई तक बढ़ जाती है। अध्ययन में मास्ट्रिच विश्वविद्यालय, नीदरलैंड के शोधकर्ता ने खुलासा किया है कि जो शख्स रोजाना दो से तीन शॉट्स बीयर के पीते हैं वो लोग 90साल तक आसानी से पहुंच सकते हैं वो भी उन लोगों की तुलना में जो लोग अल्कोहल का सेवन नहीं करते हैं। शोधकर्ताओं ने शराब पीने वाले 5,500 लोगों की आदतों को जांचने की कोशिश की। इन सभी का विश्लेषण करने के बाद ये पाया गया कि पुरुषों और महिलाओं दोनों में शराब के सेवन के बीच एक सकारात्मक संबंध हैं। बीयर के एक शॉट्स में 208 कैलोरी होती है और बीयर में 4 से 6 प्रतिशत तक अल्कोहल की मात्रा होती है, जो कि 0.5 से 20 प्रतिशत तक अल्कोहल की कंपनियों पर निर्भर करती हैं। पिछली अध्ययनों में इस बात की सलाह दी गई है कि रोजाना बीयर का सेवन करने से हृदय के स्वास्थ्य में सुधार आ सकता है। इसके साथ ही शरीर में मौजूद बेड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी कम होती है और कैंसर का खतरा भी होता है। ये हमारे मूड को भी बेहतर बनाने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

# शिव चालीसा का पाठ करने से दूर होती हैं जीवन की सभी परेशानियां

हिन्दू धर्म में शिव चालीसा का खास महत्व है। शिव जी को प्रसन्न करने का यह सबसे सरल उपाय है, तो आइए हम आपको शिव चालीसा की महिमा के बारे में बताते हैं। हिन्दू धर्म में भक्त सरल भाषा में जो भगवान की प्रार्थना करता है उसे चालीसा कहते हैं। शिव चालीसा का चालीसा कहने के पीछे एक कारण यह भी है कि इसमें चालीस पंक्तियां हैं। इस प्रकार लोकप्रिय शिव चालीसा का पाठ कर भक्त बहुत आसानी से अपने भगवान को प्रसन्न कर लेते हैं। शिव चालीसा के द्वारा आप अपने सभी दुख भूलकर शंकर भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह भक्त शिव जी को प्रसन्न कर अपनी मनोकामना पूरी कर लेते हैं। शिव चालीसा का पाठ करने से डर या भर से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए जय गणेश गिरीजा सुवन' मंगल मूल सुजान, कहते अयोध्या दास तुम' देउ अभय वरदान वाली लाइन पढ़ें। इस पंक्ति को शाम के समय नहीं बल्कि सुबह पढ़ें। इस प्रकार 40 दिन तक लगातार पढ़ें आपको लाभ मिलेगा। अगर आप बहुत से परेशान और दुखी हैं तो निराश न हों। शिव चलीसा की इस एक पंक्ति का जाप करें, देवन जबहिं जाय पुकारा' तबहिं दुख प्रभु आप निवारा। ध्यान दें इस पंक्ति को रात में 11 बार पढ़ें और काम पूरा होने के बाद गरीबों के बीच मिठाई जरूर बांटें। अगर आप किसी इच्छित कार्य के लिए प्रयासरत हैं तो शिव चालीसा की यह लाइन पढ़ें पूजन रामचंद्र जब कीन्हा' जीत के लंक विभीषण दीन्हा। इस पंक्ति को सायंकाल में 13 बार पढ़े और ऐसा लगातार 27 दिन तक करते रहें।

## पर्यटन



# विश्व विरासत शहर में शामिल हुए जयपुर आकर देखें किलों, महलों के अलावा और भी बहुत कुछ

इस फरवरी माह में यूनेस्को ने जयपुर नगर के परकोटे को विश्र्व विरासत शहर का दर्ज़ा दिया। हालांकि इसकी घोषणा पहले ही हो चुकी थी, पर अब जाकर जयपुर को इसका प्रमाणपत्र मिला है। जयपुर का परकोटा विश्र्व धरोहर में शामिल भारत की 38वीं विरासत है। अहमदाबाद के बाद जयपुर ऐसा दर्ज़ा पाने वाला देश का दूसरा शहर है। आपको बता दें कि जुलाई 2019 में अजरबैजान के बाकू शहर में यूनेस्को की विश्र्व धरोहर समिति के 43वें सत्र में जयपुर को विश्र्व विरासत स्थल सूची में शामिल करने का निर्णय हुआ था। वर्ष 1727 में सवाई जय सिंह द्वितीय ने परकोटे वाले नगर जयपुर की नींव रखी थी। मैदानी भाग में जयपुर को वास्तु पुरुष मंडल के आकार में बसाया गया। इससे पहले कछवाहा राजाओं की राजधानी आमेर थी। जयपुर को योजनापूर्वक वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर बसाया गया, जहां सभी सड़कें और गलियां सीधी रेखा में समकोण बनाती हुई एक-दूसरे को काटती हुई बढ़ती है। यहां की पारंपरिक नगर निर्माण कला और वास्तुशिल्प में किला, बाजार चौक और तालाब ये तीन स्थान प्रमुख थे। परकोटे वाले जयपुर नगर की वैज्ञानिक संकल्पना में शिल्पशास्त्री विद्याधर की मुख्य भूमिका थी। परकोटा, जीवंत विरासत वाले जयपुर का एक अभिन्न भाग है। यह बात जानकर किसी भी हैरानी होगी कि परकोटे की दीवार प्रतिरक्षा की बजाय नगर सीमा को तय करने और एक व्यवस्था को बनाने के लिए की गई थी। जयपुर में मुख्य सड़कें सार्वजनिक संपर्क साधन की भूमिका निभाती थीं। जयपुर की बड़ी सड़कों और लंबे-चौड़े चौकों से गुजरने पर बाजार के बरामदों की स्तंभ-पंक्तियों से सड़क को एक व्यवस्थित रूप मिलता है। परकोटे में बने बुर्जनुमा दरवाजे, भीतर किसी महत्वपूर्ण भवन होने का संकेत देते हैं। नगर के नौ आयातकार भूखंडों या चैकड़ियों (जो कुबेर की नौ निधियों की प्रतीक है) में सात को नागरिकों के लिए-उनके आवासों, दुकानों और बाजारों, मंदिरों और मस्जिदों तथा उन कारखानों के लिए ही बनाया गया, जिनके कारण जयपुर की गिनती आगे चलकर भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में हुई।

# प्रभारी मंत्री ने किया निंदूरा ब्लॉक का व्यापक दौरा

## साकेंद्र संग परखा योजनाओं की हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के साथ विकासखंड निंदूरा क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। सबसे पहले वह ग्राम पंचायत गुग्गौर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय पहुंचे। उन्होंने भवन निर्माण की गुणवत्ता की गहन जांच करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। मंत्री ने विशेष रूप से फर्श निर्माण से पहले मिट्टी पटाई कराने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में फर्श धंसने की समस्या न हो। एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह ने बताया कि जहां-जहां मिट्टी पटाई का कार्य होना है, वह दो दिनों के भीतर शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय परिसर में हेलीपैड का निर्माण भी प्रस्तावित है। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग चौड़ीकरण और रेठ नदी पुल का निरीक्षण- विद्यालय निरीक्षण के बाद मंत्री ने लखनऊ महमूदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। उमरा में स्थित रेठ नदी पुल का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कुर्सी गौशाला में संघनता से किया निरीक्षण -

निरीक्षण क्रम में मंत्री कुर्सी गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने नांद में रखे भूसे की स्वयं जांच की। भूसे में कीड़े दिखाई देने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि गौशाला में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हालांकि भूसा, चोकर और हरे चारे का भंडारण पर्याप्त मात्रा में पाया गया तथा साफ-सफाई व्यवस्था से मंत्री संतुष्ट दिखे। इस दौरान उन्होंने गौ माता को टीका लगाकर माला पहनाई और पूजन किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से सीधा संवाद-

इसके बाद प्रभारी मंत्री घुंघटेर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। प्रयोगशाला कक्ष, एक्स-रे कक्ष, फार्मेसी और चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण किया।

स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'प्रेरणा कैंटीन' में भोजन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए पूछा कि कितने मरीजों को क्या भोजन दिया गया। उन्हें बताया गया कि तीन मरीजों को दाल-चावल, सब्जी, रोटी तथा नाश्ते में दलिया, चाय और ब्रेड उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान लोगों ने पीएचसी खिंझना और कुर्सी पीएचसी की शिकायत की। खिंझना केंद्र के अक्सर बंद रहने और कुर्सी पीएचसी में तैनात एक चिकित्सक के निजी अस्पताल संचालन के कारण अनुपस्थित रहने की बात सामने आई। इस पर मंत्री ने सीएमओ को तत्काल स्थिति की जांच के निर्देश दिए।

कृषक गोष्ठी में योजनाओं की जानकारी- रासायनिक खाद कम करने की अपील की।

इसके उपरांत मंत्री रेंगवां ग्राम पंचायत के रसूलपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी में पहुंचे। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और मिट्टी की पीएच जांच प्रक्रिया की जानकारी ली। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की लागत कम कर आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने रासायनिक खादों का सीमित उपयोग करने, वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने और फसल बीमा योजनाओं का लाभ लेने पर जोर दिया।

''ब्लॉक परिसर में विकास कार्यों का लोकार्पण''

ब्लॉक परिसर के निरीक्षण के दौरान बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कुर्सी-मेज उपलब्ध कराई गई है तथा कई ग्राम पंचायतों में हाट-बाजार का निर्माण कराया गया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों में हर्बल गुलाल की जानकारी ली गई। महिलाओं ने बताया कि यह गुलाल अरारोट और पेड़ों की पत्तियों से तैयार किया गया है, जिसकी मंत्री ने सराहना की।

मंत्री ने ब्लॉक परिसर में मरम्मत के बाद तैयार आवास भवनों और शौचालयों का लोकार्पण भी किया। साफ-सफाई और रंग-रोगन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि परिसर बिल्कुल नए भवन जैसा प्रतीत हो रहा है।

श्री मूर्ति स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना-

निर्धारित कार्यक्रम से इतर मंत्री और विधायक बड्डूपुर क्षेत्र स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री मूर्ति स्वामी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, बीएसए, बीईओ निंदूरा सुषमा सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।





### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा पांच महिलाएं गंभीर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुंडन संस्कार के बाद घर लौट रहा ई-रिक्शाअनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार पांच महिलाएं घायल हो गईं। घायलों में से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है,जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।यह घटना जारकबीर स्थित खाटू श्याम मंदिर से कुछ ही दूरी पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा अचानक एक मोड़ पर असंतुलित होकर पलट गया। इसमें जाँचीपुर नंदरासी निवासी सुशीला(50), उर्मिला (50), रिंकी (36), निर्मला (40) और श्यामा (60) गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के श्रद्धालुओं व मंदिर समिति के सदस्यों ने घायल महिलाओं को निजी वाहनों से फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया गया। है।

### आटो सवार पशु व्यापारी का एक लाख उड़ाया

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर जनपद के पशु व्यापारी से आटो में सफर दौरान एक लाख की चोरी हुई। बदमाश ने ब्लेड से व्यापारी की जेब काटकर इस वारदात को अंजाम दिया।यह घटना तब हुई जब व्यापारी पशुपालन के लिए सुअर खरीदने के लिए जा रहा था। सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कोतवाली अंतर्गत कोड़री गांव उच्च निवासी रामेश्वर रावत सुअर पालन का कार्य करते हैं।शुक्रवार को घर से एक लाख रुपए लेकर टांडा गांव सुअर खरीदने निकाला था।बड्डूपुर के खिझना मोड़ से कस्बा टिकैतगंज के लिए ऑटो किया।जिसमें उनके बगल में दो युवक बैठ गये। ऑटो चलते चलते में ही एक युवक ने ब्लेड से रामेश्वर की जेब काट दी। बड्डूपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले में सीसीटीवी फुटेज चेक कराए जा रहे हैं।

### अवैध असलहो समेत चार शिकारी गिरफ्तार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ।मसनेहीघाट स्थानीय पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई कर बनपुरवा के जंगल में चार शिकारियों को अवैध असलहों समेत गिरफ्तार कर लिया।यह कार्रवाई प्रशासनिक दृष्टि से इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इससे अवैध शिकार और हथियारों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। कोतवाली निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मोहम्मद कासिम पुत्र स्व.मोहम्मद जलील निवासी गांव हटिया सिद्धौर, मोहम्मद कलीम पुत्र स्व0 मोहम्मद मतीन निवासी गांव सुसवई,मोहम्मद अकमल पुत्र स्व0 मोहम्मद नफीस निवासी गांव सुसवई और शहाबुददीन पुत्र स्व0 वसीमुददीन निवासी गांव शेखन टोला थाना असंद्रा को जेल भेजा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे,दो कारतूस के अलावा जंगली जानवरों का शिकार करने में प्रयुक्त होने वाले बांका और चाकू बरामद किए हुए।

### मसौली का युवक ने कानपुर के होटल में की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के कस्बा मसौली के मोहल्ला ब्लाक कालोनी निवासी मो.आरिफ उर्फ़ गुड्डू टेलर की चार पुत्रियों मे इकलौता पुत्र शहनवाज उर्फ़ शानू अपने पिता की जिम्मेदारियों मे हाथ बटवाने के लिए कुछ समय पूर्व कानपुर मे एक होटल मे काम करने चला गया जहा वह रोटी पकाने का काम करता था अभी कुछ दिन पहले घर वापस आया था तथा 18 फ़रवरी को पुनः काम पर वापस गया था। बीती रात्रि 18 वर्षीय शहनवाज उर्फ़ शानू ने होटल मे ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की भोर घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार को कोहराम मच गया अचानक आयी इस घटना से लोग दहल गये लोगो का रो रोकर बुरा हाल है। ( टूट गयी पिता को सहारे की लाठी बहनो से बिछड़ गया आँखो का तारा भाई ) कस्बा मसौली के मोहल्ला ब्लाक कालोनी निवासी मो0 आरिफ उर्फ़ गुड्डू टेलर की चार पुत्रियों मे मृतक शानू इकलौता पुत्र था बाप की कमाई से किसी तरह चल रहे परिवार मे सहारा बनने वाले ने पिता का बोझ कम करने के लिए कानपुर में होटल मे रोटी पकाने के लिए काम करना शुरु कर दिया। पुत्र के रोजी रोटी से लगने पर घर परिवार वाले काफी खुश थे पिछले दिनों घर आये शानू ने ईद मे माता पिता बहनो के लिए अच्छे कपड़े लाने का वादा कर 18 फ़रवरी को कानपुर गया था और शुक्रवार की भोर कानपुर पुलिस की आयी एक काल ने माँ बाप एव बहनो के सपनो को चकनाचूर कर दिया।

### दो दर्जन लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कछुवाहन पुरवा गांव में एक छठी कार्यक्रम के दौरान खाना खाने के बाद कोई दो दर्जन से अधिक लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए। सभी को पेट दर्द,उल्टी और दस्त की शिकायत होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंची और उपचार शुरू किया। जबकि तीन लोगों को सीएचसी भेजा गया। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। बीमारों में पुष्पा देवी, तान्या(14),विमल सिंह (24), शिवम सिंह (22),कन्हैया सिंह (80), ममता सिंह (45), संतोष सिंह (30),महेश सिंह(45), सत्यम सिंह(18), ऋषभ सिंह (11),मोहन (30),शिवराज (32), सुधा सिंह (35),पूर्वी (12), गुड्डी सिंह (30), बिट्टू सिंह (32), रजनी सिंह (15), अनुराग सिंह (10), ननकई सिंह (33),धन्नू सिंह (76),मोहित सिंह (32), रेखा सिंह (33), रिया सिंह (14), शिवानी सिंह (18), त्रिलोकी सिंह (50), मीरा देवी (25) और सिमरन (14) शामिल है।चिकित्सकों ने करीब 24 लोगों की मौके पर जांच कर दवाइयां दीं। जबकि त्रिलोकी सिंह,मीरा देवी व सिमरन को सीएचसी ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है,हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

### खाद्य विभाग ने 230 किलो मिठाई नष्ट कर कई नमूने जांच को भेजे

जौनपुर। जौनपुर में होली पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य एवं तेल पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों व तहसीलों में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। कार्रवाई से दुकानदारों और खोवा विक्रेताओं में हड़कम्प मच गया। मुख्य खाद्य अधिकारी मनोज कुमार जायसवाल तथा सहायक खाद्य आयुक्त देवाशीष उपाध्याय के नेतृत्व में बदलापुर तहसील क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान चार नमूने संग्रहित किए गए और संदिग्ध पाए गए ।

## खाद्य औषधि संयुक्त टीम की छापा मार करवाई

### कोटवाधाम में एक ही परिवार फिर बना निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने दुकानों पर छापा मारकर खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी तेजस के. ने शुक्रवार को खाद्य विभाग के साथ मिलकर सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र में छापेमारी कर मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया।संयुक्त टीम ने कोटवाधाम, बदोसराय सहित कई बाजारों में खाद्य पदार्थों की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिलावटी दूध, कचरी और मिठाइयों को नष्ट करवाया गया। कार्रवाई के समय खाद्य निरीक्षक अर्शी फारूकी, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी तेजस के ने विभाग और दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी दुकानदार मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री न करे।

अर्शी के निशाने पर रहा कोटवा का दुकानदार'




खाद्य निरीक्षक अर्शी फारूकी ने बताया कि इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर कोटवाधाम में आशीष किराना और सोनू स्वीट्स नामक दो दुकानों को बंद करा दिया गया। आशीष व सोनू दोनों सगे भाई है। सोनू का परिवार विगत एक दशक से खाद्य अधिकारियों के निशाने पर है।स्थानीय ग्रामीणों की माने तो कोटवा धाम में यही एक परिवार इनके कार्यवाही की हर बार भेंट चढ़ता है।

### 'श्याम बाबा' के जयकारों से गूंजा वातावरण

फतेहपुर बाराबंकी।एकादशी पर कस्बे में चार निशान यात्राएं श्रीशक्ति धाम महादेव तालाब मंदिरसे शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए क्षेत्र के सधई पुरवा व नगर क जारकबीर मे स्थित खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची। यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष बच्चे श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महिलाएं हाथों में निशान लिए 'श्याम बाबा' के जयकारे लगाते,ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल उड़ाया, जिससे भक्तिमय माहौल बन गया।नगर मे भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षाकर यात्राका स्वागत किया। बच्चों और युवाओं में गजब उत्साह देखा गया। सुरक्षा और व्यवस्था हेतु स्वयंसेवकों केसाथ स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। यातायात को सुचारु रखने के लिए मार्गों पर आवश्यक प्रबंध किए गए। मंदिर परिसर और नगर मार्गों पर साफ-सफाई व पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी।श्रद्धालुओं ने इस निशान यात्रा को आपसी भाईचारे और धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।

## राकेश टिकैत का अहमदपुर टोल पर भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का बाराबंकी में जोरदार स्वागत हुआ। जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर टोल प्लाजा के पास भाकियू कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। टिकैत रामसनेही घाट तहसील क्षेत्र के संनौली स्थित पूरे-संतोषी गांव में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता



### पास्को के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास ,जुर्माना

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विशेष न्यायाधीश, पोक्सो एक्ट, सुभाष चंद्र तिवारी ने थाना देवा से संबंधित नाबालिग से छेड़खानी करने के एक मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपित को दोषी करार देते हुए उसे 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही उस पर 5000 का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने कहा जुर्माना जमा होने पर पूरी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी विशेष लोक अभियोजक, लव त्रिपाठी ने बताया कि थाना देवा के एक गांव के रहने वाले वादी मुकदमा ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि 13 अप्रैल 2023 की रात में करीब ढाई बजे उसकी 14 वर्षीया नाबालिग पुत्री/पीड़िता घर के बाहर बने शौचालय में गई थी तभी गाँव में रिश्तेदारी में आया कल्लू उर्फ ज्ञान सिंह निवासी मोहद्दीपुर थाना जहांगीराबाद ने उसकी पुत्री का गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया उसके आवाज करने पर उसका मुंह दबाकर छेड़खानी कर रहा था,पीड़िता के चिल्लाने पर वादी मुकदमा जो घर के बाहर सो रहा था जाग गया और उसने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपित को पकड़ लिया लेकिन वह हाथापाई करके मौके से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत कल्लू उर्फ ज्ञान सिंह के विरुद्ध घटना साबित पाते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था ।

कोर्ट में पीड़िता समेत अन्य गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जज सुभाष चंद्र तिवारी ने आरोपित कल्लू उर्फ ज्ञान सिंह को पोक्सो एक्ट की धारा में दोषी करार देते हुए उसे उक्त दंड से दंडित किया। कोर्ट ने कहा जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास और भुगतना होगा।

### हादसे में वृद्ध की दर्दनाक मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में 75 वर्षीय वृद्ध की मौत हुई। कोतवाली बदोसराय अंतर्गत शाहगढ़ गांव में सुबह करीब 10:30 बजे बदोसराय से सफदगंज मार्ग पर स्थित ग्राम शाहगढ़ मजरे खजुरिया में श्रीकेशन पंचर वाले के सामने अयोध्या निवासी बाइक चालक शिवजी गुप्ता ने चेतराम उम्र करीब 75 वर्ष पुत्र छेदू को जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी उपनिरीक्षक सुरेश त्रिपाठी और पुलिस कर्मियों के साथ शाहगढ़ गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के लालपुर गाँव निवासी हसनैन पठान (20) पुत्र उस्मान का करौता गॉव की निवासिनी शीबा (20) पुत्री पीर मोहम्मद शेख से प्रेम प्रसंग था। दोनों एक साथ जीने मरने की कसम खा चुके थे। लेकिन दोनों के परिवार के परिवार इस रिश्ते के खिलाफ थे। सवेरे 10 बजे दोनों के शव गाँव के बाहर सुनसान स्थल में लगे अमरुद के पेड़ में दुपट्टे के सहारे झूलते मिले और सनसनी फैल गई। हर कोई नई उम्र के जोड़े की मौत से आहत था। दुखद समाचार परिजनों को मिला तो उसके परिवारों में मातम पसर गया। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई बटाई पर खेती करता था, वही शीबा के पिता ने बताया कि उसकी बेटी कुरान शरीफ मुकम्मल कर चुकी थी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गन्ना कृषक महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन में मुख्य अतिथि परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत डॉक्टर खुशी राम भार्गव,गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर के प्रबन्धक नितिन दीक्षित, प्रबन्ध समिति के सम्मानित संचालक सत्येंद्र सिंह ज्ञानेंद्र सिंह,महाविद्यालय के सचिव संजय कुमार श्रीवास्तव,ग्राम रमपुरा नारायणपुर के प्रधान राजेश, प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा एवं समस्त सम्मानित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर के शिविर का उद्घाटन किया गया सविता , कामिनी और शिवानी ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की महाविद्यालय स्टाफ द्वारा समस्त सम्मानित अतिथियों को पुष्प भुज एवं स्मृति चिन्ह दे कर स्वागत किया गया कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मृदुला शर्मा के निर्देशन में स्वयंसेवियों समाज सेवा के अर्थ को समझा है और ग्रामवासीयों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया और सात दिवसीय शिविर की जानकारी दी नितिन दीक्षित ने कहा कि स्वयंसेवियों ने इस प्रशिक्षण में देश सेवा, समाज सेवा एवं परिवार सेवा का जो मंत्र सीखा है ।

## हरे पेड़ों पर परमिट की कुल्हाड़ी, वन विभाग मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान चला रही है, दूसरी ओर हैदरगढ़ व सुबेहा थाना क्षेत्र में वन माफिया नियमों की आड़ में हरियाली पर कुल्हाड़ी चला रहे हैं। आरोप है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी संदिग्ध परमिट जारी कर हरे-भरे फलदार पेड़ों की कटान को वैधता दे रहे हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बम्हरौली और बहरामपुर गांवों में बौर व फल से लदे आम, जामुन, महुआ और गूलर के दर्जनों पेड़ दिनदहाड़े काटे गए। काटे गए पेड़ों को ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप से तेज़ रफ्तार में ढोकर आरा मशीनों व ठेकियों पर डंप किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। पुलिस और वन विभाग के अधिकारी ल्लपरमिटङ्क का हवाला देकर मौन साधे हुए हैं। ठेकेदारों का दावा है कि उनके पास कटान की अनुमति है,





लेकिन जारी परमिट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पेड़ सूखे थे या हरे। केवल यह उल्लेख किया गया है कि पेड़ ल्लविकास कार्य में बाधाङ्क थे। आरोप है कि गलत कारण दर्शाकर परमिट जारी किए गए, जिससे हरियाली के विनाश का रास्ता खुल गया। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) के जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव ने गहरी चिंता जताते हुए वन संरक्षक, लखनऊ को पत्र भेजकर अवैध कटान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि परमिट जारी करने में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पाई जाती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी अवैध कटान पर अंकुश लग सके।

**हैदरगढ़ सुबेहा में फलदार वृक्षों की खुली कटान, सवालों के घेरे में विभाग**

**डीएम साहब : मै हैदरगढ़ से आम का पेड़ बोल रहा हूँ मुझपर लगातार आरा चल रहा है मुझे बचाओ !**





# पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका

एजेंसी



पाल्लेकल। अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है। लेकिन पाकिस्तान के लिए अभी सारी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है बशर्ते इंग्लैंड शुक्रवार को न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दे और इसके बाद सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम श्रीलंका पर बड़ी जीत हासिल कर दे। पाकिस्तान के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चुनौती है क्योंकि अभी तक टूर्नामेंट में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ही अभी तक अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उन्होंने 70.75 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 158.10 है। फरहान को छोड़कर पाकिस्तान की टीम का कोई भी अन्य विशेषज्ञ बल्लेबाज इस प्रतियोगिता में तिहरे अंक का आंकड़ा नहीं छू पाया है। उसकी तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में ऑलराउंडर शादाब खान दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 111 रन बनाए हैं। कप्तान सलमान आगा (44 रन), साइम अयूब (70) और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम (91) ने निराश ही किया है। ऐसे में पाकिस्तान की उम्मीदें फखर जमां पर टिकी होंगी। पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण में में उस्मान तारिक (10 विकेट) की मौजूदगी से उसे मजबूती मिली है। इसके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर कुछ हद तक फॉर्म हासिल कर ली है। उस मैच में हालांकि वह अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे थे। श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था।

# बुमराह, सिराज और मोर्कल के साथ अपने कौशल पर काम कर रहा हूं: अर्शदीप

एजेंसी



चेन्नई। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा तथा केवल 24 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत की 72 रन से जीत के बाद अर्शदीप ने पत्रकारों से कहा, ''मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं। मेरा साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक (पंड्या) भाई जैसे बहुत अच्छे गेंदबाजी सहयोगी हैं। अर्शदीप से पूछा गया कि क्या 256 रन के विशाल स्कोर बनाने से गेंदबाजों को मदद मिली, उन्होंने कहा, ''हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे थे कि हमने कितने रन बनाए। हम बस अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करना चाहते थे और अपने स्तर को बनाए रखना चाहते थे। हम हमेशा एक लक्ष्य को ध्यान में रखते हैं, जैसे कि विकेट और मैदान की स्थिति के अनुसार 160 या 180 रन का स्कोर। उन्होंने कहा, ''इसलिए हम हमेशा एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊंचा उठाने की कोशिश करते हैं। अतिरिक्त 20, 30, 40, 70 रन का फायदा होना अच्छी बात है। लेकिन हमारा ध्यान एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊपर उठाने पर होता है। भारत अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए एक मार्च को कोलकाता में दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज का सामना करेगा, जो एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। अर्शदीप जानते हैं कि उनके सामने आगे क्या चुनौती है। उन्होंने कहा, ''वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगता है कि वे भी स्थिति के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं, लेकिन हम विकेट और परिस्थितियों को देखकर अपनी रणनीति बनाएंगे। अर्शदीप ने कहा कि खिलाड़ी और उनके परिवार के सदस्य वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मैच पर नजर रखे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीठ दर्द के कारण भारत सीरीज से बाहर हुईं सोफी मोलिनेक्स

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ जारी बहु–प्रारूप सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें निचले हिस्से की पीठ में दर्द (लोअर बैक पेन) की शिकायत है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। 28 वर्षीय मोलिनेक्स ने ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि दूसरे वनडे (होबार्ट) में वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। मोलिनेक्स की चोट के कारण अगले महीने होने वाली वेस्टइंडीज सीरीज में उनकी भागीदारी पर भी संशय पैदा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। पिछले महीने सोफी मोलिनेक्स को सभी प्रारूपों के लिए ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान नियुक्त किया गया था। वह दिग्गज खिलाड़ी एलिसा हीली की जगह संभालने वाली थीं, जिन्होंने भारत सीरीज के बाद संन्यास लेने का फैसला किया है। मोलिनेक्स ने भारत के खिलाफ तीन टी20 मैचों में टीम की अगुवाई भी की थी, जब हीली टीम में शामिल नहीं थीं। टॉस के दौरान एलिसा हीली ने कहा कि मोलिनेक्स की चोट की खबर सभी के लिए चौंकाने वाली और निराशाजनक रही। उन्होंने टीम से अपील की कि वह चोटिल खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ी रहे। सोफी मोलिनेक्स का करियर पहले भी कई चोटों से प्रभावित रहा है। वह 2022 की एशेज और वनडे विश्व कप में पैर की चोट के कारण नहीं खेल सकीं। उसी वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों से भी बाहर रहीं। 2023 टी20 विश्व कप में वह एसीएल चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाईं। हाल ही में 2025 वनडे विश्व कप (भारत और श्रीलंका) के दौरान उनकी वापसी को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया था, क्योंकि वह घुटने की चोट से उबर रही थीं।

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं: तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। भारत ने सभी बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से जिंबॉब्वे के खिलाफ सुपर आठ मैच में चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद 72 रन से आसान जीत दर्ज की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे। इस संदर्भ में तिलक ने संजू सैमसन की प्रशंसा की। रिंकू सिंह के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किए गए सैमसन ने 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में 48 रन जोड़े। तिलक ने कहा, ''जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। संजू ने शानदार शुरुआत की। हमने इसको लेकर चर्चा की थी और हम विपक्षी गेंदबाजों में यह खौफ देखना चाहते हैं कि भारतीय बल्लेबाज हर गेंद पर जोरदार शॉट लगाने के लिए तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के अपने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज बुरी तरह लड़खड़ा गए थे और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। उन्होंने कहा, ''हमने मैच से ठीक पहले चर्चा की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को देखा। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का आत्मविश्वास बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी झिझक के अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ''गौतम सर ने यह भी कहा कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेली थी। तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और गंभीर के प्रेरणादायक शब्दों से बल्लेबाजों की मानसिकता में बदलाव आया। उन्होंने कहा, ''अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं, लेकिन इस खेल में मानसिकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे लगता है कि हमारी मानसिकता यह थी कि अगर कोई विकेट गिरता है तो हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय लेंगे। हम पहले भी उस टीम के खिलाफ खेल चुके थे। तिलक ने कहा, ''उस समय हम खेल का पूरा आनंद ले रहे थे और सारा दबाव विपक्षी गेंदबाजों पर होता था। अगर विकेट गिरता तो हम अगली ही गेंद पर छक्का मार देते थे। इसलिए, हमारी सोच कुछ इस तरह की थी। हमने चर्चा की कि अगर पहली गेंद हमारी जद में आती है तो हम उस पर छक्का मारने में नहीं हिचकिचाएंगे।

### अभिषेक को रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई, लेकिन उन्होंने आलोचकों को चुप करा दिया: गावस्कर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, ''हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया। उन्होंने कहा, ''अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया। उनकी बल्लेबाजी में एक तरीका था। उन्होंने ऑफ स्पिनर का सम्मान किया, किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया तथा शांत और संयमित तरीके से खेले। गावस्कर ने कहा, ''इस मैच में उन्होंने वास्तव में रक्षात्मक शॉट खेले। उन्होंने कुछ गेंद को रोका भी। मुझे यह देखकर हैरानी हुई क्योंकि हम आमतौर पर अभिषेक को ऐसा करते नहीं देखते हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि अभिषेक के लिए यह एक सीखने का दौर है। गावस्कर ने कहा, मुझे सच में लगता है कि यह उसके लिए सीखने का एक अच्छा मौका है। हर क्रिकेटर लगातार दो मैचों में रन न बना पाने के दौर से गुजरता है। बात सिर्फ इतनी है कि आप इससे कितना सीखते हैं। मुझे लगता है कि अभिषेक ने बहुत कुछ सीखा है और यह उसके लिए कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में अच्छा साबित होगा। गावस्कर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करारी हार के बाद भारतीय टीम ने जल्द ही सबक लिया तथा दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजी संयोजन को सुनिश्चित करने के लिए संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में वापस लेकर आया।

# टी20 विश्व कप के बीच रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का लीवर कैंसर से निधन

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज़ रिंकू सिंह के पिता खचंद्र सिंह का आज सुबह करीब 4 बजकर 36 मिनट पर स्टेज-4 लीवर कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन हो गया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां हाल के दिनों में उनकी तबीयत बेहद नाज़ुक हो गई थी और उनका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार खचंद्र सिंह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे और उनकी हालत स्थिर करने के लिए डॉक्टर लगातार रीनल थेरेपी दे रहे थे। गहन चिकित्सा के बावजूद उनकी सेहत में तेजी से गिरावट आई और अंततः उनका निधन हो गया। यह दुखद घटना उस समय हुई जब रिंकू सिंह भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप में व्यस्त थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले से पहले जब उनके पिता की हालत बिगड़ी थी, तब वह घर लौटे थे। बाद में वह चेन्नई में टीम से दोबारा जुड़ गए थे। हालांकि पिता के।निधन के बाद वो वापस घर लौट गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में रिंकू सिंह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। टीम संयोजन में बदलाव करते हुए संजू सैमसन और अक्षर पटेल को शामिल किया गया था। संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में मौका मिला, ईशान किशन को नीचे भेजा गया और तिलक वर्मा को फिनिशर की भूमिका सौंपी गई। हालांकि रिंकू मैदान पर बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी टीम के साथ मौजूद रहे। टूर्नामेंट में अब तक रिंकू सिंह पांच मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 24 रन बनाए हैं और फिनिशर की अपनी निर्धारित भूमिका निभाई है। भारत को अब कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है, जो लगभग नॉकआउट जैसा है। ऐसे में रिंकू सिंह की उपलब्धता को लेकर संशय बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड या टीम प्रबंधन की ओर से अभी तक उनकी भागीदारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीम इंडिया जहां एक ओर महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रही है, वहीं खिलाड़ी अपने साथी के इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा, ह्लश्री खचंद्र सिंह जी के निधन का समाचार सुनकर बेहद दुख हुआ। टी20 विश्व कप के दौरान रिंकू और उनके परिवार के लिए यह समय बेहद कठिन है। मेरी संवेदनाएं उनके और उनके परिजनों के साथ हैं। वाहेगुरु दिवंगत आत्मा को शांति दें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। रिंकू सिंह के इस निजी शोक के बीच पूरा क्रिकेट जगत उनके साथ खड़ा है और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहा है।

### आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के करीब: गांगुली

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू कश्मीर की कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि तेज गेंदबाज आकिब नबी में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की काबिलियत है। नबी ने रणजी के वर्तमान सत्र में 60 विकेट लिए हैं। इनमें कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 54 रन देकर पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से जम्मू कश्मीर में हुबली में खेले जा रहे फाइनल में 584 रन बनाने के बाद कर्नाटक को 293 रन पर आउट कर दिया। गांगुली ने एक्स पर लिखा, ''जम्मू कश्मीर ने दुनिया को दिखा दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने राज्य को गौरवान्वित किया है। मुश्किल वातावरण लोगों को मजबूत बनाता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), सीनियर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया को टैग करते हुए कहा, ''आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की राह पर हैं।

# व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है: कैगिसो रबाडा

एजेंसी



अहमदाबाद। कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने अब तक टूर्नामेंट में केवल चार विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड, यूएई और भारत के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक टीम अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी तब तक व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं की जा सकती है। ऐसी बात बाद में की जा सकती है। रबाडा को क्षेत्ररक्षकों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। अब तक उनकी गेंदबाजी पर चार कैच छूट चुके हैं। इस बारे में पूछे जाने पर रबाडा ने कहा, ''यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है। उसके सभी खिलाड़ियों नेअपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। अगर डेविड मिलर ने एक मैच में टीम को जीत दिलाई तो कप्तान एडन मार्क्रम ने दूसरे मैच में यही कमाल किया। गेंदबाजों ने भी जरूरत पड़ने पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है, चाहे वो मार्को यानसन हों या लुंगी एनगिडी। रबाडा ने कहा, ''यह अच्छा संकेत है। हमारी टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी हैं। अगर आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखें, तो उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलता है और यही आत्मविश्वास मैचों में भी दिख रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय घरेलू टूर्नामेंट एसए20 को भी दिया जिसमें विश्व कप से पहले कई प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल की। रबाडा ने कहा, ''यह लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और यह उम्मीद बनाए रखने से जुड़ा है कि चीजें हमारे पक्ष में हो जाएंगी। रबाडा ने अपने लंबे समय से नए गेंद के अपने साथी लुंगी एनगिडी की प्रशंसा भी की जिन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

# गुकेश को याकूबोव ने ड्रॉ पर रोका अरविंद ने नीमन को हराया

एजेंसी

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफ़ेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी। एक अन्य मैच में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया। अब जबकि सात दौर का खेल बाकी है तब अब्दुसत्तोरोव, याकूबोव और स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों के बाद गुकेश, अरविंद, वैन फोरेस्ट और गुइजारो का नंबर आता है जो उनसे आधे अंक से पीछे हैं। ईरान के परहम मगसूदलू, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विंसेंट कीमर और नीमन ने 10 खिलाड़ियों के नौ दौर के टूर्नामेंट में अभी आधा अंक ही हासिल किया है। चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला। इस वर्ग में खेल रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली ने डेनमार्क के जोनास बुहल बिएरे के साथ ड्रॉ खेलकर अपना खाता खोला।

# सेल के स्वदेशी इस्पात से बना 'आईएनएस अंजदीप' भारतीय नौसेना बेड़े में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक एवं महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आईएनएस अंजदीप के लिए आवश्यक विशेष-ग्रेड इस्पात की आपूर्ति की है। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा विनिर्मित 'अंजदीप' एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। आईएनएस अंजदीप 'एंटी-सबमरीन वारफ़ेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। कंपनी के बयान के अनुसार, नौसेना के पुराने होते 'अभय-श्रेणी' के जहाजों को बदलने के लिए इन एएसडल्यू-एसडब्ल्यूसी कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। इस रणनीतिक प्रयास के तहत सेल ने जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ एसडब्ल्यूसी कार्वेट के लिए करीब 3,500 टन विशेष-ग्रेड के इस्पात की पूरी आपूर्ति की है। यह इस्पात३ सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से उपलब्ध कराया गया है, जो देश की घरेलू आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दर्शाता है। यह उपलब्धि रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने की दिशा में सेल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इसमें कहा गया कि पिछले कुछ वर्ष में सेल ने रक्षा स्वदेशीकरण के तहत विशेष-ग्रेड इस्तेमाल की जरूरतों को पूरा करते हुए आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस सूरत जैसी परियोजनाओं के लिए भी इस्पात की आपूर्ति की है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये से लेकर 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,340 रुपये से लेकर 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,61,820 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर

# बौद्ध धर्म एक जीवन पद्धति है: किरेन रिजिजू

एजेंसी



नई दिल्ली,। संसदीय मामलों एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि बौद्ध धर्म केवल एक पहचान नहीं बल्कि एक जीवन पद्धति है। किरेन रिजिजू ने यह बात आज नई दिल्ली स्थित सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन कॉम्प्लेक्स में ''आधुनिक भारत में बौद्ध धर्मः सांस्कृतिक और सामाजिक मार्ग पर आगे बढ़ना'' विषय पर आयोजित एक विशेष संगोष्ठी में कही। रिजिजू ने कहा, ''बुद्ध धर्म अपनाने के लिए किसी कठिन तकनीकी प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं है, उनके मूल विचारों को जीवन में उतारना ही सच्चा बौद्ध होना है।'' उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म का हो बुद्ध के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल सकता है। शांति स्थापित करने के लिए शक्तिशाली बनना आवश्यक है, और यदि शक्ति बुद्ध के ज्ञान के साथ आती है, तो वह समाज की रक्षा करती है।

मंत्री ने कहा कि भारत सरकार बौद्ध विरासत के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। करुणा, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व के बौद्ध मूल्यों पर चलते हुए समावेशी विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। भारत बुद्ध की जन्मभूमि है और विश्वभर के बौद्धों की आस्था का केंद्र है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंचों पर यह स्पष्ट संदेश दिया है, øभारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म किसी कठोर औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है बल्कि उसके मूल सिद्धांत–अहिंसा सत्य और करुणा–जीवन में अपनाने योग्य सार्वभौमिक मूल्य हैं। बौद्ध समाजों में भी चुनौतियां रही हैं लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर समाज में शांति और संतुलन स्थापित किया जाए।

मंत्री ने बताया कि सरकार 'बौद्ध विकास योजना' के तहत बौद्ध स्थलों के संरक्षण, पुनरुद्धार और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर कार्य कर रही है। उत्तर-पूर्व भारत, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों में बौद्ध समुदायों के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। रिजिजू ने कहा कि भारत आने की इच्छा विश्व के करोड़ों बौद्धों का सपना है। बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर जैसे पवित्र स्थलों का महत्व पूरी दुनिया में है और पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यदि इन स्थलों का समुचित विकास किया जाए तो भारत विश्व के प्रमुख पर्यटन देशों में शामिल हो सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान रखता है। हम संविधान की शपथ लेकर आए हैं और सबको साथ लेकर चलना हमारा दायित्व है। उन्होंने आह्वान किया कि बुद्ध के मार्ग पर चलते हुए शक्ति और शांति का संतुलन बनाए रखा जाए ताकि भारत और विश्व में सद्भाव सहिष्णुता और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके। संगोष्ठी में अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के महासचिव शरत्से खेंसुर रिनपोछे जंगचुप चोएडेन सहित कई प्रतिष्ठित भिक्षु, नन और विद्वान उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत

एजेंसी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत संबलपुरी के पास नेशनल हाईवे पर शुक्रवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार सिम्स अस्पताल में जारी है।

सकरी थाना पुलिस के अनुसार, गुरुवार देर रात करीब दो बजे ट्रेलर (सीजी 11 बीडी 9044) सकरी-रतनपुर मार्ग से रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेलर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन रॉन्ग साइड में पहुंच गया। सामने से आ रही स्कॉर्पियो (सीजी 04 एमक्यू 4220) से उसकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रेलर ने पास खड़े एक अन्य ट्रेलर को भी



अपनी चपेट में ले लिया और पलट गया, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। रायपुर-रतनपुर मार्ग राज्य का प्रमुख यातायात मार्ग होने के कारण घटना के बाद कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को मौके पर बुलाया। सकरी थाना पुलिस एवं राहत दल ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी। स्कॉर्पियो में कुल पांच लोग सवार थे, जो यादव ढाबा में आयोजित पारिवारिक शादी की 25वीं सालगिरह कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान छत्रपाल रात्रे (37) निवासी ग्राम कुवागांव थाना तखतपुर, विशाल लहरे (25) निवासी बिरगहनी थाना जरहागांव जिला मुंगेली, अनमोल लहरे (14) निवासी बिरगहनी जिला मुंगेली तथा देवेंद्र मिरी (32) निवासी सीपत के रूप में की गई है। वहीं हादसे में घायल प्रकाश रात्रे को गंभीर अवस्था में सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# बंगाल में 02 मार्च को भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे अमित शाह

एजेंसी

कोलकाता । विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रस्तावित 'परिवर्तन यात्रा' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भागीदारी एक दिन के लिए टाल दी गई है। अब वह 01 मार्च के बजाय 02 मार्च को दक्षिण 24 परगना जिले के रायदीघी से यात्रा की शुरुआत करेंगे। पहले कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री को 01 मार्च को रायदीघी से 'परिवर्तन यात्रा' को हरी झंडी दिखानी थी। हालांकि पार्टी सूत्रों के अनुसार 01 मार्च को उन्हें मुंबई में गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में शामिल होना है। इसी कारण रायदीघी का कार्यक्रम एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। परिवर्तित कार्यक्रम के तहत अमित शाह एक मार्च की रात करीब 10 बजे मुंबई से कोलकाता पहुंचेंगे। इसके बाद दो मार्च को पूर्वाह्न लगभग 11:15 बजे विशेष हेलीकॉप्टर से रायदीघी के लिए रवाना होंगे और दोपहर करीब 12 बजे 'परिवर्तन यात्रा' के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। भाजपा के राज्य स्तरीय नेताओं के अनुसार पश्चिम बंगाल में पार्टी के कुल 10 सांगठनिक प्रभाग हैं, जिनमें से नौ को 'परिवर्तन यात्रा' के तहत शामिल किया जाएगा। राज्य की राजधानी कोलकाता से किसी भी यात्रा की शुरुआत नहीं होगी।

अमित शाह के अलावा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी अलग-अलग चरणों में इस अभियान में शामिल होंगे। इनमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शामिल हैं।

# सीमांचल दौरे के अंतिम दिन पूर्णिया में गृह मंत्री अमित शाह ने की भारत–नेपाल सीमा सुरक्षा की समीक्षा

एजेंसी

पूर्णिया । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने तीन दिवसीय सीमांचल दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्णिया में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े सुरक्षा मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। जीरो माइल स्थित एक होटल में आयोजित यह बैठक में लगभग 700 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी, प्रबंधन और सुरक्षा समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा व्यवस्था, अवैध घुसपैठ पर रोक तथा खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की



गई। सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों, तस्करी और अवैध आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नई रणनीति तैयार की गई। सीमा क्षेत्रों में तकनीकी निगरानी बढ़ाने, खुफिया तंत्र को मजबूत करने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। सीमांचल क्षेत्र के नेपाल एवं बांग्लादेश सीमा से सटे होने के कारण इसे संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। सीमावर्ती थानों की सक्रियता बढ़ाने, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर तालमेल तथा नियमित संयुक्त अभियान चलाने पर सहमति बनी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बैठक में सीमा प्रबंधन से जुड़े कई अहम बिंदुओं की समीक्षा की गई और भविष्य की कार्ययोजना पर सहमति बनी। बैठक के बाद सीमा सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को लेकर जल्द ही प्रशासनिक एवं तकनीकी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाने की संभावना जताई जा रही है।

बैठक के बाद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तथा बिहार सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचीं, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बैठक के एजेंडे से जुड़े सवालों पर नित्यानंद राय ने कहा कि विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारी ही साझा करेंगे।

# पेज एक का शेष

## राष्ट्रीय...

चाहिए। बॉन्ड बाजार में सुधार कर दीर्घकालीन विकास, स्थिरता और विदेशी निवेश बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए भरोसा, तरलता, नए साधन और बेहतर जोखिम प्रबंधन जरूरी हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से बजट के नए अवसरों का लाभ उठाने और मिलकर बेहतर परिणाम देने की अपील की।

## प्रधानमंत्री...

पुडुचेरी खंड और एनएच-87 के परमाकुडी-रामनाथपुरम खंड के चार लेन के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। साथ ही तमिलनाडु में 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन होगा। शाम 4 बजे प्रधानमंत्री मदुरै के प्रसिद्ध अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर (तिरुप्परनकुंड्रम) में पूजा-अर्चना करेंगे।

पश्चिम बंगाल...

अधिक नाम हटाए गए। दूसरे चरण में 1.67 करोड़ मतदाताओं की सुनवाई की गई, जिनमें 1.36 करोड़ को तार्किक विसंगति और 31 लाख को मैपिंग की कमी के आधार पर चिन्हित किया गया था। करीब 60 लाख मतदाता अब भी विचाराधीन श्रेणी में हैं। आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया नियमित और आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। हालांकि राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में यह प्रक्रिया बड़ा चुनावी मुद्दा बन गई है। तृणमूल ने एसआईआर को पिछले दरवाजे से एनआरसी करार देते हुए इसका तीखा विरोध किया है। मुख्यमंत्री ममता बनराजी ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक आम नागरिक के रूप में याचिका दायर कर मांग की कि अगला विधानसभा चुनाव 2025 की मौजूदा मतदाता सूची के आधार पर कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम त्रुटियों के नाम पर हटाए गए हैं।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पुनरीक्षण प्रक्रिया का समर्थन करते हुए कहा है कि स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है और अवैध या दोहराव वाले नामों को हटाना आवश्यक है। दूसरी ओर सीपीआईएम और कांग्रेस ने प्रक्रिया के समय और तौर-तरीकों पर सवाल उठाए हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पहलू कथित तौर पर मताधिकार छिनने के डर से जुड़ी मौतों के आरोप रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि 4 नवंबर से शुरू हुई प्रक्रिया के बाद कम से कम 120 लोगों की मौत हुई, जिनमें कुछ मतदाता और बूथ-स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे øराजनीतिक लाभ के लिए डर फैलानेङ्क की कोशिश बताया है।

सीमा जिलों में विशेष रूप से मतुआ समुदाय और बांग्ला भाषी मुस्लिम आबादी के बीच दस्तावेजों को लेकर अनिश्चितता देखी गई है। 2002 के आंकड़ों से प्रविष्टियों को जोड़ने की शर्त ने कई लोगों में आशंका पैदा की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर नागरिकता निर्धारण की प्रक्रिया नहीं है और प्रभावित मतदाताओं के लिए अपील के विकल्प उपलब्ध हैं।

प्रशासनिक स्तर पर भी यह प्रक्रिया व्यापक रही। बूथ-स्तरीय अधिकारियों पर कार्यभार का दबाव, दस्तावेजों को लेकर भ्रम और विभिन्न जिलों में सुनवाई के दौरान अव्यवस्था के आरोप सामने आए। हालांकि व्यापक हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

चुनाव से लगभग दो महीने पहले प्रकाशित होने वाली यह सूची राजनीतिक दलों के बीच नए सिरे से तीखी बहस को जन्म दे सकती है। जहां तृणमूल कांग्रेस इसे øपहचान और गरीबों के अधिकारङ्क का मुद्दा बता रही है, वहीं भाजपा इसे øराष्ट्रीय सुरक्षा और स्वच्छ मतदाता सूचीङ्क के रूप में पेश कर रही है। ऐसे में शनिवार को जारी होने वाली वर्गीकृत मतदाता सूची केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आगामी 2026 विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की सियासत का निर्णायक बिंदु बन सकती है।

## लगातार...

संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। हुगली के हेड पोस्ट ऑफिस को शुक्रवार दोपहर धमकी भरा ई-मेल मिला। इसी परिसर में पासपोर्ट सेवा केंद्र भी स्थित है। इसके कुछ ही देर बाद श्रीरामपुर के महकमा डाकघर को भी इसी तरह का ई-मेल प्राप्त हुआ। प्रशासन ने तत्काल सेवाएं बंद कर भवन खाली कराया, जिससे कार्यालय में मौजूद लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। मौके पर पुलिस और बम निरोधक दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गया।

इसी क्रम में पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल पोस्ट ऑफिस, बांकुड़ा हेड पोस्ट ऑफिस और हावड़ा के मुख्य डाकघर को भी धमकी भरे संदेश मिले। हावड़ा में डाकघर के साथ न्यू कलेक्टरेट बिल्डिंग में भी बम की अफवाह फैल गई, जहां जिलाधिकारी कार्यालय सहित जिला प्रशासन के कई महत्वपूर्ण विभाग स्थित हैं। एहतियातन पूरे परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी ली गई।

धमकी भरे ई-मेल में दावा किया गया था कि øसायनाइड गैस से भरा आरडीएक्स बम दोपहर 12:10 बजे पासपोर्ट कार्यालय में विस्फोट करेगा। 11 बजे के भीतर सभी को बाहर निकाल लें। गुरुवार को पुलिस-प्रशासन की सक्रियता की परीक्षा ली गई थी, आज यह परीक्षा नहीं होगी।ङ्क ई-मेल की सूचना मिलते ही कर्मचारियों और आम लोगों में भय का माहौल फैल गया। हालांकि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार का विस्फोट नहीं हुआ।

पुलिस ने स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते की मदद से सभी स्थानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला फर्जी धमकी का प्रतीत होता है, फिर भी सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

उल्लेखनीय है कि, मंगलवार से लगातार चार दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में बम धमकी के ई-मेल भेजे जा रहे हैं। दो दिन पहले कोलकाता के कई अदालतों को उड़ाने की धमकी दी गई थी। बुधवार को अन्य जिलों की अदालतों को निशाना बनाया गया। हर बार परिसर खाली कराकर तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

कोलकाता के पासपोर्ट कार्यालय को भी गुरुवार इसी तरह का ई-मेल मिला था। पूरे मामले की जांच कोलकाता पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) को सौंप दी गई है। जांच एजेंसियां लगातार फर्जी धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति या गिरोह की पहचान करने में जुटी हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तुरंत जानकारी प्रशासन को दें।

## प्रकरणों...

पत्र में आगे कहा गया है कि शासन के संज्ञान में आया है कि उत्तर प्रदेश में सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (यथासंशोधित) नियमावली 1974 के अंतर्गत आने वाले अनेक कारणों से अनावश्यक विलंब हो रहा है। जिससे उक्त नियमावली की मूल भावना की पूर्ति न होने से इस व्यवस्था का लाभ संबंधित को ससमय प्राप्त नहीं हो पा रहा है । फलतः मृतक आश्रित परिवारों को आर्थिक संकट और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए निर्देशित किया जाता है कि नियमावली से आच्छादित ऐसे सभी प्रकरणों का निस्तारण विलंबतम तीन माह में पारदर्शिता साथ समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

बसपा विधायक...

लखनऊ, बलिया और सोनभद्र तक सीमित न रखकर कई अन्य जिलों तक फैला दिया है। जब्त किए गए दस्तावेजों के आधार पर विभाग अब विधायक की कंपनी 'छात्र शक्ति इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन' के पिछले कई वर्षों के दस्तावेज खंगाल रहा है। इन उलझे सवालों के बीच बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के पैतृक गांव खनवर के पुश्तैनी घर, पास ही स्थित फार्म हाउस और प्लांट समेत अन्य सहयोगियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम द्वारा लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी छापेमारी चल रही है। शुक्रवार को खनवर में उमाशंकर सिंह से जुड़ी कंपनी छात्रशक्ति इंफ्रा के प्लांट और दौलतपुर (नरही) में एक अन्य करीबी प्रवीण सिंह के घर लगातार तीसरे दिन आयकर की टीम जमी रही। दौलतपुर गांव से जुड़े सूत्रों ने बताया कि स्थानीय पुलिस का भारी पहरा प्रवीण सिंह के घर के आसपास लगा हुआ है। घर का फोटो लेने और परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य किसी को अंदर जाने की इजाजत नहीं है। इससे अंदाजा लगाना मुश्किल है कि घर के अंदर वास्तव में क्या चल रहा है। हालांकि, सूत्र बताते हैं कि प्रवीण सिंह के घर आयकर टीम को कैश मिला है। उधर, खनवर में छात्रशक्ति कम्पनी के प्लांट पर भी शुक्रवार को आयकर की टीम का आना-जाना लगा रहा।

क्रिकेटर...

किया, यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है। मजबूत बने रहें, मेरी प्रार्थनाएं आपके और आपके परिवार के साथ हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने लिखा, øभाई, आपके पिता के निधन की खबर से गहरा दुख हुआ। मेरी हार्दिक संवेदनाएं स्वीकार करें। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और आपको इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करें।

शिखर धवन ने कहा कि वह इस दुख की घड़ी में रिंकू और उनके परिवार के साथ हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने भी अपने संदेश में गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में उनकी प्रार्थनाएं रिंकू और उनके परिवार के साथ हैं।

रिंकू के पिता खानचंद सिंह अलीगढ़ में एलपीजी सिलेंडर वितरण का कार्य करते थे। क्रिकेट जगत से मिल रही भावभीनी श्रद्धांजलियों के बीच पूरा देश इस दुख की घड़ी में रिंकू सिंह और उनके परिवार के साथ खड़ा है।

## केंद्र ...

देना और बुनियादी सुविधाओं में सुधार करना है। यह निवेश झारखंड के दूरदराज के क्षेत्रों में जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।

## राष्ट्रपति...

प्रदर्शन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

मुर्मु ने 29 अक्टूबर 2025 को अंबाला (हरियाणा) स्थित वायु सेना स्टेशन से राफ़ेल विमान में उड़ान भरी थी। उन्होंने लगभग 30 मिनट की उड़ान में लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय की, उसके बाद वे वायु सेना स्टेशन लौट आईं। विमान को 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। विमान ने समुद्र तल से लगभग 15000 फीट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी। इससे पहले उन्होंने 2023 में सुखोई 30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। वायु सेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली वह भारत की पहली राष्ट्रपति हैं।

## दिल्ली...

ऐसा कोई सबूत नहीं है जो उनकी संलिप्तता को दर्शाता हो और न ही उनसे कोई बरामदगी की गई है। मामले में विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी की कथित आबकारी नीति से जुड़े मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपों से मुक्त कर दिया है। अदालत के इस फैसले का तृणमूल कांग्रेस ने स्वागत किया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद सकेत गोखले ने अदालत के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित था और विपक्षी नेताओं की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग किया, जो अब उजागर हो चुका है। लोकसभा में तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने भी अरविंद केजरीवाल को बधाई देते हुए भाजपा की कार्यप्रणाली की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को चुनाव से पहले निशाना बनाना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुकूल नहीं है। तृणमूल कांग्रेस लगातार यह आरोप लगाती रही है कि भाजपा चुनावी समय में केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं पर दबाव बनाने की कोशिश करती है।

तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष और पूर्व सांसद के. कविता ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। उन्होंने यह बयान उस समय दिया, जब दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में उन्हें बरी कर दिया। आबकारी नीति से जुड़े इस बहुचर्चित मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की पुत्री के रूप में आरोपों का सामना कर रहीं कविता को अदालत से राहत मिलने के बाद उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए 'सत्यमेव जयते' कहा।

मीडिया से बातचीत में कविता ने दावा किया कि पूरा मामला राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन्हें फंसाने की साजिश था। उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही उन्होंने तेलंगाना की जनता से भरोसा जताया था कि सच की जीत होगी और वह बेदाग साबित होंगी। कविता ने कहा, मैं लगातार कहती रही हूं कि मैं धुले हुए मोती की तरह बाहर निकलूंगी और आज सच सामने आ गया है। इस मामले के कारण मुझे और मेरे परिवार को कई महीनों तक मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया और अदालत के फैसले से पहले ही उनके खिलाफ गलत धारणाएं बनाई गईं। अदालत का फैसला आने के बाद कविता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी 'सत्यमेव जयते' लिखकर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कठिन समय में साथ देने वाले समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार जताते हुए कहा कि अब वह पहले से अधिक ऊर्ज़ा के साथ जनता की सेवा करेंगी।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब नीति मामले में अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कुल 23 आरोपियों को बरी किया है, जिनमें के. कविता भी शामिल हैं।

इस मामले में के. कविता को 15 मार्च 2024 को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था और उन्हें करीब पांच महीने यानी 165 दिनों तक जेल में रहना पड़ा। वह इस प्रकरण में जेल जाने वाली एकमात्र महिला आरोपित थीं।

पूर्व में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से जुड़ी रहीं कें. कविता को यह राहत ऐसे समय मिली है, जब वह तेलंगाना जागृति के माध्यम से राज्य की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## ईडी और सीबीआई...

इसमें मुकदमा तक नहीं चलाया जा सकता है।

केजरीवाल ने आआपा के राष्ट्रीय कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा, 'मैं कोई नेता नहीं हूं, जो मुझ पर फर्क न पड़े बल्कि मुझे जब कोई बेईमान कहता है, मेरे परिवार को ताने मारे जाते हैं तो मुझे फर्क पड़ता है। मैंने तय किया था कि जब तक मुझे पूरे देश के सामने ईमानदार साबित नहीं किया जाता, तब तक मैं चुप रहूंगा। आज मेरे दिल से बहुत बड़ा बोझ उतर गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल को नहीं हरा सकते थे, इसलिए केजरीवाल की ईमानदारी पर चोट करने के लिए षड्यंत्र रचा गया। आज कोर्ट के फैसले से साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और आआपा कट्टर ईमानदार है। अब उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि हमारे परिवार ने बहुत कुछ भुगता है लेकिन हमारे लिए परिवार नहीं, दिल्ली के लोग जरूरी हैं। इस षड्यंत्र का खामियाजा दिल्ली के 3 करोड़ लोग भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस फर्जी घोटाले को सही साबित करने के लिए सभी जांच एजेंसियों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया लेकिन एक पैसे का भी भ्रष्टाचार साबित नहीं कर पाई। आज कोर्ट में साबित हो गया कि यह पूरा षड्यंत्र आआपा और उसके नेताओं को बदनाम करने के लिए रचा गया था।

## सबूतों के अभाव ...

भाजपा के नेता हर समय सबूतों को नष्ट करने के बात कहते रहे। आआपा नेताओं की सच्चाई दिल्ली की जनता जानती है, इसलिए उन्होंने सजा देकर आआपा को सत्ता से बाहर किया।

तिवारी ने कहा कि कानून को सबूत नष्ट करके ज्यादा देर तक भ्रमित नहीं कर सकते हैं। सीबीआई उच्च अदालत जा रही है और दिल्ली को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों को सजा जरूर मिलेगी। अगर आबकारी नीति में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ था तो उसे केजरीवाल ने हटाया क्यों ? उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले में केजरीवाल को मुख्यमंत्री के तौर पर फाइलों पर साइन करने से रोक था। दिल्ली की जनता केजरीवाल की सच्चाई जानती है।

## अदालत...

और पिंटू चौहान को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई। सजा सुनते ही बौखलाए जयदीप व पिंटू चौहान ने आपा खोते हुए एडीजे निपेंद्र कुमार को हत्या करने की धमकी भरी अदालत में दे दी । इस घटना के बाद एडीजे निजेंद्र कुमार ने शासन, डीजीपी, जिला जज सहित उच्च अधिकारियों को कोर्ट में सुरक्षा उपलब्ध करने के लिए पत्र लिखा है। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कोर्ट तथा जज के आवास पर पहले से ही सुरक्षा रहती है अब दोषियों की धमकी बाद अतिरिक्त सुरक्षा लगा दी गई है

# बिहार विधानसभा में धर्म परिवर्तन पर कड़े कानून की मांग, सरकार ने फिलहाल प्रस्ताव से किया इनकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में धर्म परिवर्तन को लेकर कड़ा कानून बनाने की मांग उठी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सत्तापक्ष के कई विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए राज्य में धर्मांतरण पर नियंत्रण के लिए सख्त कानून लागू करने की मांग की।

इस मुद्दे को उठाने वालों में मिथिलेश तिवारी, वीरेंद्र कुमार जनक सिंह, संजय कुमार सिंह, जीवेश कुमार मिश्रा सहित कुल 18 विधायक शामिल थे। सदस्यों ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून लागू हैं, जहां धोखाधड़ी, प्रलोभन या बाल विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने पर कठोर सजा का प्रावधान है। विधायकों ने दावा किया कि बिहार में ईसाई और मुस्लिम आबादी में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है तथा राज्य में बड़ी संख्या में चर्च स्थापित हुए हैं। सीमावर्ती जिलों में जनसंख्या संरचना में बदलाव की बात कहते हुए उन्होंने धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर चिंता जताई और कहौ कि बिहार में 5000 से अधिक चर्च की स्थापना हो चुकी है। ईसाइयों का राष्ट्रीय स्तर पर ग्रोथ रेट 15.5 प्रतिशत है, जबकि बिहार में 143.23 प्रतिशत है। भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बक्सर जिले में बड़ी संख्या में (लगभग 1000) दलित परिवारों ने धर्म परिवर्तन किया है तथा सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों (कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया) का डेमोग्राफी चेंज हो गया है। इसलिए इस कानून की जरूरत है, सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जाले से भाजपा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा ने धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण लाभ मिलने के मुद्दे को उठाते हुए इस पर स्पष्ट कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता बताई। वहीं विधायक संजय सिंह ने धर्मांतरण को गंभीर राष्ट्रीय विषय बताते हुए कड़े कानून की मांग दोहराई। हालांकि, सरकार की ओर से जवाब देते हुए पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि फिलहाल राज्य सरकार के पास धर्म परिवर्तन को लेकर कोई नया कानून लाने का प्रस्ताव नहीं है। मंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि विषय को नियमन दे दिया गया है और सरकार आवश्यकता अनुसार इसकी समीक्षा करेगी।

# कला और परंपरा का भव्य संगम: मंडी हाउस में सजेगा 'दिल्ली कला उत्सव'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली में संस्कार भारती दिल्ली सरकार के सहयोग से 28 फरवरी और 1 मार्च को मंडी हाउस स्थित रवींद्र भवन में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'दिल्ली कला उत्सव' का आयोजन करेगा। उत्सव का उद्देश्य भारतीय कला, संस्कृति और परंपरा की विविध धाराओं को एक मंच पर प्रस्तुत करना है, जहां ख्यातिप्राप्त कलाकारों के साथ-साथ नवोदित प्रतिभाओं को भी अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा। मंडी हाउस में आयोजित हो रहा यह 'दिल्ली कला उत्सव' का तीसरा संस्करण है, जिसे पूर्व वर्षों में व्यापक सराहना प्राप्त हुई है। आयोजकों के अनुसार यह उत्सव भारतीय कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से समर्पित है। इसमें शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, संगीत और गायन प्रस्तुतियां, नाट्य मंचन, कवि सम्मेलन, चित्रकला एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी सहित अनेक पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में कठपुतली कला बायस्कोप कुम्हार कला प्रदर्शन, पारंपरिक शिल्पकारों की सहभागिता बहुरूपिया जादू कला लाख की चूड़ियां लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां तथा पुस्तकों के स्टॉल शामिल हैं। इस वर्ष उत्सव में 'दिल्ली-6' के पारंपरिक व्यंजन भी विशेष आकर्षण रहेंगे जहां आगंतुक सामान्य शुल्क पर पुरानी दिल्ली के प्रामाणिक स्वाद का आनंद ले सकेंगे। आयोजकों का कहना है कि कला के साथ-साथ सांस्कृतिक खान-पान का अनुभव भी इस आयोजन को विशिष्ट बनाता है।

# मुख्यमंत्री ने सरकार के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड किया साझा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के बेगम विहार में जनसभा करके पिछले एक वर्ष में सरकार के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड साझा किया।

उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट करते हुए कहा कि वर्षों तक यह क्षेत्र पिछली सरकारों की उपेक्षा का शिकार रहा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने पिछले एक वर्ष में अंत्योदय के संकल्प के साथ उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में सड़क, पानी, सीवरेज, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास को तेज गति दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली बदल रही है, प्रगति कर रही है और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है। यह सब आपके एक वोट की ताकत से संभव हुआ है। इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चंदोलिया, कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, विधायक एवं ग्राम विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज कुमार चौहान, विधायक कुलवंत राणा, राजकरण खत्री, अहीर दीपक चौधरी, गजेंद्र दराल उपस्थिति रहे।

# पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर अभाविप ने जारी किया घोषणा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन को केंद्र में रखते हुए अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में छात्र कल्याण, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा परिसर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है।

घोषणा पत्र जारी करते हुए अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि परिषद हमेशा से छात्र हितों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र केवल चुनावी वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि पटना विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, सुरक्षित वातावरण और आधुनिक सुविधाओं से युक्त संस्थान बनाने का संकल्प है। उन्होंने भरोसा जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर सभी प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में अभाविप के प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह, क्षेत्रीय मीडिया संयोजक रविकरण कुमार सहित छात्रसंघ चुनाव में अभाविप समर्थित उम्मीदवार मौजूद रहे। अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनुष्का कुमारी, उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार गुंजेश कुमार, महासचिव पद की उम्मीदवार प्रिया सिंह, संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार अभिषेक कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हर्षवर्धन ने संयुक्त रूप से घोषणा पत्र जारी किया। अभाविप के नेताओं एवं उम्मीदवारों ने छात्र-छात्राओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि छात्र हित, पारदर्शिता, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आधार बनाकर तैयार किया गया यह घोषणा पत्र विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परिषद ने विश्वास जताया कि विद्यार्थियों के सहयोग से पटना विश्वविद्यालय में सकारात्मक और रचनात्मक बदलाव संभव होगा।

# कपूरथला जिले में दो महीनों में अवारा कुत्तों के काटने के 523 मामले सामने आए

फागवाड़ा। पंजाब के जिला कपूरथला में पिछले दो महीनों में कुत्ते के काटने के 530 से अधिक मामले सामने आने के साथ, जिले में , विशेष तौर पर फगवाड़ा, आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे को लेकर जनता की चिंता बढ़ रही है, जबकि पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम को अभी तक जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले भर में सैकड़ों निवासियों ने कुत्ते के काटने की घटनाओं के बाद उपचार कराया है, जिनमें से बड़ी संख्या में मामले फगवाड़ा कस्बे और उसके आसपास के इलाकों से सामने आए हैं। सिविल अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, पीड़ितों में बच्चे, बुजुर्ग निवासी और दैनिक यात्री शामिल हैं, जिनमें से कई को रेबीज रोधी टीकाकरण और आगे के उपचार की आवश्यकता है।

# एयरएशिया की अमृतसर-कुआलालंपुर उड़ानें 28 मार्च से होंगी दैनिक: गुमटाला

अमृतसर। पंजाब से अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, मलेशिया स्थित एयरलाइन एयरएशिया 28 मार्च, 2026 से ग्रीष्मकालीन समय-सारणी के तहत अपनी अमृतसर-कुआलालंपुर सेवा को सप्ताह में चार उड़ानों से बढ़ाकर दैनिक कर देगी। इस विकास को साझा करते हुए, शुक्रवार को 'फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव के संयोजक (भारत) और अमृतसर विकास मंच के महासचिव योगेश कामरा, तथा 'फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव' (यूएसए) के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने याद दिलाया कि अगस्त 2018 में एयरएशिया की उड़ानों की शुरुआती शुरुआत इनिशिएटिव के नेताओं द्वारा एयरलाइन के साथ विस्तृत आंकड़े साझा करने का सीधा परिणाम थी।

# फागुन की आहट के साथ स्वदेशी परिधानों की बढ़ी मांग, होली बाजार में खादी-कुर्ता की डिमांड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। फागुन की आहट के साथ शहर के बाजारों में उल्लास का रंग चढ़ने लगा है। इस बार की होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि स्वदेशी हुनर की झलक भी पेश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान का असर स्थानीय बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है। ग्राहक स्वदेशी वस्त्रों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

परंपरागत रूप से होली में सफ़ेद कुर्ता-पायजामा, धोती-कुर्ता और सूती साड़ी पहनने का रिवाज रहा है, जो आज भी कायम है। हालांकि गांवों के युवा भी अब शहरों की तरह स्टाइलिश और डिजाइनर कपड़ों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस बार बाजार में पारंपरिक परिधानों के साथ-साथ होली थीम वाले प्रिंटेड टी-शर्ट, डिजाइनर कुर्ते और इंडो-वेस्टर्न ड्रेस की मांग भी बढ़ी है। दुकानों में लिनन, लेटेस्ट रेंज की कुर्तियां, डिजाइनर सूट, सेमी गरारा लुक वाले सूट, मैक्सी गाउन, नेट, शिफॉन और जॉर्जेट के कपड़े सजे हैं। युवतियों के बीच सलमा-सितारा जड़ी कुर्तियां और प्लाजो पहली पसंद बन रही हैं, वहीं युवाओं में खादी जैकेट और कुर्ता-पायजामा का क्रेज बढ़ा है।

शनिचर बाजार में खरीदारी कर रहीं प्रियंका और सीमा कुमारी ने बताया कि उन्होंने 600 रुपये की दर से कॉटन साड़ी खरीदी है। मेन रोड पर खरीदारी कर रहे प्रियांशु कुमार ने बताया कि होली खेलने के लिए 210 रुपये का प्रिंटेड टी-शर्ट और शाम के लिए 600 रुपये का डिजाइनर सफ़ेद कुर्ता-पायजामा लिया है। व्यवसायी गोपाल ने बताया कि स्टोन और जरदोसी वर्क वाली डिजाइनर कुर्तियां महिलाओं की पहली पसंद हैं, जिनकी कीमत 1000 रुपये से अधिक है। कम कीमत में आकर्षक साड़ियां और लखनवी कुर्ता भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। रेडीमेड दुकानों में 250 से 2500 रुपये तक की जींस उपलब्ध है, जबकि गाउन फ्रॉक 2000 रुपये से शुरू हो रहे हैं। युवाओं में कुर्ता-पायजामा की मांग भी काफी है। हालांकि, महंगाई का असर कपड़ों की कीमतों पर साफ नजर आ रहा है, फिर भी त्योहार की उमंग के आगे बजट की चिंता फीकी पड़ती दिख रही है।

# बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र का समापन, 1024 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कुल 19 बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें विभिन्न विधायी एवं संसदीय गतिविधियों पर चर्चा हुई। सत्र के दौरान कुल 1190 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 1024 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। कुल 273 प्रश्नों का उत्तर सदन में प्रस्तुत किया गया। शेष प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुरोध किया गया है। सदस्यों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की और अधिकारियों से समाधान की मांग की। ध्यानाकर्षण के लिए कुल 179 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 103 सूचनाएं सदन के कार्यक्रम में लाने के लिए स्वीकृत की गईं। इनमें से 80 सूचनाओं का उत्तर दिया गया, जबकि 7 सूचनाएं व्यपगत हुईं। 15 सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द की गईं। शून्यकाल के दौरान कुल 157 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 67 स्वीकृत और 90 अस्वीकृत रहीं। 7 सूचनाएं व्यपगत हुईं और 13 स्वीकृत सूचनाओं को शून्यकाल समिति के विचारार्थ सुपुर्द किया गया। निवेदनों के क्षेत्र में कुल 245 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 232 स्वीकृत हुईं। सभी स्वीकृत निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त, अल्पसूचित प्रश्नों के लिए नेवा द्वारा 488 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 420 स्वीकृत कर विभाग को भेजी गईं।

# मायादेवी मंदिर में संतों ने रंगभरी एकादशी पर पंचगव्य से खेली होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर में शुकवार को रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, धूमधाम से मनाई गई। स्वामी राजेश्वरानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व श्री निरंजनी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन में देश भर से आए साधु-संतों ने पंचगव्य से होली खेलकर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, भगवान शिव व माता पार्वती से विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि महाराज का चादर विधि से अभिषेक किया गया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि हरिद्वार धर्म भूमि उत्तराखंड का द्वार है। हरिद्वार का अर्थ हरि व हर यानि भगवान विष्णु व भगवान शिव के द्वार से है। यहां पूजा-अर्चना करने से भगवान विष्णु व भगवान शिव तक पहुंचने का द्वार खुल जाता है। भगवान बद्रीनाथ, भगवान केदारनाथ गंगोत्री व यमुनोत्री ये चार धाम आंनद, मुक्ति व मोक्ष के द्वार हैं। ऐसी पवित्र नगरी में भगवान की कृपा से ही रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, मनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि महाराज की सनातन धर्म को मजबूत करने व सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में फहराने की यात्रा रंगभरी एकादशी से हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर से शुरू होना भगवान का आशीर्वाद ही है। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि रगभरी एकादशी का बहुत अधिक महत्व है, क्योंकि यह पर्व भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव को भी समर्पित है। भगवान शिव विवाह के बाद माता पार्वती के साथ इस दिन ही काशी पहुंचे थे, जहां उनके स्वागत में समस्त शिवगणों, देवताओं और काशीवासियों ने अबीर और गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाया था। तभी से काशी में रंगभरी एकादशी की बहुत अधिक धूम रहती है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर हरि चेतनानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर शैलेंद्रानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर आनंदेश्वरानंद गिरि महाराज, जूना अखाड़े के महामंत्री श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, महामंत्री श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, सचिव दिल्ली संत महामंडल के संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज, सचिव महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, थानापति ज्वाला गिरि महाराज, मायादेवी मंदिर के पुजारी भास्कर पुरी महाराज, निर्वाण मंत्री साध्वी शैलजा गिरि महाराज आदि भी मौजूद रहे।

# जेएनयू में हिंसक प्रदर्शन पर पुलिस का एक्शन जेएनयूएसयू अध्यक्ष समेत 14 छात्र गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में गुरुवार को छात्रसंघ की ओर से शिक्षा मंत्रालय तक निकाले गए मार्च के बाद विवाद गहरा गया है। छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) और जेएनयू छात्रसंघ ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने बल प्रयोग किया और 51 छात्रों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने इस ममले में मुकदमा दर्ज कर 14 छात्रों को गिरफ्तार किया है। इन छात्रों में छात्रसंघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, पूर्व अध्यक्ष और आइसा की अखिल भारतीय अध्यक्ष भी शामिल हैं। इसे लेकर छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर से वसंत कुंज थाने तक पैदल मार्च निकाल कर साथियों की रिहाई की मांग की। छात्रसंघ के अनुसार 26 फरवरी को यह लंबा मार्च कई मांगों को लेकर बुलाया गया था। इनमें रोहित कानून के अनुरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम लागू करने, कुलपति द्वारा दिए गए कथित जातिगत बयान पर माफी और इस्तीफा, तथा सरकारी शिक्षण संस्थानों के लिए धनराशि बढ़ाने की मांग शामिल थी। छात्रों का कहना है कि ये मुद्दे समान अवसर और सामाजिक न्याय से जुड़े हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन उनकी बात सुनने के बजाय दमन का रास्ता अपना रहा है।

आइसा और छात्रसंघ का दावा है कि सैकड़ों छात्रों के शांतिपूर्ण जुटान के बावजूद पुलिस ने बल प्रयोग किया। कई छात्रों को चोटें आईं और कुछ को 14 घंटे से अधिक समय तक थाने में बैठाकर रखा गया। मामले में छात्रसंघ अध्यक्ष अदिति मिश्रा, संयुक्त सचिव दानिश अली, उपाध्यक्ष गोपिका और नितेश समेत 14 छात्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि जेएनयू परिसर के बाद मार्च करने की अनुमति छात्रों के पास नहीं थी। इसके बावजूद दोपहर करीब 3:20 बजे 400-500 छात्र मुख्य द्वार से बाहर निकल कर मार्च करने लगे। पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को नुकसान पहुंचाया गया। इस दौरान प्रदर्शन उग्र हो गया और कुछ छात्रों ने बैनर, डंडे और जूते फेंके। आरोप है कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। हंगामे में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जेएनयू के नॉर्थ गेट पर रोक लिया और धीरे-धीरे उन्हें वापस परिसर के अंदर भेजा। जो छात्र उग्र हो गए थे और वैधानिक आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और मामले की आगे जांच की जा रही है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063